जबलपुर
बुधवार, 13 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष–04
वर्ष : 20, अंक : 105
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## डिजिटल हेल्थ सेवाओं में बड़ी उपलब्धि
### 79.91 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट्स बने

**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने देशभर में 79.91 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट्स बनाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने आज मंगलवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी। इस मिशन का उद्देश्य एक मजबूत डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम बनाना है।






केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने संसद में स्पष्ट किया

# केंद्र सरकार के पास गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं

**अनुच्छेद 246(3) के तहत पशुओं के संरक्षण से जुड़े कानून बनाने का अधिकार पूरी तरह राज्य विधानमंडलों के पास**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने को लेकर समय-समय पर उठने वाली मांगों और राजनीतिक बहसों पर संसद में केंद्र सरकार ने अपना रुख बेहद साफ शब्दों में रख दिया। लोकसभा में हुई कार्यवाही के दौरान केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने इस विषय पर स्थिति स्पष्ट कर दी। उन्होंने अनुच्छेद 246(3) का उल्लेख करते हुए कहा कि पशुओं के संरक्षण से जुड़े कानून बनाने का अधिकार पूरी तरह राज्य विधानमंडलों के पास है, और फिलहाल केंद्र के पास गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। बघेल ने बताया कि केंद्र सरकार ने दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू किया हुआ है। इस योजना का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों को मजबूत करना है ताकि गायों का संरक्षण, संवर्धन और पालन-पोषण बेहतर तरीके से किया जा सके। इसके तहत देशभर में देसी नस्ल की गायों के संरक्षण, डेयरी उत्पादन बढ़ाने और पशुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। केंद्र का यह बयान न केवल इस मुद्दे पर चल रही चर्चाओं को दिशा देता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि आने वाले समय में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का रास्ता राजनीतिक से ज्यादा संवैधानिक और कानूनी होगा।

### दूध उत्पादन में गाय का बड़ा योगदान



संसद में पेश आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में देश में कुल 239.30 मिलियन टन दूध का उत्पादन हुआ। इसमें गाय के दूध का योगदान 53.12% रहा, जबकि भैंस के दूध का हिस्सा 43.62% था। यह आंकड़े बताते हैं कि भारत के डेयरी सेक्टर में गाय का महत्व बेहद अहम है।

### गाय पर फैसला राज्यों के हाथ में

गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग समय-समय पर विभिन्न संगठनों और समूहों द्वारा उठाई जाती रही है। लेकिन केंद्र ने साफ कर दिया है कि इस विषय पर फैसला लेना राज्यों का अधिकार है। ऐसे में, मौजूदा संवैधानिक ढांचे के तहत केंद्र के पास सीधे कानून बनाने का अधिकार नहीं है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 8 साल में सबसे कम खुदरा महंगाई दर




**नई दिल्ली।** आम जनता के लिए सबसे बड़ी खबर आई है। खुदरा महंगाई में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है, यह 8 साल के निचले स्तर पर चला गया है। जुलाई के दौरान महंगाई दर घटकर 1.55 फीसदी पर आ चुकी है। जबकि जून 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.1% रही थी। वहीं मई 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.82% दर्ज की गई थी। जुलाई के दौरान 1.55 फीसदी रही।

### कार्गो विमान के इंजन में लगी आग, सुरक्षित लैंडिंग



**नई दिल्ली।** चेन्नई में मंगलवार को एक कार्गो विमान के इंजन में अचानक आग गई। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया। विमान के उतरने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। ये विमान मलेशिया के कुलालुंपुर शहर से आ रहा था।

### 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे देश भर के 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को संसद को दी गई। रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी-ग्रामीण डिजिटल अंतर को समाप्त करना है।

मप्र में सरकारी भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 13% पद होल्ड होने का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार से पूछा- ओबीसी के 13% होल्ड पदों पर 6 साल में क्या किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सरकारी भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 13% पद होल्ड होने के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार से जवाब-तलब किया।

ओबीसी महासभा के वकील वरुण ठाकुर ने बताया कि कोर्ट ने कहा है कि ओबीसी के 13% होल्ड पदों पर 6 साल में सरकार ने क्या किया? ठाकुर ने बताया- याचिका एमपीपीएससी के चयनित अभ्यर्थियों ने लगाई है, जिनको नियुक्ति नहीं दी जा रही है। मामले में मध्यप्रदेश सरकार ने 29 सितंबर 2022 को एक नोटिफिकेशन जारी किया था, इसे कोर्ट में चैलेंज किया गया है। सरकार ने कोर्ट में कहा था कि हम भी रिजर्वेशन देना चाहते हैं। ऐसे में ऑर्डिनेंस पर जो स्टे है, उसे वैकेट किया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा- सबसे बड़ी बात ये है कि मप्र सरकार के जो जनप्रतिनिधि कहते हैं कि हम ओबीसी को 27% आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उनके वकील सुनवाई में तब पहुंचते हैं, जब ऑर्डर डिक्टेट हो जाता है। फिर ये नेता कहते हैं कि ऑर्डिनेंस पर स्टे वैकेट नहीं होने से प्रशासनिक परेशानियां आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के चयनित अभ्यर्थियों की तरफ से कोर्ट के सामने पक्ष रखा।

**इस मामले की सुनवाई 23 सितंबर से रोजाना होगी**

*कोर्ट ने कहा कि मप्र सरकार के वकील सुनवाई में तब पहुंचते हैं, जब ऑर्डर डिक्टेट हो जाता है। फिर भी कहते हैं कि ऑर्डिनेंस पर स्टे वैकेट नहीं होने से प्रशासनिक परेशानियां आ रही हैं*

» **याचिका एमपीपीएससी के चयनित अभ्यर्थियों ने लगाई है, जिनको नियुक्ति नहीं दी जा रही है**

» **सरकार ने कोर्ट में कहा था कि हम भी रिजर्वेशन देना चाहते हैं। ऐसे में ऑर्डिनेंस पर जो स्टे है, उसे वैकेट किया जाए**

### हाईकोर्ट ने आरक्षण सीमा 14% तक सीमित की थी




मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 4 मई 2022 के अंतरिम आदेश में ओबीसी आरक्षण की सीमा 14% तक सीमित कर दी थी। इसके बाद से यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। 5 अगस्त को हुई सुनवाई में ओबीसी महासभा की ओर से कहा गया था कि परीक्षा के बाद भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन नियुक्ति नहीं दी जा रही है।

### 22 जुलाई को सरकार ने मांगी थी राहत

**कहा था- 58% आरक्षण को को मान्यता दी जाए**

इस मामले में 22 जुलाई को हुई सुनवाई में मध्यप्रदेश सरकार ने राहत की मांग की थी। सरकार की ओर से कहा गया था कि जैसे छत्तीसगढ़ में 58% आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट ने मान्यता दी है, वैसे ही मप्र को भी राहत दी जाए, ताकि भर्ती प्रक्रिया पूरी हो सके। ओबीसी पक्षकार ने भी एक्ट को लागू करने की मांग की थी जबकि अनारक्षित पक्ष ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि मप्र और छत्तीसगढ़ के मामलों में अंतर है।

**सरकार के आदेश पर स्टे हटाने की मांग**

मध्यप्रदेश सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दी गई जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 2019 में ओबीसी को 27% आरक्षण देने का बिल पारित हुआ था। उसके बाद जब 27% ओबीसी आरक्षण के क्रियान्वयन आदेश जारी हुए तो 4 मई 2022 में अभ्यर्थी शिवम गौतम ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने ओबीसी को 27% आरक्षण के क्रियान्वयन आदेश पर स्टे दे दिया। इसके साथ ही राज्य सरकार के संशोधित कानून और नियम पर रोक लगा दी गई थी। इन संशोधनों से आरक्षण की कुल सीमा 73% तक पहुंच रही थी।

**मुख्यमंत्री ने दोहराई 27% आरक्षण देने की प्रतिबद्धता**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले ही विधानसभा में स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश सरकार 27% ओबीसी आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाया और कमजोर तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विभागों में स्थगन आदेश नहीं है, वहां पहले ही 27% आरक्षण लागू कर दिया गया है और जहां मामला अदालत में लंबित है, वहां भी सरकार लिखित रूप से 27% आरक्षण देने की बात दर्ज करा रही है।

*146 सांसदों की ओर से न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का आया था प्रस्ताव*

# लोकसभा अध्यक्ष ने जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव स्वीकार किया

**3 सदस्यीय समिति गठित**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के नोटिस को स्वीकार कर लिया। उन्होंने जज के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित की।

लोकसभा में यह ऐलान करते हुए ओम बिरला ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए, क्योंकि उनके खिलाफ लगे आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस जांच समिति में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल हैं।

**बिरला बोले- केस से जुड़े तथ्य भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं**

बिरला ने कहा कि बेदाग चरित्र, वित्तीय और बौद्धिक ईमानदारी न्यायपालिका में एक आम व्यक्ति के विश्वास की नींव है। उन्होंने कहा कि मौजूदा मामले से जुड़े तथ्य भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124, अनुच्छेद 217 और अनुच्छेद 218 के अनुसार कार्रवाई के योग्य हैं। संसद को इस मुद्दे पर एक स्वर में बोलने की जरूरत है। इस देश के प्रत्येक नागरिक को भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की अपनी प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश देना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3(2) के अनुसार न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है।

**क्या है मामला ?:** यह मामला 14 मार्च को उनके दिल्ली स्थित आवास पर आग लगने के दौरान दमकल की गाड़ियों की ओर से कथित तौर पर नकदी पाए जाने के बाद सामने आया था, जब वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। न्यायाधीश अपने घर पर मौजूद नहीं थे। 28 जुलाई को एक सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए कई सवाल पूछे थे।

100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले

## बैंक में 15 करोड़ की लूट करने वालों का सुराग नहीं



■ बदमाश हाइवे के रास्ते ही हुए फरार

**जबलपुर।** सिहोरा के इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में हुई लूट मामले में 24 घंटे बीत जाने के बावजूद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। स्मॉल फाइनेंस बैंक में घुसे 5 बदमाश 15 करोड़ का सोना लेकर फरार हो गए लेकिन अपने पीछे कोई भी सुराग नहीं छोड़ा। खितौला तिराहे पर स्थित स्मॉल फाइनेंस बैंक में डकैतों ने पूरी योजनाबद्ध तरीके से अपनी वारदात को अंजाम दिया था। शातिर बदमाशों ने वारदात के दौरान केवल हेलमेट ही नहीं पहना था।

130 किमी दूर सवाई माधोपुर में घुसी

## कूनो पार्क की मादा चीता ज्वाला राजस्थान पहुंची



■ ज्वाला के गले में रेडियो कॉलर

**भरतपुर।** कूनो नेशनल पार्क की मादा चीता ज्वाला एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार उसने सीमाएं पार करते हुए राजस्थान का रुख किया करीब 130 किलोमीटर का सफर तय कर वह सवाई माधोपुर जिले के बालेर गांव मे घुस गई। यह इलाका मप्र के श्योपुर जिले से बिल्कुल सटा हुआ है। और रणथंभौर टाइगर रिजर्व के दायरे में आता है। जब गांव वालों ने बकरी के बाड़े में ज्वाला को देखा तब वह वह एक बकरी का शिकार भी कर चुकी थी।

राजगढ़ के एक स्कूल में शर्मनाक मामला

## छात्रों ने क्लास में एलईडी पर देखी अश्लील फिल्म




■ वीडियो भी बनाया, प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

**राजगढ़।** जिले के सुठालिया में पीएम श्री स्कूल में कुछ छात्रों ने क्लास के दौरान एलईडी स्क्रीन पर अश्लील फिल्म चला दी। इस दौरान बाकी छात्र कुर्सियों पर बैठकर फिल्म देख रहे थे। इनमें से एक छात्र ने इसका वीडियो बना लिया। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल होने के लोगों ने इस पर विरोध जताया। मामला पुलिस और प्रशासन तक भी पहुंचा।

पीएम मोदी और जेपी नड्डा पर उम्मीदवार चयन का जिम्मा छोड़ा गया है

# एनडीए गठबंधन जल्द घोषित कर सकता है उपराष्ट्रपति पद के लिए 'अपना' उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के अगले उपराष्ट्रपति कौन होंगे? इस बात की चर्चा उसी दिन से शुरू हो गई है, जिस दिन जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया था। इंडी गठबंधन की ओर से अभी तक यह नहीं बताया गया है कि उनका उम्मीदवार कौन होगा। इस बीच, एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा जल्दी ही की जा सकती है।

**उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव होगा**


फाइल फोटो

### 4 लोगों के चल रहे हैं नाम

हालांकि, इसे लेकर सरकार या सहयोगी दलों की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है। लेकिन, हाल ही में एनडीए की बैठक हुई थी, जिसमें पीएम मोदी और जेपी नड्डा पर उम्मीदवार चयन का जिम्मा छोड़ा गया है। 7 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुआई में एनडीए की बैठक हुई थी। बता दें, उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव होगा। धनखड़ के इस्तीफे के बाद अगले उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार को लेकर कई नामों की चर्चा चल रही है।

फर्जी प्रमाण जाति प्रमाण पत्र का मामला

# मप्र एसटीएफ ने की 25 कर्मचारियों और अधिकारियों पर एफआईआर

**अधिकांश फर्जी जाति प्रमाण पत्र ग्वालियर, भिंड, मुरैना से जारी हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



यहां फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी पाने के मामले में मप्र एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने बड़ी कार्रवाई की है।

प्रदेशभर में 25 कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ग्वालियर में तीन डॉक्टर और एक इंजीनियर पर भी एफआईआर की गई है, जिन्होंने फर्जी जाति प्रमाण पत्र का उपयोग कर नौकरी हासिल की थी। जयारोग्य अस्पताल के तीन डॉक्टर, डॉ. विनोद मांझी, डॉ. दिनेश मांझी और डॉ. सुमन मांझी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। इसके अलावा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रजनीश कुमार का नाम भी इस सूची में शामिल है।

जांच में पाया गया कि ये फर्जी जाति प्रमाण पत्र ग्वालियर से बनवाए गए थे। एसटीएफ की तरफ से दर्ज एफआईआर में इंदौर, शाजापुर, विदिशा, होशंगाबाद और बैतूल में पदस्थ अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। इस मामले में शिकायत गौरीशंकर राजपूत द्वारा की गई थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है।

### कन्वेक्टिव एक्टीविटीज (संवहनीय गतिविधि) का अर्थ

वायुमंडल में होने वाली संवहन प्रक्रिया, जो आमतौर पर बादल, बारिश, तूफान, और अन्य मौसम की घटनाओं का कारण बनती है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें गर्म, हल्की हवा ऊपर उठती है और ठंडी, भारी हवा नीचे उतरती है, जिससे एक चक्र बनता है। संवहनीय गतिविधि वायुमंडल में तापमान और घनत्व के अंतर के कारण होती है। जब हवा गर्म होती है, तो वह हल्की हो जाती है और ऊपर उठने लगती है। जैसे-जैसे यह ऊपर जाती है, यह ठंडी होती जाती है और भारी हो जाती है, जिससे यह नीचे उतरने लगती है। इस प्रक्रिया को संवहन कहा जाता है।

आज कन्वेक्टिव एक्टीविटीज से बारिश, 12 दिन में आधी घट गई औसत वर्षा

# प्रदेश में अब सामान्य से केवल 28 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज, एक अगस्त को थी 55 फीसदी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में अभी बादल, बौछारें और कुछ जगह तेज बारिश का दौर चल रहा है। यह मौसम फिलहाल कन्वेक्टिव एक्टिविटीज से बना हुआ है, लेकिन 13 अगस्त को सिस्टम सक्रिय होने से बारिश बढ़ेगी।

पहले पूर्वी मप्र में बारिश रफ्तार पकड़ेगी, जो दो दिन में प्रदेश के अधिकांश जिलों में शुरू होने का अनुमान है। इस बीच भोपाल में भी 14 से 15 अगस्त के बीच बारिश शुरू हो जाएगी। बारिश का दौर शुरू होने से प्रदेशभर में दिन का पारा तेजी से गिरेगा।

रानी कमलापति ब्रिज से ली तस्वीर



**आज यहां बारिश की उम्मीद**

बुधवार को रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, रीवा, सतना, अनुपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, पांढुर्णा जिलों में कहीं कहीं तेज बारिश हो सकती है। भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, अलीराजपुर, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, गुना, आदि जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं

**बारिश के आंकड़े गुरुवार से बढ़ेंगे**

अगस्त की शुरूआत में प्रदेश में बारिश के आंकड़े औसत से करीब 55 फीसदी अधिक थे। मंगलवार को यह 28 फीसदी रह गई है। सिस्टम की बारिश में कमी से औसत बारिश के आंकड़े तेजी से घटे हैं, जो गुरुवार से बढ़ने शुरू हो जाएंगे। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक प्रदेश में कुल 753.8 मिमी बारिश हुई है। यह 28 फीसदी अधिक है। अब तक सामान्य तौर पर 588.2 मिमी बारिश होती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी दिल्ली एनसीआर के नागरिकों को खुशखबर

# अब पुराने वाहन के मालिकों पर नहीं होगी कोई दंडात्मक कार्रवाई

### 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों को मिली छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के साथ ही एनसीआर के शहरों के पुराने वाहन मालिकों के लिए खुशखबर है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया आदेश कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि सर्वोच्च अदालत का यह आदेश तय समय के लिए ही लागू होगा। सर्वोच्च अदालत यह आदेश तब दिया जब दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत से ओल्डएज वाहनों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने का आदेश पारित करने पर विचार करने की गुजारिश की।पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वोच्च अदालत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस विनोद के चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने अपने ताजा आदेश में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी।

### पहले तो कारें 40-50 साल तक चलती थीं

आदेश तय समय के लिए ही लागू



*सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पहले कारें 40 से 50 साल तक इस्तेमाल की जाती थीं। आज भी विंटेज कारें हैं। नोटिस जारी करिए। इस पर 4 हफ्तों में जवाब दीजिए। इस दौरान कथित तौर पर ओवर एज हो चुके वाहनों के मालिकों के खिलाफ इस आधार पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए कि उनके डीजल वाहन 10 साल पुराने हो चुके हैं जबकि पेट्रोल वाहन 15 साल पुराने हैं। इस मामले को 4 हफ्तों बाद के लिए लिस्ट करें।*

### सॉलिसिटर जनरल मेहता बोले

### इस संबंध में कोई जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए



*सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में अपनी दलील में कहा कि मेरे पास एक गाड़ी है। मैं इसका इस्तेमाल कोर्ट से घर और वापस कोर्ट आने-जाने के लिए करता हूं। 10 साल बाद भी यह गाड़ी महज 2000 किलोमीटर ही चली होगी। वहीं यदि कोई इसे टैक्सी के लिए इस्तेमाल करता तो यह 2 साल में ही 1 लाख किलोमीटर तक जल जाती। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने अपनी दलील में कहा कि मुझे अपनी गाड़ी इसलिए बेचनी होगी क्योंकि यह 10 साल पूरी कर चुकी है लेकिन 1 लाख किलोमीटर चल चुकी गाड़ी (जैसे कोई टैक्सी) चलती रहेगी। पुलिस का काम तो गाड़ियों को जब्त करना है। ऐसी परिस्थितियों में पुराने या ओवरएज हो चुके वाहनों के संबंध में कोई जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए।*

### वाहनों के पॉल्यूशन पर कोई शोध नहीं किया गया

हाल ही में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने भी यह बात मानी थी कि उसने 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों से होने वाले पलूशन पर कोई शोध या अध्ययन नहीं किया था। पर्यावरणविद् अमित गुप्ता की ओर से दाखिल की गई आरटीआई के जवाब में सीएक्यूएम ने उक्त बात कही थी। सीएक्यूएम का कहना था कि उसने ओल्ड एज वाहनों के प्रभाव के बारे में कोई शोध या अध्ययन नहीं किया है।

### दिल्ली सरकार ने दाखिल की थी याचिका



उल्लेखनीय है कि दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में पुराने वाहनों पर पूर्व के आदेश को लेकर सर्वोच्च अदालत में अपील दाखिल करने की बात कही थी। इसी के संबंध में देश की शीर्ष अदालत ने यह सीमित फैसला सुनाया है।

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति सेल्फी लेने पर जया ने फटकारा



**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन उस वक्त भड़क गईं जब एक व्यक्ति ने बिना उनकी अनुमति के उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश की। इस दौरान जया ने शख्स को फटकार लगाई और डांटते हुए धक्का देकर दूर कर दिया।

### ईसी ने बंगाल के मुख्य सचिव को किया तलब



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। राज्यभर की राजनीति में सियासी गर्माहट है। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव मनोज पंत को मतदाता सूची संशोधन में कथित अनियमितताओं के आरोपी अधिकारियों को न हटाने के फैसले पर स्पष्टीकरण देने के लिए दिल्ली तलब किया।

### रान्या के पिता आईपीएस रामचंद्र राव बहाल



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के. रामचंद्र राव को नागरिक अधिकार प्रवर्तन निदेशालय का महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। उनकी सौतेली बेटी और अभिनेत्री रान्या राव की गिरफ्तारी के बाद राव पर लगा 'अनिवार्य अवकाश' का आदेश राज्य सरकार ने वापस ले लिया।

### कैफे में छापा,13 छात्र छात्राएं पकड़े गए



**फिरोजाबाद।** यहां के शिकोहाबाद तहसील तिराहे के समीप दो कैफे में तहसीलदार और शिकोहाबाद पुलिस ने छापा मारा। टीम ने दोनों कैफे में 13 युवक-युवतियों को पकड़ा है। पकड़े गए युवकों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है। वहीं युवतियों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया है।

## संसद में 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर सियासी टकराव चरम पर

# राहुल बोले- वोट के अधिकार को छीन रहे तिवारी ने कहा-कांग्रेस मात्र 'भ्रम फैला रही'

### कांग्रेस नेता ने कहा- मेरे पास सबूत मौजूद तो भाजपा ने कहा-फर्जी वोटर हटाए जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में इस समय लोकतंत्र की बुनियाद माने जाने वाले 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर सियासी टकराव अपने चरम पर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नेएक बार फिर चुनाव आयोग को घेरते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की बुनियाद 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर रखी गई है, यानी हर नागरिक को सिर्फ एक ही बार वोट डालने का अधिकार है। राहुल के अनुसार यह व्यवस्था बनाए रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक कर्तव्य है, लेकिन आयोग इस जिम्मेदारी को सही ढंग से नहीं निभा रहा है। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची में राष्ट्रीय स्तर पर सुनियोजित तरीके से गड़बड़ियां की जा रही हैं और अब उनके पास इसका पुख्ता सबूत भी है। राहुल ने कहा कि हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं और इसे हमेशा करते रहेंगे। पहले हमारे पास सबूत नहीं थे, लेकिन अब हमारे पास सबूत मौजूद हैं।

मतदाता सूची विवाद पर विवाद तेज





### भाजपा सांसद तिवारी का पलटवार

### फर्जी वोटर हटाने के लिए चल रहा विशेष अभियान

राहुल के इन आरोपों पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीएम नरेंद्र मोदी के विरोध में पागलपन की हद तक पहुंच गई है और अब यह भ्रम फैलाने की दुकान बन चुकी है। तिवारी ने कहा कि यही वजह है कि चुनाव आयोग 'सर अभियान चला रहा है। इस प्रक्रिया के तहत फर्जी वोटरों के नाम हटाए जा रहे हैं, सही वोटर आईडी जारी की जा रही है और ऐसे मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है जो एक से अधिक स्थानों पर वोट डालते हैं। इससे चुनाव प्रक्रिया और ज्यादा पारदर्शी होगी और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करने वालों पर अंकुश लगेगा।

### राष्ट्रीय स्तर पर गड़बड़ी का दावा

*राहुल का आरोप है कि कई सीटों पर वोटर लिस्ट में हेरफेर की जा रही है और यह सिर्फ इक्का-दुक्का मामलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में सुनियोजित तरीके से हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अनियमितताओं से मतदाता सूची की पारदर्शिता खत्म होती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े होते हैं।*

### लोकसभा में गरमाया माहौल

*इस पूरे मुद्दे पर लोकसभा में माहौल गरमा गया। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए, जबकि सत्तारूढ़ दल ने इसे विपक्ष का झूठा प्रचार बताया। आने वाले दिनों में यह विवाद और भी गहराने के आसार हैं, क्योंकि दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात को सही साबित करने के लिए नए तथ्य और तर्क पेश कर सकते हैं।*

### एक देश, एक चुनाव वाली संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ा

*लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की प्रणाली को लागू करने के लिए दो विधेयकों की जांच कर रही संसदीय समिति को मंगलवार को शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह तक का नया विस्तार दिया गया। प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।*

### '124 नॉट आउट' वाला टीशर्ट पहन पहुंचीं प्रियंका



सर के खिलाफ प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई कांग्रेस सांसद एक महिला का फोटो और नाम वाला टीशर्ट पहनकर पहुंचे। सभी के टीशर्ट के पीछे की तरफ '124 नॉट आउट लिखा हुआ था। गांधी के टीशर्ट में जिस महिला का फोटो है उनका नाम मिंता देवी है। वह बिहार के सीवान जिले की रहने वाली हैं। दरौंदा विधानसभा क्षेत्र में वह मतदाता के तौर पर रजिस्टर्ड हैं। मिंता देवी की उम्र 35 साल है। मगर चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में उनकी उम्र 124 साल दिखाई है।

### विशेषज्ञ समिति की सिफारिश

### देश में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं



एक विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की है कि भारत में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं है। ये टीके उन जगहों के लिए बनाए गए हैं, जहां मलेरिया का संक्रमण मध्यम स्तर से अधिक होता है और बच्चों की मौत का खतरा ज्यादा होती है। सरकार की ओर से मंगलवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी गई। उपसभापति ने कहा कि अधिकांश विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए नोटिसों में नोटिस देने संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं किया गया है। उपसभापति ने कहा कि सांसदों ने कई ऐसे विषयों पर भी चर्चा के लिए नोटिस दिया है जिनकी सुनवाई अदालत में चल रही है। उपसभापति ने कहा कि अदालत में लंबित मामलों पर सदन में चर्चा नहीं कराई जाती है।उपसभापति ने सभी सांसदों से सदन की कार्यवाही चलाने के लिए अनुरोध किया, लेकिन विपक्षी सांसदों का विरोध जारी रहा।

## 8541 करोड़ की योजनाओं को कैबिनेट की मंजूरी

# चार नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट लखनऊ मेट्रो का होगा विस्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को कई बड़े फैसले लिए गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 18,541 करोड़ की योजनाओं की मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्रीमंडल ने देश में चार नए सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4,594 खर्च किए जाएंगे। ये परियोजनाएं ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में शुरू होंगी। दूसरा बड़ा फैसला लखनऊ मेट्रो के बारे में लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 5,801 करोड़ की लागत से बनने वाले लखनऊ मेट्रो के फेज वन बी परियोजना को मंजूरी दे दी है। 8,146 करोड़ की लागत वाली क्लीन ग्रोथः टाटो-2हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी।

### विनिर्माण इकाइयों से रोजगार बढ़ेगा

*कैबिनेट ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत 4और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी। स्वीकृत प्रस्ताव एसआई सी एसईएम, कॉन्टिनेंटल डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड , 3डी ग्लास सॉल्यूशंस इंक और एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज टेक्नोलॉजीज से जुड़े हैं। ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन पर लगभग 4,600 करोड़ का खर्च किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2034 कुशल पेशेवरों को रोजगार मिलेगा।*

### लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना का विस्तार

*कैबिनेट ने लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 12 स्टेशनों के साथ 11.165 किलोमीटर लंबा गलियारा तैयार किया जाएगा। परियोजना के तहत सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क को 34 किलोमीटर तक विस्तारित करने की योजना है। इस परियोजना का लक्ष्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क में शामिल करना है।*

### अरुणाचल में जल विद्युत परियोजना

कैबिनेट ने अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 700 मेगावाट की तातो-2 जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 8146.21 करोड़ खर्च किए जाएंगे और इसे 72 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना का लक्ष्य 700 मेगावाट (4 गुणा175 मेगावाट) की क्षमता स्थापित करना है। जो 2738.06 एमयू ऊर्जा का उत्पादन करेगी।

### क्रूरता करना ठीक नहीं

## आवारा कुत्तों को लेकर 'सुप्रीम' फैसले पर राहुल ने कहा

# बेजुबान जीव कोई समस्या नहीं, जिसे मिटाया जा सके, जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और असपास के इलाकों से आवारा कुत्तों को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर ट्वीट किया, दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का सुप्रीम कोर्ट का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय और विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछने हटने जैसा है। ये बेजुबान जीव कोई समस्या नहीं हैं, जिन्हें मिटाया जा सके। आश्रय, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रख सकते हैं। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें।



### अब्राहम ने सीजेआई को लिखा पत्र

*सीजेआई को जॉन अब्राहम ने लिखा कि दिल्ली में सभी आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाकर आश्रय स्थलों या दूरदराज के क्षेत्रों में ले जाने का निर्देश है। मुझे उम्मीद है कि आप इससे सहमत होंगे कि ये आवारा कुत्ते नहीं हैं, बल्कि कम्युनिटी डॉग हैं।*

### यह गुस्से में लिया गया फैसलाः मेनका

*सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने इसे गुस्से में लिया हुआ फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास इतने सारे कुत्तों को रखने के लिए जगह है ही नहीं।*

### आदेश के खिलाफ 'हल्ला बोल' दिल्ली पुलिस ने कराया खत्म, केस दर्ज

*आवारा कुत्तों को पकड़ने के आदेश के खिलाफ पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल रखा है। पशु अधिकार कार्यकर्ता आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़ने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ इंडिया गेट पर प्रदर्शन करने पहुंचे थे।दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट पर हो रहे प्रदर्शन को खत्म करा दिया है। पुलिस ने कई पशु अधिकार कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है।*

## 'एसआईआर' पर बहस के बीच हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# आधार, पैन और वोटर आईडी रखने से कोई भारत का नागरिक नहीं बनता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किसी व्यक्ति के पास यदि आधार कार्ड, पैन कार्ड, या वोटर आईडी जैसे दस्तावेज हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह भारत का नागरिक हो जाएगा। बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ के आरोपी शख्स को बेल देने से इनकार करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह बात कही। शख्स पर फर्जी दस्तावेज बनवाकर भारत में करीब एक साल से रहने का आरोप है। जस्टिस अमित बोरकर की बेंच ने कहा कि सिटिजनशिप एक्ट स्पष्ट करता है कि कौन भारत का नागरिक हो सकता है और कौन नहीं?

बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह बात कही



### घुसपैठिए नागरिकता के अधिकारी नहीं

बेंच ने कहा कि आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी तो सिर्फ नागरिकों की पहचान के लिए हैं या फिर उन्हें सेवाएं प्रदान करने के लिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने बाबू अब्दुल रऊफ सरदार को बेल देने से इनकार कर दिया। अब्दुल पर आरोप है कि वह बिना किसी वैध पासपोर्ट या वीजा के भारत घुस आया था। उसने यहां आकर तमाम दस्तावेज तैयार करा लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरी राय में सिटिजनशिप एक्ट, 1955 ही नागरिकता और भारत में राष्ट्रीयता की परिभाषा तय करने वाला कानून है। बेंच ने कहा कि 1955 का कानून भारत के नागरिकों और घुसपैठियों के बीच का अंतर भी स्पष्ट तौर पर बताता है। अवैध तौर पर भारत में घुसने वाले लोग नागरिकता हासिल करने का अधिकार ही नहीं रखते।

## चंडीगढ़ के एक मशहूर निजी स्कूल का मामला

# 7वीं के छात्र ने प्रिंसिपल को भेजा मेल मैं वाइस प्रिंसिपल हूं..., प्रश्नपत्र भेजो

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

यहां के एक मशहूर निजी स्कूल में ऐसा कारनामा हुआ, जिसने शिक्षकों और अभिभावकों को दंग कर दिया। 7वीं कक्षा का एक मासूम-सा दिखने वाला छात्र अपनी चतुराई से प्रिंसिपल को चकमा देकर प्रश्नपत्र हासिल करने में कामयाब हो गया। लेकिन यह राज तब खुला, जब परीक्षा के दिन असलियत सामने आई। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और मामला साइबर क्राइम की दुनिया में पहुंच गया। पुलिस ने छात्र को पकड़ लिया। उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### पेपर लीक का एकदम नया तरीका अपनाया



### चालाकी से भेजा गया फर्जी ईमेल

छात्र ने वाइस प्रिंसिपल के अंदाज को बखूबी कॉपी किया। उसने ऐसा ईमेल लिखा, जिसमें भाषा और शब्दों का चयन इतना सटीक था कि प्रिंसिपल को जरा भी शक नहीं हुआ। प्रिंसिपल ने बिना वक्त गंवाए प्रश्नपत्र ईमेल कर दिया। मगर अगले दिन परीक्षा के समय जब प्रश्नपत्र कक्षा में नहीं पहुंचा, तो हड़कंप मच गया। वाइस प्रिंसिपल ने साफ कहा कि उन्होंने कोई ईमेल भेजा ही नहीं। यह सुन प्रिंसिपल के होश उड़ गए।

### साइबर जांच ने खोला राज

स्कूल प्रबंधन ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत दी। साइबर सेल ने ईमेल की तहकीकात शुरू की और पता चला कि यह करतूत स्कूल के ही एक छात्र की थी। इस चालाक छात्र ने वाइस प्रिंसिपल के ईमेल से मिलती-जुलती फर्जी आईडी बनाई और उसी से प्रिंसिपल को मेल भेजा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# फर्जी वोटरों के नाम कट रहे तो सवाल क्यों किए जा रहे?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की पीठ ने राजद नेता मनोज झा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों से सुनवाई शुरू की।

सिब्बल ने तर्क दिया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग ने दावा किया था कि 12 लोग मृत थे, लेकिन वे जीवित पाए गए, जबकि एक अन्य मामले में जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के अभियान में कुछ खामियां होना स्वाभाविक है। यह सही किया जा सकता है। यह केवल एक मसौदा सूची है। पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहे, क्योंकि कोर्ट प्रक्रिया से पहले मतदाताओं की संख्या, पहले और अब मृतकों की संख्या और अन्य प्रासंगिक विवरणों पर सवाल उठाएगा।

### मतदाताओं से जुड़े तथ्यों और आंकड़ों पर सवाल उठेंगे

चुनाव आयोग ने कुछ खामियां मानी



### 1 करोड़ गायब होने की बात 'बेकार'

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में बड़ा विवाद नहीं, बल्कि यह ज्यादातर भरोसे की कमी का मामला लगता है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि करीब 1 करोड़ वोटर इस प्रक्रिया से बाहर रह गए। कोर्ट ने कहा कि 'जब 7.9 करोड़ वोटरों में से 7.24 करोड़ ने जवाब दिया, तो 1 करोड़ वोटर गायब होने की थ्योरी टिकती नहीं है। आयोग ने बताया कि लगभग 6.5 करोड़ को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना पड़ा>*

### आधार कार्ड को नागरिकता प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता

*बिहार में चुनाव से पहले सरकरवाने के मामले में विवाद पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि चुनाव आयोग सही है यह कहने में कि आधार को अंतिम प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, इसकी जांच-परख जरूरी है।*

### 'सर' में मृत लोगों को हटाया जाएगा इसमें क्या आपत्ति है?

*जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की अध्यक्षता वाली बेंच ने सर की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई की। सिब्बल दलील रखीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ये जाहिर है कि मतदाता सूची में से मृतकों के नाम हटाए जाएंगे। इसमें क्या आपत्ति है?*

### पावर को चुनौती दे रहे तो बहस क्यों?

*मामले में याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेस सिब्बल ने दलीलें पेश कीं। इस दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने उनसे पूछा कि क्या वह एसआईआर करने की चुनाव आयोग की पावर को चुनौती दे रहे हैं? अगर ऐसी कोई पावर मौजूद नहीं है तो फिर बहस करने के लिए और कुछ नहीं है।*

## आसिम मुनीर की धमकी पर भड़के सांसद

# विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति भी सरकार की राय से सहमत
# कहा- पाक की एटमी हमले की धमकियों से भारत डरने वाला नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसीम मुनीर की परमाणु हमले की धमकी पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर एक सवाल पूछा गया था और विदेश सचिव ने जवाब में कहा कि हम इसे कभी गंभीरता से नहीं लेते। भारत इस तरह की परमाणु ब्लैकमेल को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। यह देखना दुखद था कि मुनीर ने ऐसा बयान उस देश की जमीन पर खड़े होकर दिया, जो हमारा अच्छा मित्र है। शशि थरूर ने कहा, अगर (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन से बैठक के बाद यूक्रेन के साथ भी बातचीत होती है, तो हमें रूस से तेल खरीदने के कारण जो दूसरा 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है, वह हटा दिया जाएगा, क्योंकि वह टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में लगाया गया था।

अमेरिका के साथ भारत के संबंध बहुत महत्वपूर्ण

व्यापार एक हिस्सा, कई मुद्दों पर दोनों देश संपर्क में

### समिति सरकार की राय से सहमत



*कांग्रेस सांसद और विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर ने कहा कि इस मुद्दे पर विदेश मामलों की स्थायी समिति में चर्चा हुई। थरूर ने कहा विदेश मंत्रालय ने पहले ही पाकिस्तान की परमाणु धमकी को खारिज कर दिया है और समिति ने भी उसी विचार को साझा किया है। उन्होंने कहा कि हमारे विदेश सचिव ने साफ कहा है कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसमें व्यापार केवल एक हिस्सा है, लेकिन हम कई मुद्दों पर लगातार संपर्क में हैं। वाणिज्य सचिव ने भी हमें इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हमारे सदस्यों को सभी जरूरी स्पष्टीकरण दिए।*

**विदेश मामलों की समिति को दी जानकारी**

*बता दें, सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी विदेश मामलों पर बनी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में विदेश मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रतिनिधि सांसदों को भारत की वर्तमान विदेश नीति के घटनाक्रम, विशेष रूप से अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता और टैरिफ से जुड़े मुद्दों पर जानकारी दी।*

*एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी की दो टूक*

### सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे मुनीर

वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर की टिप्पणियों की तुलना सड़कछाप आदमी से की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आर्मी चीफ के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह सब अमेरिका से हो रहा है, जो भारत का रणनीतिक साझेदार है। वह सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे हैं। मोदी सरकार को विदेश मंत्रालय के बयान की तरह राजनीतिक जवाब देना चाहिए।



**रक्षा बजट बढ़ाए सरकार**

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की सैन्य मंशा को जानते हुए भारत को अपने सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से रक्षा के लिए कम बजटीय आवंटन अब और जारी नहीं रह सकता। हमें बेहतर तैयारी करने की जरूरत है।

**मिथुन चक्रबर्ती की भुट्टो को दो टूक**

### हमारी खोपड़ी सनक गई फिर ब्रह्मोस चलेगा

मिथुन चक्रबर्ती ने कहा है कि पाकिस्तान के नेता भारत विरोधी बातें करते रहेंगे और हमारी खोपड़ी सनक गई फिर एक के बाद एक ब्रह्मोस चलेगा। चक्रबर्ती ने सिंधु का पानी बहाल करने को लेकर पाकिस्तान की धमकियों पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तान की जनता के लिए हमें कुछ नहीं कहना है। पाकिस्तान की जनता अच्छे लोग हैं। लेकिन उनके नेता अगर ऐसे ही बोलते रहेंगे तो हमारा माथा खराब हो जाएगा। फिर ब्रह्मोस चलेगा।



---

**खबर संक्षेप**

### एलन मस्क का तोहफा! ग्रोक4 सभी के लिए फ्री

**न्यूयॉर्क।** चैटजीपीटी 5 के लॉन्च के एलन मस्क ने एक शानदार तोहफा देते हुए ग्रोक4 को सभी यूजर्स के लिए मुफ्त कर दिया है। हालांकि ऐसा सीमत समय के लिए किया गया है। इस बारे में एक्सएआई की ओर से घोषणा की गई है। एक्सएआई ने ऐसा हाल ही में लॉन्च हुए चैटजीपीटी 5 से मुकाबला करने के लिए किया है। पोस्ट में लिखा कि ग्रोक में आटो मोड का इस्तेमाल करें। इससे ग्रोक अपने आप कॉम्प्लेक्स सवालों को ग्रोक 4 पर रूट कर देगा।

### इंडोनेशिया के पापुआ में 6.3 तीव्रता का भूकंप



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी हिस्से पापुआ में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों के मुताबिक इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, यह झटका स्थानीय समय के मुताबिक शाम करीब 5 बजकर 24 मिनट पर महसूस हुआ। भूकंप का केंद्र पापुआ प्रांत की राजधानी और सबसे बड़े शहर जयापुरा से करीब 193 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था और इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी।

---

## वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में दी जानकारी

*भारत ने भी लगाया रेसिप्रोकल टैक्स*

# अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर 'चर्चा अभी भी जारी'

जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है। अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार अभी भी वॉशिंगटन के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर चर्चा में शामिल है, जिसका उद्देश्य टैरिफ स्थिरता और दीर्घकालिक व्यापार पूर्वानुमान के माध्यम से व्यापार और निवेश का विस्तार करना है। भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है।

अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है। अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 27 अगस्त, 2025 से भारत से निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की एडिशनल शुल्क दर लागू की गई है। अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है।

व्यापार समझौता वार्ता के अब तक पांच दौर हो चुके

*सरकार सभी वर्गों की रक्षा और कल्याण को महत्व दे रही*



### अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ प्रभाव का आकलन कर रहे

*जितिन प्रसाद के अनुसार, उत्पाद विभेदीकरण, मांग, गुणवत्ता और कॉन्ट्रैक्चुअल अरेंजमेंट जैसे विभिन्न कारकों का संयोजन, कपड़ा क्षेत्र सहित भारत के निर्यात पर रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव को निर्धारित करेगा।सरकार अमेरिका द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव के आकलन पर प्रतिक्रिया लेने के लिए निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है। सरकार किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, एमएसएमई और उद्योग के सभी वर्गों के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है।*

### ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे

जितिन प्रसाद ने कहा कि हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारे आयात बाजार के कारकों पर आधारित हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किए जाते हैं। इसलिए, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर उन कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का विकल्प चुना है जो कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में उठा रहे हैं।

### मार्च 2025 में शुरू की गई थी वार्ता

केंद्रीय राज्य मंत्री के अनुसार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी। वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम 14-18 जुलाई को वाशिंगटन, डीसी में हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई नवीनतम शुल्क कार्रवाई को अनफेयर, अनजस्टिफाइड और अनरीजनेबल बताया गया है।

### ट्रंप का ऐलान, गोल्ड पर नहीं लगेगा टैरिफ

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार (11 अगस्त) को कहा कि गोल्ड पर किसी तरह का टैरिफ नहीं लगेगा। इससे पहले अमेरिका के कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा था कि गोल्ड पर भारी टैक्स लग सकता है, लेकिन ट्रंप ने इस पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट शेयर की है, जिसमें गोल्ड पर टैरिफ न लगाने को लेकर जानकारी दी है।*

---

**प्रियंका के आरोपों पर इजराइल का पलटवार**

## आपकी 'ढकोसलेबाजी' शर्मनाक लोगों की मौत का कारण हमास



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गाजा में पत्रकारों की मौत को लेकर आरोप लगाने पर प्रियंका गांधी को इजराइल ने जवाब दिया है। प्रियंका गांधी के पोस्ट पर जवाब देते हुए भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने लिखा कि आपकी ढकोसलेबाजी शर्मनाक है। इजराइल ने 25,000 हमास आतंकियों को मार गिराया है। उन्होंने आम नागरिकों की मौतों के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया। राजदूत ने कहा कि आम लोगों के मौत की बड़ी वजह हमास की घिनौनी रणनीति का नतीजा है। यह निकासी या सहायता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे लोगों पर हमास की गोलीबारी और रॉकेट हमलों के कारण हुआ है।

- गाजा में 20 लाख टन भोजन पहुंचाया
- हमास के आंकड़ों पर विश्वास न करें

**इजराइल नरसंहार कर रहाः प्रियंका**

*इससे पहले प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि इजराइल नरसंहार कर रहा है। उसने 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18,430 बच्चे थे। उसने सैकड़ों लोगों को भूख से मार डाला है। जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। लाखों लोगों को भूख से मरने का खतरा है। इन अपराधों को चुपचाप और निष्क्रियता से बढ़ावा देना अपने आप में एक अपराध है। यह शर्मनाक है कि भारत सरकार इजराइल द्वारा फिलिस्तीन के लोगों पर इस तबाही को ढाए जाने के दौरान चुप बैठी है। प्रियंका ने यह भी कहा था कि अल-जजीरा के पांच पत्रकारों की निर्मम हत्या फलस्तीनी धरती पर किया गया एक और जघन्य अपराध है।*

### 25 हजार हमास आतंकी मारेः इजराइल

रूवेन ने दावा किया कि इजराइल ने गाजा में 20 लाख टन भोजन पहुंचाया, जबकि हमास उसे जब्त करने की कोशिश कर रहा है, जिससे भुखमरी पैदा हो रही है। उन्होंने नरसंहार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पिछले 50 साल में गाजा की आबादी 450 फीसदी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि लोगों को हमास के आंकड़ों पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

---

कश्मीरी पंडित नर्स सरला भट्ट से जुड़ा है मामला

## यासीन मलिक समेत 9 आतंकियों के ठिकाने पर एसआईए का छापा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने 1990 में कश्मीरी पंडित महिला सरला भट्ट हत्याकांड में मंगलवार को कई जगहों पर छापा मारा है। ये हत्याकांड 35 साल पहले हुआ था। जांच टीम ने यासिन मलिक के घर पर भी रेड की है। एसआईए की टीम मध्य कश्मीर पहुंची है। मध्य कश्मीर में कई जगहों पर छापे मारी चल रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि सरला भट्ट की हत्या के सिलसिले में प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के 9 पूर्व कमांडरों के घरों पर की गई है, इनमें यासीन मलिक और पूर्व नेता पीर नूरुल हक शाह उर्फ एयर मार्शल भी शामिल हैं।

**आतंकियों ने अगवा कर रेप के बाद कर दी थी हत्या**



### पुराने मामलों की फिर जांच

उप राज्यपाल प्रशासन ने हाल ही में 1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों पर हुए कई हमलों के मामलों को फिर से खोलने का फैसला लिया था। इसी सिलसिले में एसआईए ने मंगलवार को श्रीनगर के 9 इलाकों में छापे की कार्रवाई की। बता दें, इस मामले में पहला केस निगीन पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था।

बता दें कि सरला भट्ट, दक्षिण कश्मीर में जिला अनंतनाग की रहने वाली थी। वह शेरे कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान सौरा श्रीनगर नगर में नर्स थी। जो अप्रैल 1990 में सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अपने छात्रावास से लापता हुई थी। जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के आतंकियों ने अगवा कर लिया था। आतंकियों ने उसके साथ कई दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। उनकी गोली लगी लाश सौरा इलाके से बरामद हुई थी।

---

**भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन आज**

## रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगा नया आयाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन का तीसरा दौर 13 अगस्त 2025 को नई दिल्ली में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है। भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव करेंगे।

सिंगापुर की ओर से डिप्टी पीएम एवं व्यापार व उद्योग मंत्री गान किम



योंग नेतृत्व करेंगे, जिनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय मंत्री के. षणमुगम, विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन, डिजिटल विकास मंत्री जोसेफिन तेओ, जनशक्ति मंत्री टैन सी लेंग और कार्यवाहक परिवहन मंत्री जेफरी सिओ शामिल होंगे। इस सम्मेलन की परिकल्पना पीएम नरेंद्र ने की थी जो दोनों देशों के आपसी सहयोग के लिए एक दूरदर्शी मंच है। पहली बैठक सितंबर 2022 में दिल्ली और दूसरी अगस्त 2024 में सिंगापुर में हुई थी।

---

यूएनएससी में भारत ने दोहराया संकल्प

## स्वतंत्र और नियम आधारित समुद्री व्यवस्था के लिए जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की समुद्री सुरक्षा पर उच्च स्तरीय बहस में भारत ने एक बार फिर 'स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित' समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने इस बहस में भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा एक साझा चुनौती है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के सिद्धांतों के अनुसार समुद्री व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समुद्री मार्गों के जरिए वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और संचार जैसे अहम क्षेत्र जुड़े हैं, इसलिए इस क्षेत्र में भारत की भी बड़ी भूमिका और जिम्मेदारी है।

**समुद्री सुरक्षा भारत के लिए महत्वपूर्ण**




### ई-समुद्र डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू होगा

*तन्मय लाल ने बताया कि भारत ने पहले से ही समुद्री क्षेत्र में कई अहम पहलें शुरू की हैं। इसमें इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओशन रीजन शामिल है, जो हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी और सूचना साझा करने का काम करता है। इसके अलावा, ई-समुद्र नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जल्द शुरू होगा, जो समुद्री गतिविधियों की रीयल टाइम निगरानी और पारदर्शी प्रशासन में मदद करेगा।*

तन्मय लाल ने बताया कि भारत के पास 11,000 किमी से अधिक लंबा समुद्री तट और लगभग 1,300 द्वीप हैं, साथ ही 2.3 मिलियन वर्ग किमी का विशेष आर्थिक क्षेत्र भी है। ऐसे में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और पर्यावरणीय संतुलन भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की समुद्री सुरक्षा नीति 'महासागर' का भी जिक्र किया, जिसका मतलब है सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति। इसके तहत क्षेत्रीय सहयोग, पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जाता है।

---

**एलओसी पर ऑपरेशनल टास्क**

## सेना का जवान शहीद, चिनार कोर ने कहा- सिपाही का बलिदान रहेगा याद

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान सेना का एक जवान वीरगति को प्राप्त हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सेना का जवान, जिसकी पहचान बनोथ अनिल कुमार के रूप में हुई है, बारामूला जिले के अग्रिम इलाके में 'ऑपरेशनल टास्क' करते समय बलिदान हो गए।

इसी बीच भारतीय सेना की चिनार कोर ने सिपाही बनोथ अनिल कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया और साथ ही, उनकी बहादुरी को सलाम करते हुए, उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।



एक्स पर एक पोस्ट में सेना ने कहा कि चिनार कोर को बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान बहादुर सिपाही बनोथ अनिल कुमार के अनमोल जीवन के नुकसान पर गहरा दुख है। चिनार योद्धा उनके अदम्य साहस और बलिदान को सलाम करते हैं और गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के साथ दुख की इस घड़ी में शामिल हैं।

---

**बहुचर्चित धर्मस्थल सामूहिक दफन केस की जांच में नया मोड़**

# हाई-टेक ड्रोन और ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार तकनीक खोलेगी 'राज'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के बहुचर्चित धर्मस्थल गांव के सामूहिक दफन केस की जांच नया मोड़ ले चुकी है। एसआईटी ने जमीन के नीचे दफन किसी भी अवशेष का सुराग पाने के लिए ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) तकनीक का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्कैनिंग खास तौर पर साइट नंबर 13 के लिए की जा रही है। यहां पारंपरिक खुदाई में लगातार बाधाएं आ रही थी। इसके साथ ही यहां पर रडार इमेजिंग से लैस हाई-टेक ड्रोन तैनात किया गया है। यह उपकरण सतह के नीचे की विसंगतियों की लाइव तस्वीरें तैयार करेगा, जिससे दबी हुई किसी भी वस्तु या अवशेष का पता लगाया जा सके। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस जांच में शिकायतकर्ता और उनके वकील को भी मौजूद रहने दिया गया है। इस अभियान का नेतृत्व एसआईटी प्रमुख प्रणब मोहंती कर रहे हैं। पिछले हफ्ते ही इस केस को पूरी तरह से एसआईटी के हवाले कर दिया गया था।

**एसआईटी प्रमुख की निगरानी में की जा रही जांच**



*इस जांच की निगरानी एसआईटी प्रमुख डॉ. प्रणब मोहंती, डीआईजी अनुचेथ और एसपी सीए साइमन कर रहे हैं। इस केस में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब शिकायतकर्ता खुद एसआईटी के साथ जंगल में गया। उसकी निशानदेही पर एसआईटी को खुदाई के दौरान कई अहम सबूत हाथ लगे थे। शिकायतकर्ता एक सफाई कर्मचारी रह चुका है। उसने अपने बयान में कई सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। इसके तहत उसने साल 1995 से 2014 के बीच कई शव दफन किए थे। उसे ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया था। उसका यहां तक दावा किया है कि महिलाओं और नाबालिग लड़कियों का शव भी दफन किया गया था। उनके शरीर पर यौन उत्पीड़न के कई निशान मौजूद थे।*

**खुदाई में मिले नर कंकाल और नमक**

*धर्मस्थल के साइट नंबर 11ए पर 6 अगस्त को एसआईटी ने खुदाई पूरी की थी। इससे पहले इसी जगह नर कंकाल मिले थे। इसके दो दिन बाद जब खुदाई आगे बढ़ी, तो नमक की बोरियां बरामद हुईं। बताया जा रहा है कि नमक की इन बोरियों का इस्तेमाल शव को जल्दी गलाने के लिए किया गया होगा। खुदाई के बाद एसआईटी टीम शिकायतकर्ता को कड़ी सुरक्षा के बीच बेलथांगडी लेकर लौटी थी।*

### मशीन का किराया 20 लाख रुपए प्रतिदिन

जीपीआर मशीन का एक दिन का किराया लगभग 20 लाख रुपए है। ये भारत की सबसे एडवांस मशीनों में से एक मानी जाती है, जो गहराई में छिपी चीजों को साफ-साफ दिखा सकती है। जांच टीम के प्रमुख अधिकारी प्रणव मोहंती ने बताया कि वो सबसे बेहतर तकनीक का इस्तेमाल करना चाहते हैं, ताकि कोई भी सुराग हाथ से न निकल जाए।

ग्वालियर में एक एकात्मक मानव दर्शन हीरक जयंती समारोह का आयोजन

# भारत का संविधान न डॉ. आंबेडकर ने लिखा और न राव ने, बल्कि इसकी रूपरेखा अंग्रेज वायसराय लॉर्ड वेवेल ने रखी थी : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

भारत का संविधान किसने लिखा और किसने बनाया, इस विषय पर ग्वालियर में सोमवार को एक नई बहस और विचार सामने आया है। जिसके तहत जानकारी दी गई है कि एकात्मक मानव दर्शन की नींव रखने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय ने संविधान लिखते समय एक नई परिभाषा और विचार दिए थे, जिसे अब संशोधन के माध्यम से जोड़ा जा सकता है, क्योंकि भारत का संविधान एक लचीला संविधान है।



**खारिज किया तथ्य**

इसके अलावा ग्वालियर में आयोजित इस एकात्मक मानव दर्शन हीरक जयंती समारोह में मुख्य वक्ता डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने इस तथ्य को खारिज कर दिया है कि भारतीय संविधान डॉ. भीमराव आंबेडकर या बीएन राव ने लिखा था। वक्ताओं का कहना था भारतीय संविधान किसी ने नहीं बल्कि भारतीय संविधान की रूपरेखा एक अंग्रेज लॉर्ड वेवेल ने तैयार की थी।

### ग्वालियर में ही 60 साल पहले शुरू हुआ था एकात्मक मानव दर्शन

ग्वालियर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक मानव दर्शन की शुरुआत ग्वालियर में ही 60 वर्ष पूर्व हुई थी, इसी उपलक्ष्य में ग्वालियर में सोमवार को एकात्मक मानव दर्शन हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन एकात्मक मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल सहित अनेक राजनेता और विद्वान मौजूद थे।

### इन्होंने काम आगे बढ़ाया

मुख्य वक्ता एकात्मक मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ. महेश चंद्र शर्मा थे। डॉ. शर्मा ने कहा कि अंग्रेज लॉर्ड बेवेल के काम को डॉ. भीमराव आंबेडकर, बीएन राव व संविधान निर्मात्री समिति ने आगे बढ़ाया था। उन्होंने युवाओं पीएम से पकोड़े तलने के सवाल पर भी कहा कि उच्च शिक्षित व्यक्ति और अपना खुद का व्यवसाय करने वाला व्यक्ति के बीच ऊंच नीच का भाव जातिवाद को बढ़ावा देता है।

### पंडित दीनदयाल के विचार से ही भारत का विकास होगाः सीएम

कार्यक्रम में मौजूद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और विकास मानव दर्शन से ही भारत का विकास होगा। इसी तरह विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि एकात्म मानव दर्शन का हीरक जयंती समारोह ग्वालियर में आयोजित किया गया और इस तरह के आयोजन पूरे देश भर में चल रहे हैं। बहरहाल ग्वालियर में आयोजित एकात्मक मानव दर्शन हीरक जयंती समारोह में आए अतिथि वक्ताओं ने अपने विचार रखकर जहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत एवं नीति के एकात्म मानव दर्शन की विस्तृत व्याख्या की है। वहीं, कई सवालों को भी जन्म दे दिया है, जो आने वाली राजनीति में नए मुद्दे बन सकते हैं।

---

सीएम डॉ. यादव की अगुआई में ग्वालियर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

# सेना के पराक्रम के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान : मुख्यमंत्री

तिरंगा यात्रा से लोगों में उठीं देशभक्ति के जज्बे की हिलोरें

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमन करने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती ग्वालियर में आयोजित देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने इस बार पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के साथ उनके विमान और अस्त्र-शस्त्र नष्ट करने का साहसिक काम किया है। डॉ. यादव की अगुआई में राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहा से विशाल तिरंगा यात्रा निकली। मुख्यमंत्री खुले वाहन पर सवार होकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।



### महापुरुषों की वेशभूषा में आए बच्चों पर पुष्प बरसाए

तिरंगा यात्रा शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहे पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में महापुरुषों की वेशभूषा में आए बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। तिरंगा यात्रा सिटी सेंटर, पटेल नगर, गांधी रोड़ व आकाशवाणी तिराहे से होते हुए राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय पहुंची। इसका एक वृहद हिस्सा आकाशवाणी तिराहे से ठाठीपुर, कुम्हरपुरा व शहीद गेट होते हुए बारादरी मुरार तक पहुंचा। डॉ यादव ने तिरंगा यात्रा के सम्मान में खड़े लोगों एवं प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया।

### सम्पूर्ण यात्रा मार्ग हुआ तिरंगामय

तिरंगा थामकर बाइकर्स, सैन्य व पुलिस बल के जवान, एनसीसी की विंग, भूतपूर्व सैनिक, विद्यार्थी, दिव्यांग, जनप्रतिनिधि, शासकीय,सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि निकले तो सम्पूर्ण यात्रा मार्ग तिरंगामय हो गया। बीच-बीच में विभिन्न स्थानों पर बने मंचों पर गूंज रहे आजादी के तराने व भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग कार्यक्रमों से लोगों में देश भक्ति का जज्बा हिलोरें लेने लगा।

बीयू सहित तीन विश्वविद्यालयों के साथ होगा क्रिस्प का एमओयू

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री आज क्रिस्प के स्थापना दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम डॉ. मोहन यादव मंगलवार को दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर मंत्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल, प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मनीष सिंह और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। प्रबंध संचालक क्रिस्प डॉ. श्रीकांत पाटिल ने बताया की क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना और सक्षम योजना के तहत टू व्हीलर सर्विस असिस्टेंट एवं शोरूम एडवाइजर प्रशिक्षित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही नई साझेदारियों के लिए बीयू भोपाल, डीएवी, इंदौर और क्रान्ति सूर्य टंट्या भील विवि, खरगोन के साथ एमओयू किया जाएगा। क्रिस्प कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मप्र शासन की एक संस्था है, जो 28 वर्षों से कौशल विकास, औद्योगिक प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है।

## मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में करेंगे ध्वजारोहण

» मंत्रियों को भी जिले किए गए आवंटित

» *उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शहडोल में करेंगे ध्वजारोहण*

» *28 जिला मुख्यालयों पर मंत्रीगण करेंगे ध्वजारोहण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ पर 15 अगस को प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी भोपाल में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे। जबकि उप मुख्यमंत्री मंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में और राजेंद्र शुक्ल शहडोल में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री विजय शाह रतलाम, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सतना, प्रहलाद सिंह पटेल भिण्ड, राकेश सिंह नर्मदापुरम, करन सिंह वर्मा मुरैना, उदय प्रताप सिंह बालाघाट में ध्वजारोहण करेंगे। इसीतरह मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके मंडला, तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर, एदल सिंह कंसाना छतरपुर, निर्मला भूरिया मंदसौर, गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, विश्वास सारंग खरगांन, नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, प्रदुम्न सिंह तोमर पांढुर्ना और राकेश शुक्ला श्योपुर में ध्वजारोहण करेंगे।

### यह मंत्री इन जिलों में करेंगे ध्वजारोहण

मंत्री चैतन्य काश्यप राजगढ़, इंदर सिंह परमार दमोह, कृष्णा गौर सीहोर, धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी खंडवा, दिलीप जायसवाल सीधी, गौतम टेटवाल बड़वानी, लखन पटेल मउगंज, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार रायसेन, नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, प्रतिमा बागरी डिंडोरी, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर और राज्यमंत्री राधा सिंह मैहर में ध्वजारोहण करेंगे। शेष जिलों में संबंधित जिले के कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे।

---

धमतरी के अन्नपूर्णा ढाबे के पास की घटना

## मामूली बात पर दो भाइयों सहित तीन युवकों की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ट्रिपल मर्डर की सनसनीखेज घटना सामने आई है। कुछ हमलावरों ने मिलकर तीन युवकों की हत्या कर दी। तिहरे हत्याकांड से जिले में सनसनी फैल गई है। लोगों में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में आठ लोगों को हिरासत में लिया है। बीती रात रायपुर से कुछ युवक धमतरी के अर्जुनी थाना इलाके के सेमरा गांव के रहने वाले राहुल के यहां पहुंचे थे।

इस दौरान रायपुर से आए दो भाई सुरेश तांडी (34) नितिन तांडी (32) संतोषी नगर, आलोक ठाकुर (28) सेजबहार अपने अन्य एक दोस्त और राहुल के साथ देर रात खाना खाने के लिए निकले। जैसे ही ये लोग भोयना गांव के अन्नपूर्णा ढाबा के पास पहुंचे तो कुछ काम के लिए रुक गए। इसी दौरान वहां पर कुछ युवक पहुंच गए। इन पांच युवकों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते हमलावरों ने रायपुर और सेमरा से पहुंचे युवकों को दौड़ा दौड़ा कर धारदार खंजर जैसे हथियार से हमला कर दिया। हमले में रायपुर से पहुंचे सुरेश तांडी और नितिन तांडी (दोनों भाई) और आलोक ठाकुर को मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राहुल और एक अन्य युवक ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

### » आरोपियों में नाबालिग भी शामिल

सूचना मिलते ही अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के माध्यम से तीनों के शव को अस्पताल लाया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार, तीन हत्याओं के मामले में आठ आरोपियों को हिरासत में लिया है, कुछ आरोपी नाबालिग भी बताए जा रहे हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि ढाबे में माचिस मांगने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वहां से हमलावरों ने पीड़ित युवकों को दौड़ा लिया और ढाबे के पास तीन युवकों की हत्या कर दी।

पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## जादू-टोने के शक में युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



थाना केरलापाल अंतर्गत ग्राम बोरगुड़ा पोंगभेज्जी में जादू-टोना के शक में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घटना 11 अगस्त 2025 की है, जिसकी सूचना थाने में प्राप्त होते ही टीम मौके पर रवाना हुई। मृतक की पहचान किसके हिंगा पिता भीमा के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और प्रारंभिक जांच की।

जांच में पता चला कि मृतक पर जादू-टोना करने का आरोप लगाया गया था। इसी शक के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए संदेह के आधार पर गांव के दो आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद दोनों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है और आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी केरलापाल ने बताया कि इस मामले की विवेचना सूक्ष्मता और गंभीरता से की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जादू-टोना जैसे अंधविश्वास के कारण होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

## नाले में मिला अज्ञात ग्रामीण का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में एक नाले में एक अज्ञात ग्रामीण की लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए उसकी शिनाख्त में जुट गई है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमृतपुर के खर्राघाट के पास स्थित कोरजा नाला में आज सुबह झाड़ियों में एक अज्ञात शख्स की लाश मिली है। मृतक की उम्र करीब 50 से 55 साल के आसपास है जो सफेद रंग का सैंडो और मटमैले कलर का बरमुडा पहना हुआ है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि दो दिनों से यहां के नाले का बहाव काफी तेज था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि यह शव कहीं और से बहकर उनके गांव तक पहुंचा होगा। गांव के ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में धरमजयगढ़ थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव ने बताया कि नाले में शव मिलने की जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची है, रात में नाले में पानी ज्यादा था सुबह पानी कम होनें के बाद शव देखा गया। पुलिस मृतक के शिनाख्त के लिये आसपास के गांव के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है।

6.42 ग्राम प्रतिबंधित हेरोइन और तीन मोबाइल जब्त

## महिला समेत तीन तस्कर को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नेहरू नगर स्थित बूढ़ातालाब कंटेनर के पास से एक महिला समेत तीन लोगों को 6.42 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) के साथ रंगेहाथ पकड़ा।

आरोपियों से तीन मोबाइल फोन भी बरामद हुए, जिनकी कीमत करीब 1.20 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों में संजय नगर निवासी मोहम्मद जाहिद (33), साहिल रज़ा (25) और नेहरू नगर निवासी अफजिया अख्तर उर्फ मेहक (21) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी इलाके में हेरोइन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर की गई। इससे पहले भी टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क के 9 आरोपियों को 412 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था, जिसमें पंजाब के अंतर्राज्यीय तस्कर भी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों का मकसद अंतर्राज्यीय सप्लायर और स्थानीय नेटवर्क के गठजोड़ को तोड़ना है। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

---

मंत्री ने एक दिवसीय संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला में उम्मीद जताई कि वे ऐसा जरूर करेंगे

इंजीनियर बनना आसान नहीं है, आप समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने इंजीनियरों से कहा, इंदौर से कुछ लोग आकर डीपीआर बनाकर दे रहे हैं, यह काम आप क्यों नहीं कर सकते?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रदेश भर से आए इंजीनियरों से कहा कि मुझे पता चला है कि इंदौर से कुछ लोग आकर डीपीआर बनाकर दे रहे हैं। यह काम आप क्यों नहीं कर सकते। वे चाहते हैं कि आप भी डीपीआर बनाएं। आप विशेषज्ञ हैं, लोग आपसे सीखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आप इंजीनियर हैं, पर लोग सही मायने में इंजीनियर मानें, इसके लिए कुछ करने की जरूरत है। मैं चाहता हूं कि आप प्रेरणा के स्त्रोत बनें।

मंत्री सिंह लोक निर्माण विभाग के ध्येय लोक निर्माण से लोक कल्याण को साकार करने की दिशा में पर्यावरण से समन्वय विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इंजीनियर बनना आसान नहीं है। आप समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।

भारत की प्राचीन निर्माण परंपराएं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आज भी मार्गदर्शी



संरचनात्मक प्रगति के साथ पर्यावरण का संरक्षण भी सुनिश्चित हो

### मंत्री ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को तीन संकल्प दिलाए

मंत्री सिंह ने प्रदेश भर से आए पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को तीन संकल्प दिलाए। उन्होंने उम्मीद भी जताई कि इन सकल्पों को अक्षरशः पालन करेंगे। पहले संकल्प में उन्होंने कहा कि प्रत्येक पीडब्ल्यूडी ऑफिस के परिसर में पेड़ लगाकर हरियाली करेंगे। दूसरे में पीडब्ल्यूडी के किसी भी ऑफिस में प्लास्टिक के बॉटल का उपयोग नहीं करेंगे, जबकि तीसरे में प्रत्येक पीडब्ल्यूडी भवन पर सोलर पैनल लगाएंगे।

### विकास की गाड़ी कभी भी पर्यावरण की पटरी से नहीं उतरेगी

मंत्री सिंह ने कहा कि संभवतः यह पहली बार है जब मप्र के सभी इंजीनियर प्रत्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से एक साथ जुड़े हैं। सीएम ने यह सुनिश्चित किया है कि विकास की गाड़ी कभी भी पर्यावरण की पटरी से नहीं उतरेगी। उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने संरचनाओं का संरक्षण इस प्रकार किया कि आने वाली पीढ़ियों को भी उनका लाभ मिला। उन्होंने उदाहरण दिया कि त्रिची के पास 2000 वर्ष पुराना अनय कट्टू बांध आज भी कार्यरत है, जो भारतीय इंजीनियरों की अद्भुत क्षमता का प्रमाण है। इसी तरह मोहन जोदाड़ो से प्राप्त 7000 वर्ष पुरानी ईंटों का उपयोग अंग्रेजों के समय रेल पटरियों के नीचे आधार के रूप में किया गया। कई दशकों तक मजबूती से टिकी रहीं।

### पीएम गति शक्ति ने कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावीशाली बनाया

भास्कराचार्य संस्थान के महानिदेशक टीपी सिंह ने प्रधानमंत्री गति शक्ति परियोजना के उद्देश्यों, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के अलग-अलग डाटा को एकीकृत कर कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाया है। पहले विभाग अपने-अपने नक्शे अलग स्केल और फॉर्मेट में बनाते थे, जिससे योजना निर्माण में कठिनाई होती थी, लेकिन अब सभी डेटा-सेट तक पहुंच सुनिश्चित कर एकीकृत प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है। अखिल भारतीय संयोजक एवं पर्यावरणविद गोपाल आर्य ने कहा कि आने वाले समय में एक नया ट्रेंड स्थापित करेगा। उन्होंने स्वयं को भी अभियंता बताते हुए कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए विश्वस्तरीय अधोसंरचना का होना अनिवार्य है, परंतु यह विकास पर्यावरण के संतुलन के साथ आगे बढ़ने पर ही सार्थक होगा।

### देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा मप्रः जिराती

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने विदेशों को होने वाले निर्यात में मप्र की रैंकिंग 15 से 11वें स्थान पर पहुंचने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार में मप्र तेजी से विकास और समृद्धि की राह पर कदम बढ़ा रहा है तथा देश को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने में मप्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिराती ने उद्योगों के क्षेत्र में हासिल इस उपलब्धि के लिए सीएम डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा कि सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने संकल्पित है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन की ताजा रिपोर्ट से यह साबित होता है कि भाजपा सरकार ने बीते 20 वर्षों में लगातार प्रयासों से मप्र की दिशा और दशा को बदला है।

## याचिकाकर्ता का आरोप, हाईकोर्ट ने मप्र पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में पेश किए गए विरोधाभासी कथन पर कड़ी नाराजगी जताई

# पैरामेडिकल कॉलेजों में बिना संबद्धता के 21 हजार विद्यार्थियों को प्रवेश!

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश में पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता और प्रवेश में अनियमितताओं के मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से आवेदन पेश कर आरोप लगाया गया कि प्रदेश में बिना संबद्धता के 21 हजार विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। मांग की गई कि झूठा शपथ पत्र पेश करने के एवज में पैरामेडिकल काउंसिल पर कार्रवाई की जाए। जस्टिस अतुल श्रीधरन एवं जस्टिस प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने आवेदन पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

खंडपीठ ने मप्र पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में पेश किए गए विरोधाभासी कथन पर कड़ी नाराजगी भी जताई। अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका के तहत आवेदन प्रस्तुत कर आरोप लगाया गया कि पैरामेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार शैलोज जोशी ने हाईकोर्ट में झूठा शपथ पत्र पेश किया है। मांग की गई कि उनके खिलाफ अदालत की आपराधिक अवमानना की कार्यवाही की जाए।

हाईकोर्ट में 21 जुलाई 2025 को दायर जवाब में पैरामेडिकल काउंसिल ने



दावा किया था कि सत्र 2023-24 अभी शुरू नहीं हुआ और बिना मान्यता एवं संबद्धता किसी संस्थान को प्रवेश की अनुमति नहीं है। जबकि, सुप्रीम कोर्ट में 28 जुलाई 2025 को दाखिल एसएलपी में काउंसिल ने कहा कि 21,894 छात्र जनवरी से जुलाई 2025 के बीच प्रवेश लेकर सत्र 2023-24 में पढ़ाई कर रहे हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा ने यह अदालती कार्रवाई का दुरुपयोग है।

पैरामेडिकल काउंसिल की ओर से तर्क दिया गया कि सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में दिए गए कोई भी तथ्यों का जिक्र वहीं किया जाना उचित होगा। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि हाइकोर्ट के सामने पेश किए गए शपथपत्र में झूठे तथ्य पेश किए गए हैं तो इसका संज्ञान लिया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि यदि संज्ञान लिया जाता है तो संबंधित अधिकारी को जवाब देने का अवसर दिया जाएगा।

## हाईकोर्ट ने नगर निगम पर लगाया 20 हजार का जुर्माना

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नगर निगम, जबलपुर द्वारा जवाब पेश करने के स्थान पर बार-बार मोहलत मांगे जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने नगर निगम पर 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया। कोर्ट ने यह राशि याचिकाकर्ता को भुगतान करने की शर्त पर नगर निगम को विस्तृत जवाब पेश करने की मोहलत दी है। अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी।

**याचिकाकर्ता को राशि अदा करने की शर्त पर विस्तृत जवाब पेश करने दी गई मोहलत**

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी तिलकराम तिवारी की ओर से अधिवक्ता मोहन लाल शर्मा व शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता नगर निगम, जबलपुर में तृतीय श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। 2009 में उसने श्रम न्यायालय में नियमितिकरण की मांग का प्रकरण दायर किया था। श्रम न्यायालय ने उसके पक्ष में आदेश पारित कर दिया था। जिसका पालन करने के स्थान पर नगर निगम ने औद्योगिक न्यायालय में अपील प्रस्तुत कर दी। जहां से नगर निगम के पक्ष में आदेश पारित हो गया। जिसे कर्मचारी तिलकराम तिवारी ने याचिका के जरिए हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इसी बीच मध्य प्रदेश शासन ने सात सितंबर, 2016की नीति प्रस्तुत कर दी। जिसके प्रकाश में नगर निगम ने याचिकाकर्ता को स्थायी कर्मी का लाभ दे दिया। याचिकाकर्ता ने शर्त लगाई कि यदि नगर निगम उसे नियमितिकरण का लाभ देने तैयार है, तो वह याचिका वापस ले लेगा। हाईकोर्ट ने यह स्वतंत्रता देते हुए याचिका वापस लेने की मांग स्वीकार कर ली कि यदि नगर निगम नियमितिकरण का लाभ न दे तो वह पुनः याचिका दायर कर सकता है। चूंकि नगर निगम ने शर्त का पालन करते हुए नियमितिकरण का लाभ नहीं दिया, अतः नए सिरे से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई। विगत तीन वर्ष से इस मामले में नगर निगम द्वारा जवाब पेश करने के लिए बार-बार समय लिया जा रहा था। फरवरी, 2025 में संक्षिप्त जवाब पेश किया गया। हालिया सुनवाई में एक बार फिर विस्तृत जवाब पेश करने समय चाहा गया। याचिकाकर्ता की ओर से इसका विरोध किया गया। जिसे गंभीरता से लेकर हाई कोर्ट ने नगर निगम पर 20 हजार का जुर्माना लगा दिया।



# दो दिनों में मिले 3 लावारिस शवों का मोक्ष ने किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में लावारिस शवों की बढ़ती संख्या ने एक बार फिर प्रशासन और समाज के संवेदनशील वर्ग को झकझोर दिया है। बीते 24 घंटों में तीन लावारिस शवों की सूचना मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति के अध्यक्ष आशीष ठाकुर को मिली। इनमें एक शव थाना संजीवनी नगर क्षेत्र से और दो शव रेलवे स्टेशन परिसर से बरामद हुए।

**रेलवे स्टेशन और सड़क किनारे मिले शव, सामाजिक सरोकार में उतरी मोक्ष टीम**

### घटनाक्रम और कार्रवाई

मंगलवार को संजीवनी नगर पुलिस ने समिति को एक अज्ञात बुजुर्ग पुरुष (उम्र 55-60 वर्ष) के शव की सूचना दी। इसी दिन रेलवे पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर 6 से एक बुजुर्ग महिला (उम्र 60-65 वर्ष) और एक अन्य बुजुर्ग पुरुष (उम्र 55-65 वर्ष) का शव मिलने की जानकारी दी। पुलिस के आग्रह पर मोक्ष टीम तुरंत मौके पर पहुंची, मर्ग पंचनामा की प्रक्रिया कराई और शवों को तिलवारा श्मशान घाट ले जाकर सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार किया। एक शव का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा।

### आश्रय भी दिलाया

सेवा कार्य के दौरान मोक्ष टीम को पेरालाइस रोड किनारे एक महिला और एक पुरुष लावारिस अवस्था में मिले। महिला को दमोह नाका स्थित ब्रिज के नीचे से लाया गया। दोनों को मोक्ष आश्रय में रखा गया और आवश्यक देखभाल प्रदान की गई।

### सामाजिक और प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता-

मोक्ष समिति ने बताया कि ऐसे मानवीय कार्यों के लिए न सिर्फ सामाजिक सरोकार बल्कि प्रशासनिक सहयोग भी आवश्यक है। अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने कहा कि लावारिस शवों और बेसहारा लोगों के लिए संसाधन जुटाना चुनौती है, इसलिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए।

### सेवाभावी टीम की मौजूदगी-

अंतिम संस्कार और सेवा कार्य में योगेश कोरी, प्रशांत निषाद, मंतोष ठाकुर, सुमित मिश्रा, अंकित पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और पूरी निष्ठा से कार्य में जुटे।

## कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र को बचाने करेगी वोट सत्याग्रह

## चुनाव आयोग पिंजरे में बंद तोते की तरह कर रहा कामः पटवारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यहां कहा कि चुनाव आयोग पिंजरे में बंद तोते की तरह प्रधानमंत्री के लिए काम कर रहा है। कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र और संविधान की पवित्रता को बचाने के लिए कांग्रेस ने एक बड़ा जनआंदोलन वोट सत्याग्रह के नाम पर शुरु किया है, जिसकी शुरुआत रीवा से हो रही है। अल्पप्रवास पर आए श्री पटवारी यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रभारी सुखदेव पांसे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, वरिष्ठ नेता दिनेश यादव, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री पटवारी ने कहा कि एक वोट से देश का भविष्य तय होता है। एक एक वोट से हम अपनी सरकारे चुनते है। इस प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर लोकतंत्र नहीं बचेगा, तो देश भी नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रसे ने जब से वोट चोरी का खुलासा किया तब से केंद्र से जुड़ी सारी वेबसाईट और सूचनाएं बंद कर दी है। यह पारदर्शिता खत्म करने का षड़यंत्र है। इसे कांग्रेस कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस मुद्दे का समर्थन किया जिसमें एक ही व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में कई स्थानों पर मौजूद होने की बात कही गई थी — यह स्थिति न केवल एक ही विधानसभा क्षेत्र में, बल्कि प्रदेश के अन्य क्षेत्रों और प्रदेश से बाहर भी देखी गई है।उन्होंने कहा कि इस तरह की शिकायतें बीजेपी और कांग्रेस दोनों के उम्मीदवारों ने की हैं, लेकिन आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। पटवारी का आरोप है कि सत्ताधारी होने के कारण बीजेपी चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रही है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी का नैरेटिव राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि नागरिकों के वोट और संविधान पर भरोसा बनाए रखने के लिए है। अगर लोकतंत्र की रक्षा नहीं की गई, तो भविष्य में देश को तानाशाही का सामना करना पड़ सकता है।



### चुनाव प्रक्रिया से पारदर्शिता समाप्त करने की कोशिश कर रही मोदी सरकार

केंद्र सरकार ऐसे कानून ला रही हैं जिससे आम जनता, राजनीतिक दल, और कार्यकर्ता चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं कर पायेगी। श्री पटवारी ने कहा कि यदि चुनाव प्रक्रिया से पारदर्शिता समाप्त कर दी जाएगी तो लोकतंत्र की जड़े भी कमजोर हो जाएगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर राहुल गांधी का संदेश फैलाने का आव्हान किया। उन्होंने लक्ष्य रखा कि सिर्फ जबलपुर में ही कम से कम एक लाख घरों तक यह संदेश पहुंचेगा। प्रदेश भर में करोड़ों परिवारों से संपर्क किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पहले भी पीढ़िया थी जिनने संविधान पर भरोसा करके देश की सेवा की, आज यह जिम्मेदारी हमारी है और कल आने वाली पीढ़ी की जिम्मेदारी होगी।

## सिविल लाइन पुलिस को मिली सफलता, चोरी की एक्टिवा समेत माल बरामद

## मोबाइल झपटने वाले दोनों बदमाश गिरफ्तार

**हरिभूमि, जबलपुर।** सिविल लाइन क्षेत्रातंर्गत रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-6 के बाहर डीआरएम ऑफिस गली में 29 जुलाई की सुबह ड्यूटी पर जा रहे जिला न्यायालय के कर्मचारी अमित कुमार मेहरा से मोबाइल झपटने वाले दोनों आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। टीआई अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि सोमवार देर रात रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 के पास बिना नंबर की एक्टिवा पर खड़े दो संदिग्ध युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम 20 वर्षीय जीशान पिता मोहम्मद रफीक निवासी चांदनी चौक और 20 वर्षीय रैहान अहमद पिता मोहम्मद नसीम निवासी चार खम्बा हनुमानताल बताए।

### पूछताछ में कबूली वारदात

टीआई नामदेव ने बताया कि तलाशी में उनके पास से झपटा हुआ मोबाइल मिला, जिसकी कोई वैध जानकारी नहीं दी गई। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने गुनाह कबूल करते हुए बताया कि एक्टिवा उन्होंने गोरखपुर गुरुद्वारे के पास से चोरी की थी और मोबाइल झपट्टा डीआरएम ऑफिस के पास मारा था। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की एक्टिवा और मोबाइल जब्त कर गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में एएसआई शैलेन्द्र सिंह मार्को, एएसआई इंदल सिंह मरावी, आरक्षक दिलीप यादव और सैनिक प्रदीप दुबे।

## शहपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 14 चोरी की मोटर साइकिल बरामद

# दो शातिर वाहन चोर और दो नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर शिकंजा कसते हुए शहपुरा पुलिस ने दो कुख्यात वाहन चोरों और उनके दो नाबालिग साथियों को धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 14 दुपहिया वाहन बरामद हुईं, जिनकी कीमत करीब 8 लाख रुपये आंकी गई है। टीआई प्रवीण धुर्वे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में 19 वर्षीय सोनू बर्मन पिता रामस्वरूप निवासी शहपुरा और दशरथ लोधी निवासी ग्राम बिजौरी थाना चरगवा शामिल हैं। दोनों के साथ 16-17 वर्ष के दो नाबालिग भी वाहन चोरी में लिप्त थे।

### जब्त हुए वाहन और उनके नंबर जारी

टीआई धुर्वे ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने शहपुरा से पांच और जबलपुर व आसपास के थाना क्षेत्रों से नौ मोटर साइकिल चोरी करना कबूला है। बरामद वाहनों में एमपी 34 एमएल 3126, एमपी 20 एनयू 3121, एमपी 20 एनजी 4523, एमपी 20 एनयू 1197, एमपी 20 एमटी 8264, एमपी 20 एसक्यू 6535, एमपी 20 एनएस 2064, एमपी 49 एमके 0460



(रामसिंह पटैल, बगासपुर), एमपी 49 एमडी 2135 (संजय दुबे, कंदेली), एमपी 34 एमबी 5750 (प्रदीप बर्मन, सिविल वार्ड), एमपी 19 एमडब्ल्यू 7056 (मो. मजीद, सतना), एमपी 20 एमपी 7539 (योगेश राय, दमोह नाका), एमपी 20 केएच 9289 (विनोद कुशवाहा, ग्वारीघाट) और एमपी 20 जेडक्यू 9422 (रामविशाल पिला, हिनौता) शामिल हैं।

### खमरिया, भेड़ाघाट में भी दर्जगी

टीआई धुर्वे के मुताबिक जांच में इन वाहनों से संबंधित शहपुरा में पांच, खमरिया में एक और भेड़ाघाट में एक प्रकरण दर्ज होना पाया गया, जबकि बाकी वाहनों के मालिकों का पता इंजन और चेसिस नंबर के आधार पर पतासाजी की जा रही है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में एसआई महेन्द्र जाटव, रितु उपाध्याय, संतोष ठाकुर, एएसआई आलोक सिंह, दिनेश सिंह, प्रधान आरक्षक जयंत जाटव, आरक्षक रवि सनोडिया, विकास, सलमान खान, अमित पटेल, रोहित, राहुल गुप्ता, प्रमोद, रवि दुबे, गोविंद, ताराचंद और नितिन कुमार जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## 6वीं बटालियन ने निकाली बाइक रैली

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता का दिया संदेश

**हरिभूमि, जबलपुर।** देश की आज़ादी के 79वें पर्व को भव्यता से मनाने और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 6वीं वाहिनी विसबल, जबलपुर ने 12 अगस्त को रांझी उपनगरीय क्षेत्र में विशेष तिरंगा बाइक रैली निकाली। मध्य प्रदेश शासन व पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत आयोजित इस रैली में देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश एक साथ गूंजा। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन और उप सेनानी अभिषेक राजन, लामू सिंह श्याम, पी.एल. परतेती के नेतृत्व में बटालियन के अधिकारी-कर्मचारी तिरंगे की आन-बान-शान के साथ मोटरसाइकिलों पर सवार हुए। हाथों में लहराते तिरंगे, फ्लेक्स और गूंजते देशभक्ति गीतों के बीच रैली रांझी के प्रमुख मार्गों से होती हुई परेड ग्राउंड पर संपन्न हुई।

### यह रहे उपस्थित-

इस दौरान सहायक सेनानी महेन्द्र प्रताप सिंह, सुबोध लोखण्डे, रीना पाण्डेय, टीआई हितेश फुलझेले, विक्रम सिंह, विजय मेहरा, सुशील बागरी, स्वरूप सिंह उइके सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिहोरा बैंक डकैतीः 14 करोड़ का सोना और 5 लाख कैश उड़ाए

# 100 से ज्यादा फुटेज खंगाले लेकिन लुटेरे गायब

## आईजी-पुलिस कप्तान ने सिहोरा से मझौली तक किया निरीक्षण, बैंक में सुरक्षा शून्य, अंदरूनी मिलीभगत के शक पर जांच

हरिभूमि, जबलपुर।

जिला मुख्यालय से महज 42 किलोमीटर दूर सिहोरा के खितौला थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुई सनसनीखेज बैंक डकैती ने पूरे जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। छह हथियारबंद लुटेरे खुलेआम बैंक में घुसे, कट्टे की नोक पर 14 किलो 873 ग्राम सोना (कीमत करीब 14 करोड़ रुपये) और 5 लाख 9 हजार रुपये कैश लूटकर फिल्मी अंदाज में फरार हो गए और पुलिस के 24 घंटे बाद भी खाली हाथ है।

### आईजी-कप्तान का दौरा, तीन दिशाओं में सर्च

घटना के अगले दिन जबलपुर जोन के आईजी प्रमोद वर्मा, एसपी संपत उपाध्याय और एसडीओपी सिहोरा प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य सिंघारिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम सिहोरा से मझौली तक पहुंची, जहां लुटेरों की आखिरी लोकेशन मिली। यहां से तीन रास्ते निकलते हैं जो बचैया, गुबरा-दमोह और कटंगी। पुलिस ने इन तीनों रूट पर नाकेबंदी और तलाशी तेज कर दी है।

### डकैती का घटनाक्रम लूट और दबंगई

सोमवार सुबह बैंक खुलते ही छह लुटेरे अंदर घुसे। पहले उन्होंने कर्मचारियों को धमकाकर बैग में सोना भरवाया,



लेकिन उनकी धीमी रफ्तार देख खुद तेजी से जेवर समेटने लगे। निकलते समय उनकी नजर कैश काउंटर पर पड़ी और वे 5 लाख रुपये कैश भी साथ ले गए। वारदात के दौरान बैंक में कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था, न ही चैनल गेट जैसी बुनियादी व्यवस्था।

### सुरक्षा में लापरवाही, खुली छूट लुटेरों को

चौंकाने वाली बात यह है कि करोड़ों रुपये का सोना बैंक में मौजूद था, फिर भी सुरक्षा इंतजाम लगभग शून्य थे। मुख्य सड़क पर स्थित बैंक में लुटेरे बिना किसी रोक टोक के घुसे और वारदात के बाद उतनी ही आसानी से बाहर निकल गए। यह बैंक प्रबंधन की गंभीर लापरवाही है, जिसने लुटेरों को खुली छूट दी।

### फुटेज, हेलमेट और संदिग्ध पर फोकस

क्राइम ब्रांच और 15 थानों की संयुक्त टीम अब तक 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल चुकी है। लेकिन सभी लुटेरे हेलमेट पहने थे, जिससे चेहरे पहचानना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने सिहोरा और जबलपुर की उन दुकानों में पूछताछ शुरू की है, जहां हाल ही में एक साथ कई हेलमेट खरीदे गए हों। दुकानों में लगे सीसीटीवी से भी सुराग तलाशे जा रहे हैं।

### बीमा और अंदरूनी भूमिका पर शक

पुलिस जांच में पता चला है कि लॉकर में रखा सोना ग्राहकों का था, जिसके बदले उन्हें लोन दिया गया था, और कुछ ने सुरक्षा के लिए सोना जमा किया था। पूरे सोने का बीमा कराया गया था। पुलिस अब बैंक कर्मियों की भूमिका और संभावित अंदरूनी मिलीभगत की जांच कर रही है, क्योंकि इतनी बड़ी डकैती बिना अंदरूनी जानकारी के मुश्किल मानी जा रही है।

### जवाबदेही पर चुप्पी, जनता में आक्रोश

वारदात ने आम लोगों के मन में गहरा डर बैठा दिया है। लोग पूछ रहे हैं करोड़ों का सोना रखने वाला बैंक बिना सुरक्षा कैसे चल रहा था? और पुलिस की नाक के नीचे लुटेरे कैसे निकल गए? प्रशासन और बैंक प्रबंधन की चुप्पी इन सवालों को और भारी बना रही है।

### इनका कहना है-

लुटेरों को दबोचने के लिए सघन ऑपरेशन चल रहा है। गैंग पेशेवर है जिसने बैंक की पूरी रैकी उपरांत वारदात को अंजाम दिया है। कुछ अहम सुराग हाथ लगे है जिनकी तस्दीक चल रही है। अभी फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

**-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान**

## खबर संक्षेप

### ओप्पो का 13 टर्बो सीरीज 5जी के दो स्मार्टफोन पेश

**जबलपुर।** ओप्पो इंडिया ने ओप्पो के13 टर्बो सीरीज 5जी पेश की है। इस सीरीज में दो स्मार्टफोन हैं, ओप्पो के13 टर्बो प्रो 5जी और ओप्पो के13 टर्बो 5जी। ये बिल्ट-इन कूलिंग फैन के साथ आने वाले भारत के पहले स्मार्टफोन हैं, जो स्मार्टफोन थर्मल मैनेजमेंट में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। ओप्पो इंडिया के हेड ऑफ प्रोडक्ट कम्युनिकेशन, सैवियो डिसूजा ने कहा के13 टर्बो सीरीज हैवी परफॉर्मेंस पसंद करने वाले गेमर्स और हैवी यूजर्स के लिए है।

### कोटक महिंद्रा और ज्योति सीएनसी ने की साझेदारी

**जबलपुर।** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने भारत की अग्रणी सीएनसी मशीन निर्माता कंपनी ज्योति सीएनसी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत, मशीन टूल सेक्टर से जुड़े छोटे और मध्यम उद्यमों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए उपकरण फाइनेंसिंग समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे। कोटक महिंद्रा बैंक डिजिटल माध्यम से 3 करोड़ रुपए तक के उपकरण ऋण प्रदान करेगा।

### डब्ल्यूडी ब्लैक एसएन7100 एनवीएमई एसएसडी लांच

**जबलपुर।** सैनडिस्क की गेमिंग ड्राइव डब्ल्यूडी ब्लैक एसएन7100 एनवीएमई एसएसडी भारत में उपलब्ध हो गई है। हाई परफॉर्मेंस डब्ल्यूडी ब्लैक एसएन7100 गेमर्स के लिए बनाई गई है, ताकि वो आज के अत्यधिक विजुअल और इमर्सिव गेम खेल सकें, जो फाईल साइज में लगातार बढ़ते रहते हैं। कंपनी के सेल्स इंडिया, खालिद वानी ने कहा कि एसएन7100 एनवीएमई एसएसडी गेमिंग की अगली जनरेशन के लिए बनाई गई ड्राइव है।

### 550 से 650 रुपए किलो के भाव बेचकर कर रहे मुनाफाखोरी

# पाम बीज मिलाकर बेची जा रही सुपारी

जबलपुर।

मिलावटखोरों द्वारा सुपारी में पाम के बीज की मिलावट की जा रही है। इसे चना सुपारी में मिलाकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। इससे सुपारी का सेवन करने वाले लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जानकारी के अनुसार पाम के बीज स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। तंबाकू और सुपारी के मिश्रण के बाद खर्रा बनता है। खर्रा बनने के बाद सुपारी और पाम के बीज की पहचान करना काफी मुश्किल हो जाता है।

पुराने शहर के बाजारों में सुपारी के होलसेल व्यापारी हैं। इनमें से ऐसे कई व्यापारी हैं जो सुपारी में पाम के बीज मिलाकर बेच रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार मिलावटी सुपारी का कारोबार खूब हो रहा है। सुपारी में 200 से 250 रुपए किलो का पाम बीज मिलाया जा रहा है। जानकारों के अनुसार मिलावटखोरी करने वाले सुपारी विक्रेताओं ने खाद्य विभाग के मैदानी अमले से सांठगांठ कर रखी है। जिसके चलते मिलावट का यह गोरखधंधा शहर में खूब फल फूल रहा है। बताया जा रहा जा रहा विभागीय अमले को इस मामले की जानकारी होने के बावजूद वह कार्रवाई नहीं करता। जानकारों के अनुसार कटने के बाद सुपारी की तरह ही दिखने वाला पाम का बीज जो 200 से 250 रुपए किलो मिलता है सुपारी में मिला देते हैं और फिर 550 से 650 रुपए किलो के भाव बेंचकर मुनाफाखोरी करते हैं।



### शालीमार ने अपना नाम स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स किया

**जबलपुर।** स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड ने अपना नाम आधिकारिक रूप से बदल लिया है। कंपनी का बोर्ड 14 अगस्त 2025 को बैठक करेगा।

जिसमें 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड ने 11 अगस्त 2025 को अपना नया नाम औपचारिक रूप से अपनाया। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स, जिसकी स्थापना 2019 में भारत में हुई, एक तेजी से विकसित हो रही फूड और टेक कंपनी है, जिसके संचालन भारत, अमेरिका और कनाडा में हैं। कंपनी के पास बफ़ेलो वाइल्ड विंग्स, विंगज़ोन, ईट्च और टेकसॉफ्ट जैसे वैश्विक ब्रांडों के लिए विशेष फ्रेंचाइज़ी अधिकार हैं।

### 1.2 लाख रुपए तक का डिस्काउंट ऑफर

# त्योहारी सीजन से पहले कार कंपनियों की बड़ी छूट

जबलपुर।

कार कंपनियां नए मॉडल लांच से पहले अनबिके स्टॉक को खत्म करने के लिए अगस्त में भी भारी छूट दे रही हैं। रक्षाबंधन और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों के मद्देनजर कंपनियां 40 हजार रुपए से लेकर 1.2 लाख रुपए तक के लाभ ऑफर कर रही हैं।

इस बार छूट का पैटर्न पिछले साल से अलग है- लोकप्रिय हैचबैक और सिडैन पर 40,000–80,000 रुपए की छूट, जबकि चुनिंदा एसयूवी और एमपीवी पर 1 लाख रुपए से ज्यादा का लाभ दिया जा रहा है। डीलरों के मुताबिक, यह रणनीति बढ़ती ईएमआई से राहत देने और त्योहारी सीजन से पहले अनबिके वाहनों को निकालने के लिए अपनाई गई है। कॉम्पैक्ट एसयूवी जैसे हुंडई क्रेटा, किया सेल्टोस और मारुति ग्रैंड विटारा पर 45,000–80,000 रुपए, प्रीमियम हैचबैक में बलेनो, आई20 और अल्ट्रोज पर 30,000–60,000 रुपए की छूट है। मिड सिडैन में हुंडई वरना और होंडा सिटी पर 1 लाख रुपए तक का ऑफर है, जबकि टोयोटा इनोवा क्रिस्टा और टाटा सफारी पर 50,000–1.2 लाख रुपए तक का लाभ मिल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह छूट सितंबर-नवंबर तक जारी रह सकती है, लेकिन त्योहारी सीजन में बिक्री तेज होती है तो साल के अंत में इसमें कटौती हो सकती है।

श्रीफल (नारियल) मौजूदा में महंगाई की गिरफ्त में और यह दोगुने दाम पर

# माल शॉर्टेज, आपूर्ति बाधित होने से एक नारियल 35 से 40 रु. का हुआ

जबलपुर।

महीने भर चला शिव अराधाना का श्रावण मास और फिर रक्षाबंधन का पर्व, इसके बाद अब श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी अन्य त्यौहार आगामी दिनों में है। इन दिनों श्रद्धालु पूजा-अर्चना में भावलीन होंगे और बाजार में पूजन सामग्री के साथ नारियल की बंपर लेवाली होती है। लेकिन भगवान को बतौर चढ़ावा के रूप में अर्पित किया जाने वाला श्रीफल (नारियल) मौजूदा में महंगाई की गिरफ्त में और यह दोगुने दाम पर बिक रहा है।

सभी शुभ कामों में इस्तेमाल किया जाने वाले नारियल के भाव में ऐतिहासिक तेजी दर्ज हुई है। खुदरा बाजार में नारियल 35 से 40 रुपए प्रति नग के भाव पर बेचा जा रहा है।



### जबलपुर के व्यापारी भी इंदौर से भारी मात्रा में मंगाते हैं नारियल

**इंदौर से सबसे ज्यादा नारियल की सप्लाई**

*नारियल व्यापारी के अनुसार स्थानीय थोक बाजार में नारियल के थोक भाव 160 भरती 4500 रुपए, 200 भरती 3800 और 250 भरती वाला नारियल 5800 से 6000 रुपए बोरे के भाव है। उन्होंने बताया कि मांग के अनुरूप माल की आवक नहीं हो रही है। बाजार में नारियल की शॉर्टेज है क्योंकि इसकी उत्पादका काफी कमजोर रही। संजय जैन ने बताया कि मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा नारियल की सप्लाई इंदौर से की जाती है। पहले दक्षिण भारत के उत्पादक क्षेत्रों से नारियल भोपाल से आता है और फिर यहां से राज्य के दूसरे स्थानों में भेजा जाता है, लेकिन डिमांड बढ़ रही है और सप्लाई उतनी तेजी से नहीं हो रही है, जिससे दामों में तेजी देखी जा रही है।*

# इनकम टैक्स का नया एक्ट 1 अप्रैल 2026 से होगा लागू

जबलपुर।

इनकम टैक्स बिल, 2025 का नया वर्जन पास हो गया। नए वर्जन में दो ऐसे प्रावधान शामिल हैं, जिससे टैक्सपेयर्स को काफी फायदा होगा। दरअसल ससंदीय समिति ने बिल के पहले वर्जन की स्टडी करने के बाद सरकार को इसमें 285 संशोधन करने की सलाह दी थी।

बताया जाता है कि टैक्सपेयर्स के हित को ध्यान में रख सरकार ने ज्यादातर सिफारिशें मान ली हैं। इनकम टैक्स का नया एक्ट 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाला है। इनकम टैक्स बिल 2025 के नए वर्जन के मुताबिक देर से इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने पर भी रिफंड मिलेगा। इसका मतलब है कि अगर कोई टैक्सपेयर अंतिम तारीख के बाद रिटर्न फाइल करता है तो भी उसे रिफंड मिलेगा। इनकम टैक्स बिल, 2025 के पहले वर्जन में देर से रिटर्न फाइल करने पर रिफंड नहीं देने का प्रावधान था। इस पर टैक्स एक्सपर्ट्स को आपत्ति थी। सरकार ने नए वर्जन में इस नियम में संशोधन किया है। यह टैक्सपेयर्स के हित में बड़ा बदलाव है।




पुलिस ने दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया

# पहले वृद्ध की गाड़ी में टक्कर मारी, फिर चाकू से किया जानलेवा हमला

**जबलपुर।** तिलवारा के नए पुल के ऊपर दो पहिया वाहन सवार अज्ञात लड़कों ने एक टीव्हीएस चैम्प में टक्कर मार दी, जिससे वाहन का चका बेंड हो गया। वृद्ध ने बोला कि इसके सुधारने का पैसा कौन देगा, इससे नाराज होकर अज्ञात लड़कों ने चाकू से वृद्ध पर प्राणघातक हमला कर दिया। घायल वृद्ध को उपचार के लिए डायल 100 से मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रमनगरा निवासी 60 वर्षीय किसान बेडी उर्फ बखेड़ी उर्फ भाव सिंह बर्मन गत शाम लगभग 5.30 बजे जोधपुर पड़ाव पेट्रोल पंप से अपनी टीव्हीएस चैम्प क्रमांक एमपी 20 एसआर 0793 में पेट्रोल भरवाकर पुल से होते रमनगरा जा रहा था, नया पुल के ऊपर दुपहिया वाहन में सवार दो अज्ञात व्यक्ति ने तेज गति से चलाते हुये उसकी टीव्हीएस चैम्प में टक्कर मार दी जिससे उसकी गाड़ी का चका बेंड हो गया तो उसने उन लड़कों से कहा कि मेरा नुकसान हो गया है इसके पैसे कौन देगा, इसी बात पर एक लड़का उसके साथ गाली गलौज करने लगा, और पीछे बैठे लड़के ने जान से मारने की नीयत से चाकू से उसके पेट पर हमला कर घायल कर संविधान चौक तरफ भाग गए। सूचना मिलने पर डायल 100 से घायल को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 281, 109, 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# नगर पालिका के कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**सिहोरा।** नगर पालिका परिषद सिहोरा द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली साथ ही नगर के लोगों से साफ सफाई रखने हेतु जागरुक करने नगर में भ्रमण कर संदेश प्रसारित किया गया जिसमें सभी लोगों से अपील की गई की हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने घर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों में वाहनों पर तिरंगा लगावे और स्वतंत्रता दिवस के साथ स्वच्छता को अपनाते हुए अपने आसपास सफाई रखें तिरंगा यात्रा में पार्षद प्रमोद चौधरी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा,उपयंत्री देवेन्द्र व्यास,सुप्पी बर्मन,अशोक चौधरी,स्वच्छता निरीक्षक राकेश गुप्ता,राजस्व निरीक्षक सुशील वर्मा,मनोज खम्परिया,संतोष सूर्यवंशी , विजय बेगा,बबन श्रीवास्तव,रवि बर्मन,मुकेश, नारायण बिल्हा,चमन श्रीवास,संतोष तिवारी, इम्तियाज,पार्थ गौतम,अजय शुक्ला,अरुण उपाध्याय,गगन पटेल,अयूब खान,देवी साहू,वीरेंद्र तिवारी,प्रतीक भार्गव,आनंद नामदेव,अनिकेत तिवारी,हैप्पी बर्मन,हिमांशु कुररिया,संकलित पाठक,गौस खान,अमर चौहान सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम पर के तहत किया पौधरोपण

**सिहोरा।** ग्राम पंचायत कैलवास में एक पेड़ मां के नाम से खेल माता मंदिर में पौधारोपण किया गया जिसमें अनेक फलदार एंव छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सरपंच ब्रम्हानन्द पटेल, उपसरपंच महेंद्र पटेल, सचिव रामकिशोर पटेल, रमाशंकर पटेल,विजय असाटी बुढागर, रामनाथ पटेल, सेल पटेल, आशीष पटेल, सोहन चक्रवर्ती, रवि बर्मन, मुकेश बर्मन, राधे पटेल, गेंद लाल पटेल, मातृशक्ति प्रीति पटेल, निकी पटेल, उमा पटेल, इलायची बाई, श्याम बाई पटेल आदि ने पौधारोपण कर उसकी रक्षा का संकल्प लिया।



# भेड़ाघाट नगर परिषद में कार्यक्रम आयोजित



**भेड़ाघाट।** नगर परिषद भेड़ाघाट के सफलतापूर्वक 3 वर्ष पूर्ण होने पर नगर परिषद भेड़ाघाट कर्मचारी संघ द्वारा कार्यालय सभा कक्ष में परिषद के सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी गई एवं शेष बचे कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी गई कार्यक्रम में नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी ,उपाध्यक्ष जगदीश दहिया, पूर्व उपाध्यक्ष श्री किशोर दुबे, वर्तमान पार्षद श्रीमती मीनाक्षी हीरेंद्र प्रताप सिंह ,पार्षद रमेश यादव, श्रीमती नर्मदा बाई, लक्ष्मण यादव, निरंजन भूमिया कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील बैरागी उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे सीएमओ विक्रम सिंह झरिया, अनुज सिंह ठाकुर, विजय कोरी , अमित मिश्रा, डालचंद सेन, सुश्री प्रिंसी नामदेव, अमन ठाकुर, दीपक शुक्ला, नेम चंद यादव, अंशुल सेन आदि उपस्थित रहे।

### केटल वाहन में तोड़फोड़

# हाका गैंग के साथ 3 लड़कों ने की मारपीट

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत गुलौआ चौक में अज्ञात तीन लड़कों द्वारा शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न करते हुए नगर निगम के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर पशु वाहन के कांच में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांजी हाउस चेरीताल नगर निगम क्वाटर कोतवाली निवासी 47 वर्षीय नगर निगम शासकीय कर्मचारी ऋतु रंजन यादव गत दिवस नगर निगम के पशु वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 7914 को लेकर ड्राईवर सद्दाम एवं हाका कर्मी राजेश पांडे, सुल्तान, कमल बर्मन, राजकुमार कुशवाहा, नौशाद, मोहम्मद वहीद के साथ जबलपुर शहर में सड़क में बैठे आवारा मवेशियों को लेने के लिए, निकले थे। गुलौआ चौक से दो गाय जो रोड पर बैठी थी, उन्हें पकड़कर गौशाला तिलवारा छोड़ने जा रहे थे रात्रि लगभग 10 बजे जैसे ही गुलौआ चौक से थोड़ा आगे अर्चना पैथोलाजी लैब के सामने पहुँचे तभी बाईक से तीन अज्ञात लड़के आये और नगर निगम के पशु वाहन को रोककर शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए पशु वाहन मे चढ़ाई गई दोनों गायों को छुड़ा लिये, जिन्हें मना किया तो तीनों लड़को ने ऋतुरंजन एवं सुल्तान, डाईवर सद्दाम के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की एवं नगर निगम के पशु वाहन के सामने तोड़फोड़ की जिससे पशु वाहन का काँच टूट गया। जिससे लगभग 10 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। आरोपियों ने दोबारा मोहल्ले में पशु वाहन लेकर आने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने अज्ञात तीनों लड़कों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 132, 121(1), 221, 126(2), 324(4), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**श्रीमती मंजीत कौर-** पीपी कॉलोनी पोलीपाथर गौरीघाट रोड निवासी श्री त्रिलोचन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मंजीत कौर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री साहिल केवट-** करियापाथर सेवक के पीछे निवासी श्री संजू केवट के पुत्र श्री साहिल केवट (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सीताराम रैकवार-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री सीताराम रैकवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली चौधरी-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री हीरा लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बिहारी लाल साहू-** रिषी नगर करमेता निवासी श्री बिहारी लाल साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला चौधरी-** रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री हीरा लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश नाथ मेहरा-** सुखसागर वैली गौरीघाट रोड निवासी श्री कैलाश नाथ मेहरा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री पंचम लाल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई बंशकार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बेटी बाई-** मदनमहल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री दशरथ की धर्मपत्नी श्रीमती बेटी बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीलम दुबे-** तमरहाई चौक कोतवाली वार्ड निवासी श्री कमलेश कुमार दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम दुबे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्रीमती बिसरती बाई लोधी-** तिलहरी फेस 1 निवासी श्री राम स्वरूप लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती बिसरती बाई लोधी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुदर्शन खरे-** सर्वोदय स्कूल के पीछे कांचघर निवासी श्री सुदर्शन खरे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधेश्याम गुप्ता-** नरबद तेली का बाड़ा शीतलामाई सरकारी कुआं रोड निवासी श्री राधेश्याम गुप्ता (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री यश मेहरोलिया-** सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री किशोर मेहरोलिया के पुत्र श्री यश मेहरोलिया (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओमकार प्रसाद बर्मन-** ललपुर रोड शिवराज नगर निवासी श्री ओमकार प्रसाद बर्मन (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कोमल बाई विश्वकर्मा-** हनुमान होटल लालमाटी निवासी श्री गंगा प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कोमल बाई विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमलेश मक्कड़-** अनंततारा तिलहरी निवासी श्री मदन लाल मक्कड़ की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश मक्कड़ (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# पुलिस ने महिला को पकड़ा, सवा किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि जबलपुर।

बिलहरी चौकी पुलिस ने एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एसआई सुयश पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा द्वारा जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को मादक पदार्थों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के पालन में क्षेत्र भ्रमण के दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया परोहा के पास एक महिला को रंगेहाथों गिरफ्तार किया। महिला अपने हाथ में एक काले रंग का पिट्ठू बैग लिए हुए खड़ी थी, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगी। जिसे मौके पर उपस्थित महिला स्टाफ द्वारा पकड़कर चेक किया गया। पकड़ी गई छिंशु बाई पति स्व. बट्टी लाल कुशवाहा 57 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया परोहा चौकी बिलहरी के पास मिले काले रंग के पीट्ठू बैग में 1 किलो 269 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया। उक्त आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

कार्यवाही में एएसआई राम सिंह, प्र आर. धर्मेंद्र यादव, संतोष प्रजापति, प्रआर. सविता, आर. विकास का योगदान रहा।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
उक्त साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303808294, 9407362100

# अंबानी परिवार देश का सबसे अमीर कारोबारी घराना, अदाणी को दूसरा स्थान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाला अंबानी परिवार 28 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ देश का सबसे समृद्ध कारोबारी घराना है जबकि अदाणी परिवार 14.01 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

शोध एवं रैंकिंग फर्म हुरुन ने कारोबारी घरानों की संपत्ति में पिछले एक साल में आए बदलाव पर यह रिपोर्ट बार्कलेज के साथ मिलकर तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 300 सबसे मूल्यवान परिवारों की कुल संपत्ति 140 लाख करोड़ रुपये (1.6 लाख करोड़ डॉलर) से अधिक है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 40 प्रतिशत है। जिंदल परिवार भी 21 प्रतिशत उछाल के साथ 5.70 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ एक स्थान ऊपर चला गया। वहीं, बजाज परिवार संपत्ति में 21 प्रतिशत गिरावट के चलते चौथे स्थान पर खिसक गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष 300 कारोबारी परिवारों ने पिछले साल रोजाना औसतन 7,100 करोड़ रुपये की संपत्ति बनाई।

### अंबानी परिवार की कुल 28 लाख करोड़ की संपत्ति

#### अंबानी परिवार की संपत्ति देश की जीडीपी के 12 फीसदी के बराबर

अकेले अंबानी परिवार की ही संपत्ति देश की जीडीपी के 12 प्रतिशत के बराबर है। पिछले एक साल में अंबानी परिवार की संपत्ति में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ अंबानी परिवार ने देश में सबसे अधिक संपत्ति वाले परिवार के तौर पर अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।



#### कुमार मंगलम बिडला परिवार की संपत्ति 20 फीसदी बढ़ी

वहीं, गौतम अदाणी की अगुवाई वाले अदाणी परिवार को 'पहली पीढ़ी के उद्यमी' के तौर पर शुरू सबसे मूल्यवान पारिवारिक कारोबार का मालिक बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक साल में कुमार मंगलम बिड़ला परिवार की संपत्ति 20 प्रतिशत बढ़कर 6.47 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसी के साथ यह परिवार कई पीढ़ियों वाले कारोबारी घराने की सूची में दूसरे पायदान पर पहुंच गया।

#### एक अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले परिवार बढ़कर 161

इस दौरान एक अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले परिवारों की संख्या 37 बढ़कर 161 हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि इस सूची में शामिल एक चौथाई से अधिक कारोबार शेयर बाजारों में सूचीबद्ध नहीं हैं। सूची में शामिल 89 प्रतिशत कारोबार भौतिक उत्पादों की बिक्री करते हैं जबकि 11 प्रतिशत सेवाएं प्रदान करते हैं।

## खबर संक्षेप



### सुजलॉन एनर्जी के लाभ में सात फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सुजलॉन एनर्जी का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.3 प्रतिशत बढ़कर 324.32 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का बीते वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 302.29 करोड़ रुपये रहा था। सुजलॉन एनर्जी ने मंगलवार को बयान में कहा कि कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 2,044.35 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,165.19 करोड़ रुपये हो गई।

### एमआरएफ के मुनाफे में 12 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी एमआरएफ लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 500 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 571 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एमआरएफ लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि 30 जून, 2025 को समाप्त पहली तिमाही में परिचालन राजस्व 7,676 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले यह 7,196 करोड़ रुपये था।

### हाईवे इंफ्रा का शेयर 75 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का शेयर मंगलवार को सूचीबद्ध होने के दिन 70 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 75 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर बंद हुआ। बीएसई में शेयर की शुरुआत निर्गम मूल्य के मुकाबले 67.14 प्रतिशत बढ़कर 117 रुपये पर हुई। बाद में यह 75.48 प्रतिशत बढ़कर 122.84 रुपये पर बंद हुआ, जो शेयर की ऊपरी सर्किट सीमा है। हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर एनएसई पर 64.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 115 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में शेयर 72.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 120.75 रुपये पर बंद हुआ, जो इसकी ऊपरी सर्किट सीमा है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 881.02 करोड़ रुपये रहा।

### जाइडस लाइफसाइंसेज का लाभ 3 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** जाइडस लाइफसाइंसेज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,467 करोड़ रुपये रहा। दवा बनाने वाली कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 1,420 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि जून तिमाही में परिचालन राजस्व बढ़कर 6,574 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 6,207 करोड़ रुपये था।

## खुदरा महंगाई घटकर 1.55 प्रतिशत पर आ गई

# महंगाई से आम आदमी को मिली राहत, 8 साल के निचले स्तर पर पहुंची; सस्ता हुआ खाने-पीने का सामान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत मिली है। जुलाई के महीने में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में आई गिरावट की वजह से इस महीने भारत की रिटेल महंगाई घटकर 1.55 प्रतिशत रह गई है। यह बीते आठ सालों में सबसे कम है।

- जून 2017 के बाद से यह रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून 2017 के बाद से यह रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर है। जुलाई में रिटेल महंगाई इस साल जून के 2.1 प्रतिशत से भी 55 बेसिस पॉइंट कम रही, जो जनवरी 2019 के बाद से रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर है।

#### नेगेटिव जोन में आई महंगाई

इस साल जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले कम होकर -1.76 प्रतिशत के नेगेटिव जोन में आ गई। जून के मुकाबले जुलाई में भी खाद्य मुद्रास्फीति में भी 75 बेसिस पॉइंट की गिरावट दर्ज की गई है। जनवरी 2019 के बाद से खाद्य मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2025 के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में आई इस गिरावट की वजह दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की कम हुई कीमतें हैं।

**खास बातें**

- जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति दर जनवरी 2019 के बाद से सबसे कम
- दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की कम हुई कीमतें



#### ग्रामीण मुद्रास्फीति में भी गिरावट

जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति दर जनवरी 2019 के बाद से सबसे कम है। जुलाई में ग्रामीण मुद्रास्फीति जून के 1.72 प्रतिशत से घटकर 1.18 प्रतिशत रही, जबकि शहरी मुद्रास्फीति इसी दौरान 2.56 प्रतिशत से घटकर 2.05 प्रतिशत रह गई। आवास मुद्रास्फीति 3.17 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रही, शिक्षा मुद्रास्फीति 4.37 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत हो गई और स्वास्थ्य मुद्रास्फीति एक महीने पहले के 4.38 प्रतिशत से बढ़कर 4.57 प्रतिशत हो गई।

#### इन राज्यों में सबसे कम हुई महंगाई


सबसे ज्यादा केरल में महंगाई संयुक्त रूप से कम हुई है, जो 8.89 प्रतिशत दर्ज की गई। उसके बाद जम्मू और कश्मीर (3.77 प्रतिशत), पंजाब (3.53 प्रतिशत), कर्नाटक (2.73 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (2.28 प्रतिशत) का स्थान रहा। इसी के साथ परिवहन एवं संचार मुद्रास्फीति जून के 3.90 प्रतिशत से घटकर जुलाई में 2.12 प्रतिशत हो गई, जबकि ईंधन एवं प्रकाश मुद्रास्फीति 2.55 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 2.67 प्रतिशत हो गई।

#### अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में 2.7 प्रतिशत पर स्थिर

वाशिंगटन। अमेरिका में शुल्क वृद्धि के बीच खुदरा मुद्रास्फीति दर जुलाई में 2.7 प्रतिशत पर स्थिर बनी रही जबकि मुख्य मुद्रास्फीति दर पांच माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अमेरिका के श्रम विभाग ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में कहा कि जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत बढ़ा। यह जून महीने के बराबर ही है जबकि अप्रैल में दर्ज 2.3 प्रतिशत के स्तर से ऊपर है। पिछले महीने मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो जून के 2.9 प्रतिशत से अधिक है।

# कबाड़ पर अधिक जीएसटी से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ठोस कचरे के प्रबंधन पर लागू 18 प्रतिशत जीएसटी को घटाने की सिफारिश करते हुए एक अध्ययन में कहा गया है कि इससे सरकार को सालाना करीब 65,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। साथ ही इससे कबाड़ का पर्यावरण अनुकूल तरीके से प्रबंधन भी प्रभावित हो रहा है।

- सीएसई ने मंगलवार को जारी किया एक अध्ययन रिपोर्ट

शोध संस्थान 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' (सीएसई) की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट कहती है कि कबाड़ खरीदने-बेचने वाले छोटे कारोबारी 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का बोझ नहीं उठा सकते हैं लिहाजा वे नकद में लेनदेन करते हैं और कर नहीं चुकाते हैं। अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान होता है बल्कि कर चुकाने वाले संगठित कारोबारियों के लिए असंगठित कारोबारियों से प्रतिस्पर्धा कर पाना मुश्किल हो जाता है। रिपोर्ट कहती है कि कबाड़ कारोबार में असंगठित क्षेत्र के इस दबदबे से सालाना करीब 65,000 करोड़ रुपये का जीएसटी नुकसान होता है, जो वर्ष 2035 तक बढ़कर 86,700 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, धातु, प्लास्टिक, ई-कचरा और औद्योगिक उप-उत्पादों पर समान रूप से 18 प्रतिशत कर लगाने से अपशिष्ट पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) को बढ़ावा देने के प्रयास कमजोर पड़ते हैं।

#### 40 प्रतिशत इस्पाद उत्पादन कबाड़ से होगा

*संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक शुभ्रजीत गोस्वामी ने कहा कि राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत वर्ष 2030 तक 40 प्रतिशत इस्पात उत्पादन कबाड़ से होना है, लेकिन मौजूदा कर दरें छोटे कारोबारियों के लिए संगठित ढंग से कामकाज को अलाभकारी बना रही हैं। अध्ययन में कहा गया है कि धातु, प्लास्टिक और ई-कचरे पर जीएसटी को चरणबद्ध तरीके से घटाकर पहले 12 प्रतिशत और फिर पांच प्रतिशत पर लाया जाए।*

# वैश्विक बाजारों में बिकवाली के बीच सोना 1,000 रुपये लुढ़का

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बिकवाली के चलते मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,02,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

- चांदी 2,000 रुपए फिसली, सोना घटकर 1,01,520 रुपए प्रति दस ग्राम रहा

स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,000 रुपये टूटकर 1,01,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह स्पष्ट करने के बाद कि सोने के आयात पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा, सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन इस घोषणा से व्यापार संबंधी चिंताएं कुछ कम हो गई हैं।''इसके अलावा व्हाइट हाउस ने सोमवार को घोषणा की कि चीन पर लगाया गया भारी शुल्क अब 11 नवंबर तक निलंबित रहेगा। मेहता ने कहा कि इस फैसले से फिलहाल वृहत आर्थिक तनाव को कम करने में मदद मिली है। जिससे सोने की कीमतों में गिरावट आई। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे बढ़कर 87.65 पर पहुंच गया।



# गोल्ड ईटीएफ में जुलाई में निवेश 40 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश जुलाई में इससे पिछले महीने के मुकाबले 40 प्रतिशत घटकर 1,256 करोड़ रुपये रहा। सोने की ऊंची कीमतों, खासकर शुल्क से जुड़ी खबरों को लेकर चिंताओं के कारण इसमें कमी आई। इस गिरावट के बावजूद, जुलाई के आंकड़े लगातार तीसरे महीने सकारात्मक निवेश को दर्शाते हैं।जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष जोसेफ ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद इस वक्त निवेशकों के लिए सोने की चाल का अनुमान लगाना मुश्किल है। इस बात को लेकर चिंता लगातार बढ़ रही है कि क्या निवेशक ऊंचे स्तरों पर खरीदारी जारी रखेंगे। जोसेफ ने कहा, ''कई निवेशक बचाव के तौर पर सोने में कुछ निवेश करना चाहते हैं, लेकिन मौजूदा कीमतों को देखते हुए वे सतर्क बने हुए हैं।'' एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार जुलाई में गोल्ड ईटीएफ में 1,256 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जो जून में दर्ज 2,081 करोड़ रुपये से कम है। इस साल जनवरी-जुलाई के दौरान गोल्ड ईटीएफ में कुल 9,277 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। इससे पता चलता है कि पोर्टफोलियो में रणनीतिक आवंटन के रूप में इसकी भूमिका बढ़ रही है।

- निवेश घटकर 1256 करोड़ रुपए रहा




**सोने को लेकर रूचि कायम**

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के वरिष्ठ विश्लेषक (प्रबंधक अनुसंधान) नेहल मेश्राम ने कहा कि लगातार मांग, अस्थिर वैश्विक ब्याज दरों और भू-राजनीतिक जोखिमों सहित दीर्घकालीन वृहद अनिश्चितताओं के बीच सोने को लेकर रुचि बनी हुई है।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह में आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 3.95 प्रतिशत घटकर 6.64 लाख करोड़ रुपये रहा। कर संग्रह में कमी की मुख्य वजह 'रिफंड' का अधिक होना है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। प्रत्यक्ष कर में कंपनियों, व्यक्ति, पेशेवरों और अन्य संस्थाओं की आय पर कर शामिल हैं।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच में अब तक जारी 'रिफंड' 10 प्रतिशत बढ़कर 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध कंपनी कर संग्रह तीन प्रतिशत बढ़कर करीब 2.29 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि गैर-कंपनी कर (जिसमें व्यक्ति, हिंदू अविभाजित परिवार व कंपनी शामिल हैं) संग्रह 7.45 प्रतिशत घटकर 4.12 लाख करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 22,362 करोड़ रुपये रहा।शुद्ध रूप से संग्रह 3.95 प्रतिशत घटकर करीब 6.64 लाख करोड़ रुपये रहा। यह बीते वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 6.91 लाख करोड़ रुपये था।

**कार्यालय, शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय**
शारदानगर रांझी जबलपुर (म. प्र.) 482009 V.F.J
(केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था) डाइस कोड-23390221124
CBSE AffiliationNo.- 1020169 website-www.grsjabalpur.org E-MailID-prinrsjab@gmail.com Tel-No.0761- 2330176

क्र./स्था./अतिथि/ 2025/313 — **अतिथि शिक्षक हेतु विज्ञापन** — जबलपुर, दिनांक- 11/08/2025

मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शारदा नगर रांझी जबलपुर म.प्र. में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्यापन व्यवस्था हेतु निम्नानुसार संस्था में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षको की सेवाए CBSE कक्षाये पढ़ाने हेतु ली जाना है, शासन स्तर से रिक्त पदों पर नियमित शिक्षक पदस्थ होने की दशा में अतिथि शिक्षक की सेवाए स्वत: ही समाप्त हो जावेगी । पदों की संख्या परिवर्तनीय है । आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में जमा करने का समय दोपहर 12 बजे से 4:00 बजे तक एवं अंतिम तिथि - 28/08/2025 तक आवेदन जमा कर सकते है ।

**अतिथि शिक्षक**

| क्र. | पद | विषय | पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अतिथि शिक्षक वर्ग-1 | हिंदी | 01 | संबधित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर एवं B.Ed तथा सीबीएसई कक्षाये पढ़ाने का अनुभव |
| | | अंग्रेजी | 01 | |
| | | ग्रंथपाल | 01 | प्रथम श्रेणी में M.LIB तथा लाइब्रेरी संचालन का 3 वर्ष का अनुभव |
| 2 | अतिथि शिक्षक वर्ग-2 | पी.टी.आई (महिला) | 01 | संबधित विषय में प्रथम श्रेणी में BPED तथा योगा में विशेषज्ञता |
| 3 | अतिथि शिक्षक वर्ग-3 | सहायक अधीक्षक छात्रावास (पुरुष -01 व महिला- 01) | 02 | 1. संबधित विषय में हायर सैकंडरी परीक्षा प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण, D.ed एवं छात्रावास संचालन का 3 वर्ष का अनुभव 2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु |

**अनिवार्य सेवा शर्ते** - 1. CBSE संस्था में पढ़ाने वाले शिक्षको को प्राथमिकता दी जाएगी। 2. संस्था में पूर्व में किये गये अतिथि शिक्षकों के जिनका वार्षिक परीक्षा परिणाम 100% एवं प्रथम श्रेणी की विद्यार्थियों कि संख्या अधिक हो उन्हें प्राथमिकता दी जावेगी । 3. मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार मानदेय दिया जावेगा।

प्राचार्य
शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शारदानगर रांझी, जबलपुर
G-17140/25

**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**
**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / काष्ठागार चिल्फी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 20.08.2025 समय - 9:00 बजे प्रातः से

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 8.988 | 26 | 5 | - | - | - | 8.988 | 26 | 5 |
| साल | 557.489 | - | 311 | 414.604 | - | - | 972.093 | - | 311 |
| बीजा | 1.110 | - | 2 | 0.765 | - | - | 1.875 | - | 2 |
| तिंसा | 19.423 | - | - | - | - | - | 19.423 | - | - |
| साजा | - | - | - | 16.593 | - | - | 16.593 | - | - |
| धावड़ा | - | - | - | 9.809 | - | - | 9.809 | - | - |
| कसही | - | - | - | 10.378 | - | - | 10.378 | - | - |
| अन्य | - | - | - | 3.211 | - | - | 3.211 | - | - |
| योग:- | 587.010 | 26 | 318 | 455.360 | | | 1042.370 | 26 | 318 |

टीप :- (1) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है । (2) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है । (3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है। (4) ई-आक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं को क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा । (5) प्रत्येक लॉट 30 सेकंड की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए लाइव रहेगा। यदि अंतिम 20 सेकंड में कोई बोली प्राप्त नही होती है तो लॉट बंद कर दिया जायेगा ।

वन मंडलाधिकारी
कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा
जी-252602729/2

# मुथूट माइक्रोफिन का लाभ 95 प्रतिशत लुढ़का

**नई दिल्ली।** मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड का अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में शुद्ध लाभ 95 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ छह करोड़ रुपये रह गया। इसका मुख्य कारण फंसे कर्जों में वृद्धि है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 113 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। मंगलवार को एक बयान में कहा कि जून तिमाही में उसकी कुल आय भी घटकर 559 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 664 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 553 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 517 करोड़ रुपये था। मुथूट माइक्रोफिन की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) दोगुनी से भी अधिक बढ़कर 4.85 प्रतिशत हो गईं। एक साल पहले की समान अवधि में एनपीए 2.10 प्रतिशत था।

### डीजीसीए ने खामियों के लिए इंडिगो को भेजा नोटिस

**मुंबई/नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने लगभग 1,700 पायलटों के 'सिम्युलेटर' प्रशिक्षण में कथित खामियों के लिए इंडिगो को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। 'सिम्युलेटर' प्रशिक्षण में सीखने और कौशल विकास के लिए स्तविक दुनिया की स्थितियों और कार्यों जैसा वातावरण कंप्यूटर की मदद से 'ऑनलाइन' तैयार किया जाता है। सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि पिछले महीने एयरलाइन से मिले रिकॉर्ड और जवाबों की जांच के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इंडिगो की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पाया कि लगभग 1,700 पायलटों के लिए श्रेणी सी या महत्वपूर्ण हवाई क्षेत्र प्रशिक्षण अयोग्य सिम्युलेटरों के साथ आयोजित किए गए।

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत (सामान्य शाखा)
खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करते है।, **निविदा सूचना क्रमांक– जबल/एल/टी/ नं. 14/2025R दिनांक 08.08.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित–** डीआरएम ऑफिस जबलपुर में फॉल्स सीलिंग कार्य और रेल सौरभ कॉलोनी जबलपुर में RB V विशेष बंगलों (32 नग) में मॉड्यूलर किचन का प्रावधान के लिए विदयुत कार्य।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में)–** रू. 1625684.04, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में) –** 0.00/–, **कार्यालय का पता जहां टेंडर फार्म खरीदा जा सकता है।–** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रूपये–** रू. 32500.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) –** 04 माह, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय(15:00 बजे तक)–** 04/09/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक)– 04.09. 2025,** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट से डाउन लोड की जा सकती है।

(हस्ता)
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यो के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित अभियांत्रिकी कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/25/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN (ट्रैक्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए रैंप, गैर-फिसलन सुलभ मार्ग, पेयजल बूथ, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, यात्री हॉल्ट स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार पर रैंप व यात्री हॉल्ट पर पेयजल की व्यवस्था और प्लेटफार्म के अंत में अंतर प्लेटफार्म स्थानांतरण लिए मार्ग का प्रावधान।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹3,54,23,735/-
**बयाना राशि:** ₹3,27,100/-

**2. निविदा क्र.:** सी/26/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** **(1)** ADEN (ट्रैक्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कामठी स्टेशन पर स्थित 2,25,000 लीटर क्षमता वाले RCC ओवरहेड टैंक का प्रावधान। **(2)** ADEN (ट्रैक्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कन्हान स्टेशन पर स्थित 1,00,000 लीटर क्षमता वाले RCC ओवरहेड टैंक का प्रावधान।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹1,59,22,472/-
**बयाना राशि:** ₹2,29,600/-

**3. निविदा क्र.:** सी/27/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN, तुमसर के अधीन तुमसर-कोका सेक्शन के बीच कि.मी. 1060/3-5 पर मानवयुक्त समपार संख्या 536 को हटाने के लिए LROB का निर्माण।।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹14,44,82,485/-
**बयाना राशि:** ₹8,72,400/-

**4. निविदा क्र.:** सी/28/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ DEN, मध्य, नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग - नागपुर - TBSR (H-बीम) - 1401 संख्या।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹4,79,97,539/-
**बयाना राशि:** ₹3,90,000/-

**5. निविदा क्र.:** सी/29/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** **(1)** TRR (P) 22.44 T. कि.मी.। **(2)** TRR (P) 13.791 T. कि.मी. (SL DN और लूप लाइन)। **(3)** TSR (P) 7 T. कि.मी.। **(4)** TRR (P) 20.013 T. कि.मी. A रूट पर। **(5)** तुमसर (तुमसर रोड) यार्ड L-1 में TFR के साथ TSR (P), जिसमें स्लीपर घनत्व 1540 से बढ़ाकर 1660/कि.मी. किया गया है। **(6)** पॉइंट्स और क्रॉसिंग की डीप स्क्रीनिंग - 37 सेट्स। **(7)** वरिष्ठ DEN, (मध्य), नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SEJS का नवीनीकरण - 166 सेट और ग्लूड जॉइंट - 115 संख्या। **(8)** ADEN (ट्रैक्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत स्विच और क्रॉसिंग का नवीनीकरण (3 संख्या) 16 में से 1।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹8,51,61,500/-
**बयाना राशि:** ₹5,75,800/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **29.08.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर
PC/19-92

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# उच्च 'डिजिटेक' उद्योग में मजबूत हो रहा भारत

भारत को डेड इकोनॉमी कहे जाने के बीच केंद्र सरकार ने चार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में ताइवान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया व चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम करने और प्रतिद्वंद्वी आर्थिक ताकतों को टक्कर देने के लिए भारत तेजी से इस डिजिटल टूल इंडस्ट्री में कदम बढ़ा रहा है। तीन राज्यों ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में चार सेमीकंडक्टर उद्योग लगेंगे, जिस पर 4594 करोड़ रुपये खर्च होंगे। चार प्लांट्स की मंजूरी के साथ अब 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ 10 सेमीकंडक्टर प्लांट्स हो गए हैं। ये प्रोजेक्ट्स भारत सेमीकंडक्टर मिशन योजना के हिस्सा हैं। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग में विकास की अपार संभावनाएं हैं। सरकार की नीतियों, घरेलू मांग, और वैश्विक साझेदारी के साथ, भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की राह पर है। अभी भारत सेमीकंडक्टर के लिए आयात पर निर्भर हैं। दूरसंचार, ऑटोमोटिव, डेटा सेंटर्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स में सेमीकंडक्टर की मांग लगातार बढ़ रही है। विश्व में अभी जिस प्रकार से टैरिफ वार का दौर चल रहा है और औद्योगिक कलपुर्जे को ट्रेडकूटनीति का हथियार बनाया जा रहा है, उसमें भारत को उच्च तकनीक वाले हर क्षेत्र में महारत, आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। चीन ने दुर्लभ खनिज का निर्यात भारत को रोक दिया, तो अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2023 में लगभग 38 अरब डॉलर का था और 2030 तक 100-110 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। भारत, अमेरिका और जापान जैसे देशों के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी कर रहा है, जिससे प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और स्थानीयकरण को बढ़ावा मिलेगा, पर भारत को ताइवान की विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहिए। भारत में 140 करोड़ से अधिक लोगों की आबादी है, जो सेमीकंडक्टर के लिए एक बड़ा घरेलू बाजार प्रदान करती है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और सेमीकंडक्टर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कुशल इंजीनियरों और डिजाइनरों की कमी है। भारत ने वर्ष 2021 में सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले विनिर्माण और डिज़ाइन पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। भारत के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण का रणनीतिक महत्व है। आगे चलकर उच्च तकनीक वाले उद्योग में सेमीकंक्टर की अहम भूमिका के चलते भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए इस क्षेत्र में मजबूत बनना होगा। आर्थिक विकास को गति देने के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता हासिल करना जरूरी है, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और निर्यात के अवसर खुलेंगे। भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर बाज़ार में 10 फीसदी हिस्सेदारी प्राप्त करना है। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का लगभग 65-70 फीसदी आयात मुख्य रूप से चीन से) करता है। स्थानीय विनिर्माण क्षमता स्थापित करने से इस निर्भरता को कम किया जा सकता है। भारत चौथी औद्योगिक क्रांति जिसे उद्योग 4.0 के रूप में भी जाना जाता है, को अपना रहा है जिसमें सेमीकंडक्टर की प्रमुख भूमिका है। देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में अग्रणी बनने की क्षमता है।


## वोकल फॉर लोकल
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्वदेशी सामानों से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत

बीते दिनों अमेरिका ने भारत समेत 70 देशों के निर्यात पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। हमारे यहां भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा जारी है। सुखद है कि इन दिनों स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का रुख भी मुखर है। ध्यातव्य है कि इन्हीं दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने भी देशवासियों से 'स्वदेशी का संकल्प' लेने और 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को अपनाने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि 'भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है, तो देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करना ही होगा। आर्थिक विकास की यह यात्रा तब तक अधूरी है, जब तक देश का हर नागरिक, हर व्यापारी और हर नेता 'लोकल फॉर वोकल' के मंत्र को आत्मसात नहीं करता।' विचारणीय है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद का केवल आर्थिक पक्ष नहीं है। देश में बने सामान को प्राथमिकता देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने से भी जुड़ा है। अधिकतर परंपरागत उत्पाद भारत के किसी न किसी हिस्से की सांस्कृतिक थाती का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने देश में बने सामान बहुत सी परंपरागत कलाओं सहेजते हैं। स्थानीय उत्पादों की खपत स्थानीय उद्योगों के विकास को भी बल देती है। इनका उपयोग सीधे-सीधे हमारे हस्तशिल्प को बढ़ावा देता है। दूर-दराज़ के क्षेत्रों में बसे लोगों को भी रोजगार मिलता है। एक अकेले हथकरघा उद्योग से ही देश में 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग हर नागरिक को अपने आंगन से और गहराई से जोड़ता है। श्रमशील कारीगरों की मेहनत के प्रति आमजन में मान करने का भाव जगाता है। इसी पहलू को संबोधित कराते हुए पीएम भी जागरूक उपभोक्ता बनने का आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि हम जो भी खरीदें, हमें खुद से पूछना चाहिए, क्या इसे बनाने में किसी भारतीय ने मेहनत की है? अगर यह हमारे लोगों के पसीने से, उनके कौशल से बना है, तो वह उत्पाद हमारे लिए स्वदेशी है। समझना कठिन नहीं कि आर्थिक बेहतरी से जुड़ा यह पक्ष हर मोर्चे पर हमारी सांस्कृतिक विरासत के रंगों को पोसने वाला भी है। भारत में आज़ादी के संग्राम से समय से स्वदेशी सामानों की खरीद की वकालत की जाती रही है। बीते कुछ बरसों से चल रही 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम ने देश में बने उत्पादों को लेकर लोगों को जागरूक भी किया है। नागरिकों में एक दायित्व बोध के भाव को बल दिया है। दशक भर पहले देश में खादी उत्पादों की बिक्री 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम हुआ करती थी। हालिया आंकड़ों के अनुसार यह सवा लाख करोड़ रुपये के करीब है। आमजन की सजगता का ही परिणाम है कि देश में परंपरागत खिलौनों की खरीद भी बढ़ी है। विदेशी खिलौनों की खरीद करीब 70 प्रतिशत घटी है। नई पीढ़ी जीवन के पहले ही पड़ाव मिट्टी, लकड़ी और कपड़े के खिलौनों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो रही है। असल में वोकल फॉर लोकल के अभियान से न केवल स्वदेशी सामानों की गुणवत्ता बढ़ी है बल्कि तकनीक के चलते बहुत से शिल्पकार स्थानीय बाजार के अलावा ऑनलाइन बाजार में भी सामान उपलब्ध करवा रहे हैं। भारत ही नहीं विदेश में बसे उपभोक्ता भी देश के हर हिस्से की कलात्मक चीज़ें खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि स्वदेशी उत्पादों में परंपरा के रंग ही नहीं नवाचार की रौनक भी जुड़ गई है। परंपरागत व्यवसाय की संस्कृति वाले हमारे देश में यह स्थिति रोजगार, कला, श्रम के सम्मान और सामाजिक-आर्थिक समानता से जुड़े हर पक्ष पर परिवर्तन लाने वाली है। निस्संदेह, स्वदेशी वस्तुओं को भी अपनाने का आह्वान अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत के लिए संजीवनी के समान है। 140 करोड़ आबादी वाले हमारे देश में स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता देना बड़ा बदलाव ला सकता है। भारतीय उपभोक्ताओं की सजगता और समझ देश को इस बाजार आधारित परावलंबन से आज़ादी दिला सकती है। भारत के उत्पाद, सेवाएं व विशेष ब्राण्ड का क्रय करना हर तरह की कला और सांस्कृतिक जीवन के संवर्द्धन से जुड़ा है। ऐसे में भारत में बने सामानों की खरीद किसी क्षेत्र में विशेष में कौशल रखने वाले कारीगरों के श्रम को सम्मान देने और अनमोल विरासत को बचाने वाला कदम भी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## पांच वर्ष पूरे
प्रणय कुमार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन समाप्त करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए।

# शिक्षा नीति से लाभ, चुनौतियां बाकी

उनतीस जुलाई 2020 को घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। 1968 में दौलत सिंह कोठारी और 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में बनी नीतियों के बाद यह सबसे बड़ा बदलाव है। इसका मसौदा अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में तैयार हुआ और अभूतपूर्व जनभागीदारी से गुज़रा। दो लाख ग्राम पंचायतों, छह हजार ब्लॉकों एवं शहरी निकायों और 676 जिलों से लाखों सुझाव आए। लंबी विचार-प्रक्रिया और गहन विमर्श के बाद यह नीति अपने समय की सबसे व्यापक, संतुलित और दूरदर्शी रूप में सामने आई।

पिछली नीतियां मुख्यतः शिक्षा में समान अवसर और समता पर केंद्रित थीं, लेकिन 2020 की नीति दृष्टिकोण को और गहरा करती है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। अपने देश में विद्यालयों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ाना दशकों से चुनौती रहा है। लाखों बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ने को विवश होते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए 2030 तक पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 10 तक 100 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात और 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत लक्ष्य तय किया। 'निपुण भारत मिशन' के तहत कक्षा 3 तक के बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशल 2025 तक सार्वभौमिक बनाने का संकल्प लिया गया है। इस नीति ने प्राथमिक शिक्षा को रोचक और व्यवहारिक बनाने के लिए 'जादुई पिटारा' जैसी पहलें शुरू कीं। कार्ड, कहानियां, दृश्य-श्रव्य सामग्री के ज़रिये बच्चों में सीखने की ललक जगाई। यह सामग्री 22 भाषाओं में ई-प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। पहली बार कक्षा 6 से ही व्यावसायिक, तकनीकी और अन्य कौशलों को औपचारिक शिक्षा का अंग बनाया गया है। अटल नवाचार मिशन के तहत 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित हो चुकी हैं, जिन्हें 50,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। डिजिटल संसाधनों का उपयोग इस नीति का मजबूत आधार है। 'पीएम ई-विद्या', 'दीक्षा', 'विद्या समीक्षा केंद्र', 'ई-पाठशाला', 'स्वयं', 'स्वयं प्रभा', 'समर्थ', 'निष्ठा', 'राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय' और 'राष्ट्रीय शैक्षिक भंडार' जैसे मंचों ने गुणवत्ता-युक्त सामग्री गांवों-कस्बों तक पहुंचा दी है। शिक्षकों के प्रशिक्षण और पेशेवर विकास पर भी विशेष बल है। 'राष्ट्रीय पेशेवर मानक' (एनपीएसटी) ने शिक्षक की भूमिका को केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व-निर्माता के रूप में सशक्त किया है। नीति का मातृभाषा-केंद्रित दृष्टिकोण उल्लेखनीय है। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य, कला और संस्कृति को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। एनसीईआरटी ने 117 भाषाओं में मातृभाषा और बहुभाषा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया है। विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव घटाने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2025–26 से कक्षा 10 की बोर्ड




परीक्षा वर्ष में दो बार देने का विकल्प दिया है। 'परख' नामक समग्र रिपोर्ट कार्ड में अब केवल अंक नहीं, बल्कि नैतिकता, रचनात्मकता, सहयोग और संवेदनशीलता का भी मूल्यांकन होगा। दशकों पुरानी 10+2 प्रणाली को बदलकर 5+3+3+4 की नई संरचना लागू हुई है। कक्षा नर्सरी से 2 तक फॉउंडेशनल चरण, 3 से 5 तक प्रीपरेटरी चरण, 6 से 8 तक मिडिल तथा 9 से 12 तक सेकंडरी चरण में स्कूली शिक्षा को बांटा गया है। विद्यालयी से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क की व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाई, पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप एवं कौशल के आधार पर क्रेडिट अंक दिए जाते हैं। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर भी विद्यार्थियों के खाते में ये क्रेडेंसिलय बने रहेंगे और बाद में पढ़ाई पुनः आरंभ कर उन्हें बढ़ाया भी जा सकता है। इसी क्रम में चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम में कभी भी प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) और कभी भी निकास (मल्टीपल एग्जिट) की सुविधा दी गई है, जिससे विद्यार्थियों का समय, धन और परिश्रम व्यर्थ न जाए। एक वर्ष की पढ़ाई पर प्रमाणपत्र, दो वर्ष पर डिप्लोमा, तीन वर्ष पर ऑनर्स और चार वर्ष पर ऑनर्स विद रिसर्च की डिग्री प्राप्त होगी। शोध एवं अनुसंधान में रुचि रखने वाले विद्यार्थी सीधे चार वर्षीय स्नातक के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा तथा स्टेम शिक्षा में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप योजना (पीएमआरएफ) प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और प्रयोगशालाओं में अनुसंधान व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दुहरी डिग्री और बहुविषयक पढ़ाई को प्रोत्साहन दिया गया है। किसी भी संकाय का पात्र उम्मीदवार उच्च शिक्षा में कोई भी विषय लेकर पढ़ाई कर सकता है। शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं। भारत के प्रतिष्ठित संस्थान विदेशों में परिसर खोल रहे हैं और विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों के भारत आने से विद्यार्थियों को देश में रहकर ही वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, विश्वविद्यालयों के मध्य परिणाम व कार्य-संस्कृति को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा का वातावरण बनेगा तथा विदेश जाने की आवश्यकता एवं आर्थिक भार दोनों कम होंगे। यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दृष्टि और ऊर्जा का संचार किया है। संरचनात्मक बदलाव लागू हो चुके हैं, नई पुस्तकें और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तैयार हैं, और नामांकन के साथ-साथ सीखने के परिणामों में भी सकारात्मक सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा के नामांकन में भी आशातीत सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा में 2014-15 में जहां 3.4 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत थे, वहीं 2022-23 के आंकड़े के अनुसार 4.46 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत हैं। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन को समाप्त करना, ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना सुदृढ़ करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए। वास्तव में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 केवल शिक्षा सुधार का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह भारत को ज्ञान-आधारित, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने का विस्तृत खाका है।

(लेखक शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित
**प्रेरणा**

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### मिलावट : मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने–पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे–धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ–साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। *– प्रकाश जैन, धमतरी*

## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर निर्माण



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी है, जिसके लिए 4,600 करोड़ रुपये का निवेश स्वीकृत किया गया है। भारत सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### राहुल के झूठ का मकसद



काफी समय से कांग्रेस सत्ता से बाहर है, तो राहुल गांधी झूठ बोलकर, जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल करने को कोशिश कर रहे हैं...' राहुल के हर झूठ का मकसद क्या है, ये जनता बखूबी जान चुकी है!
**-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद**

### साम्प्रदायिक तनाव रोकें



यू.पी. के ज़िला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिये जिससे वहाँ साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाये तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। ज़रूरत पड़ने पर सख़्त क़दम भी उठाये।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### अधिकार की लड़ाई




आज जब हम चुनाव आयोग से मिलने जा रहे थे, गठबंधन के सभी सांसदों को रोका गया और हिरासत में लिया गया। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं - यह लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति, एक वोट' के अधिकार की रक्षा की लड़ाई है।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


### न्यूयॉर्क के नृत्य महोत्सव में 15 अगस्त को मनेगा इंडिया डे

न्यूयॉर्क शहर के सबसे लंबे समय से जारी सार्वजनिक नृत्य महोत्सव में इस साल 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसका केंद्र बिंदु होगा 'शक्ति', यानी स्त्रीत्व की दिव्य ऊर्जा। दुनिया भर के विभिन्न नृत्य दलों को एक मंच पर लाने वाला 44वां वार्षिक 'बैटरी डांस फेस्टिवल' 12 अगस्त से 16 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को महोत्सव में 'इंडिया डे' का आयोजन होगा। इसमें 'शक्ति– दिव्य ऊर्जा' नामक एक कार्यक्रम पेश किया जाएगा, जिसमें वैश्विक कलाकार नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्त्रीत्व के सार और रचनात्मकता को सम्मान देंगे। बैटरी डांस के संस्थापक और कलात्मक निदेशक जोनाथन हॉलैंडर ने 'पीटीआई–भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'पिछले दो वर्षों में हमने 'पुरुष' यानी पुरुष नर्तकों पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया था और इस साल हमने इसे बदलते हुए 'शक्ति, दिव्य ऊर्जा' पर विशेष जोर दिया है।' 'इंडिया डे' कार्यक्रम को न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और भारतीय स्टेट बैंक, न्यूयॉर्क की ओर से अनुदान के माध्यम से सहयोग प्राप्त है।



## ऑफ बीट

### ओजेम्पिक दवा से नेत्र रोग का जोखिम बढ़ सकता है



'ओजेम्पिक', 'वेगोवी' और 'मौंजारो' जैसी दवाओं ने दुनिया भर में चिकित्सकों द्वारा मधुमेह और मोटापे के प्रबंधन के तरीके को बदलकर रख दिया है। इन दवाओं को सेमाग्लूटाइड और टिरजेपेटाइड के नाम से भी जाना जाता है। ये दवाएं हमारे शरीर में जीएलपी–1 हार्मोन के प्रभाव की तरह ही काम करती हैं। ये दवाएं भूख और भोजन की इच्छा, दोनों को सीमित करती है, जिससे लोगों को वजन कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। हालांकि आज (मंगलवार को) प्रकाशित दो नए अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि इन दवाओं को इस्तेमाल करने वाले लोगों में गंभीर नेत्र रोगों और दृष्टि हानि का जोखिम थोड़ा बढ़ सकता है। अगर आप ये दवाएं ले रहे हैं या लेने पर विचार कर रहे हैं, तो आपके लिए यह जानना आवश्यक है। 'नॉन–आर्टेरिटिक एंटीरियर इस्केमिक ऑप्टिक न्यूरोपैथी' (एनएआईओएन) एक असामान्य, लेकिन गंभीर नेत्र रोग है और यह तब होता है, जब ऑप्टिक तंत्रिका में रक्त का प्रवाह अचानक कम हो जाता है या अवरुद्ध हो जाता है। इसे 'नेत्र आघात' भी कहते हैं। इस दुर्लभ बीमारी 'एनएआईओएन' का सटीक कारण अब तक स्पष्ट नहीं है और वर्तमान में इसका उपचार भी उपलब्ध नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड–482002
ई–मेल : edit@haribhoomi.com
वेब–साइट : www.haribhoomi.com

# जब शुरू में पृथ्वी थी गर्म और बिल्कुल सूखी तो इतना ज्यादा पानी आया कहां से

नई दिल्ली। जब पृथ्वी बनी तो वो गर्म गोला थी। इसमें लावा और गैसें थीं। फिर ये ठंडी होती गई। ये बिल्कुल सूखी थी। इस पर पानी की एक बूंद भी नहीं थी तो फिर कैसे समुद्र बने। कैसे उनमें इतना अथाह पानी आया कि दुनिया के 71 फीसदी इलाके में केवल समुद्र के पानी से भरे हुए हैं। है ना हैरानी और ताज्जुब की बात। समुद्रों की विशालता और उनमें मौजूद अथाह पानी को देखकर ये सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इतना पानी आया कहां से? पृथ्वी के 71% हिस्से को ढकने वाले इस पानी की उत्पत्ति एक रहस्यमयी और वैज्ञानिक सवाल। वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक इस बारे में शोध किया।

पृथ्वी की उम्र लगभग 4.6 अरब साल है। जब पृथ्वी बनी थी, तब यह एक गर्म, पिघला हुआ गोला थी, जिसमें लावा और गैसें थीं। उस समय पृथ्वी की सतह इतनी गर्म थी कि कोई भी पानी तरल रूप में मौजूद था ही नहीं और ना रह सकता था। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के ठंडा होने के बाद ही पानी की उत्पत्ति संभव हुई होगी। सवाल यही है कि इतना ज्यादा पानी आया कहां से?

**क्या ये पृथ्वी के अंदर से आया :** वैज्ञानिकों का एक समूह मानता है कि पृथ्वी के बनने के दौरान इसके अंदर पानी मौजूद था। जब पृथ्वी एक गर्म गोला थी, तब इसमें कई रासायनिक तत्व और यौगिक मौजूद थे। इनमें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन जैसे तत्व शामिल थे, जो पानी (HO) बनाने के लिए जरूरी हैं। जैसे-जैसे पृथ्वी ठंडी हुई, ये तत्व आपस में मिलकर पानी बनाने लगे। पृथ्वी की सतह के नीचे, मेंटल नामक परत में आज भी पानी मौजूद है।



### फिर कैसे बनने लगे समुद्र

चाहे पानी पृथ्वी के अंदर से आया हो या अंतरिक्ष से, इसका जमाव एक लंबी प्रक्रिया थी। पृथ्वी के ठंडा होने के बाद, सतह का तापमान इतना कम हुआ कि पानी तरल रूप में रह सकता था। तब ये पानी बारिश के रूप में सतह पर जमा होने लगा। शुरुआत में पृथ्वी की सतह पर बड़े-बड़े गड्ढे और बेसिन थे, जो उल्कापिंडों के टकराने से बने थे। इन गड्ढों में पानी भरने लगा।फिर धीरे-धीरे ये समुद्रों में बदल गया। वैज्ञानिक रिसर्च ये भी कहती है कि लाखों करोड़ों साल पहले एस्टेरायड्स और दूसरे ग्रहों की टक्कर से पृथ्वी पर बने बड़े और विशाल गड्ढे ही बड़े समुद्रों में तब्दील होने लगे।

### उत्पत्ति को समझने कई तरह के शोध किए

– 2014 में वैज्ञानिकों ने रिंगवुडाइट नामक खनिज में पानी की मौजूदगी की पुष्टि की। यह खनिज पृथ्वी के मेंटल में गहराई पर पाया जाता है। इस खोज ने यह साबित किया कि पृथ्वी के अंदर बहुत सारा पानी मौजूद हो सकता है, जो समुद्रों को बनाने में बहुत काम आया होगा।

– नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों ने धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों के नमूने एकत्र किए हैं। उदाहरण के लिए, नासा के 'ओसिरिस-रेक्स' मिशन के जरिए क्षुद्रग्रह बेन्नू से नमूने लाए गए, जिनमें पानी के अंश पाए गए। इसी तरह, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के 'रोसेटा' मिशन ने धूमकेतु 67P/ चुरयुमोव-गेरासिमेंको का अध्ययन किया › उसमें बर्फ की मौजूदगी पाई गई।

– हाल के शोधों से पता चला है कि क्षुद्रग्रहों का पानी पृथ्वी के पानी से ज्यादा मिलता-जुलता है।



### क्या ये पानी अंतरिक्ष से आया

दूसरा सिद्धांत यह कहता है कि पृथ्वी का पानी अंतरिक्ष से आया। जब पृथ्वी बन रही थी, तब सौरमंडल में बहुत सारे उल्कापिंड, धूमकेतु और क्षुद्रग्रह मौजूद थे। इनमें से कुछ में बर्फ के रूप में पानी मौजूद था। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के शुरुआती दौर में करीब 4 अरब साल पहले इन अंतरिक्षीय पिंडों से टकराने की वजह से पृथ्वी पर पानी आया। इसे लेट हेवी बॉम्बार्डमेंट कहा जाता है। इस दौरान लाखों उल्कापिंड और धूमकेतु पृथ्वी से टकराए, जिससे पानी सतह पर जमा हुआ। धूमकेतुओं में बर्फ की मात्रा बहुत अधिक होती है। जब ये पृथ्वी की सतह से टकराते थे तो उनकी बर्फ पिघलकर पानी बनाती थी।

## रोचक खबरें

### लड़की ने जीरो फिगर पाने के चक्कर में की ऐसी खतरनाक डाइटिंग, मरते-मरते बची!



**बीजिंग।** परफेक्ट फिगर पाने का भूत आजकल के युवाओं के सिर पर किस कदर हावी हो रहा है, इसका जीता-जागता और खौफनाक उदाहरण चीन से सामने आया है। जहां हुनान प्रांत की एक 16 वर्षीय लड़की मेई ने जीरो फिगर के चक्कर में ऐसी खतरनाक डाइटिंग की, जो उनकी जान पर बन आई। मेई मरते-मरते बची हैं। उनकी हालत इस कदर बिगड़ गई कि उन्हें आईसीयू में एडमिट करना पड़ गया। मेई ने अपने बर्थडे पर साइज जीरो के सपने को पूरा करने के लिए पूरे दो हफ्तों तक सिर्फ और सिर्फ उबली हुई सब्जियां खाईं। पहले तो उन्हें लगा कि वह एकदम सही ट्रैक पर हैं, पर कुछ ही दिनों में उनका शरीर जवाब दे गया। मेई को एक दिन अचानक सांस लेने में भयंकर तकलीफ हुई और वह सीधे बेहोश हो गईं।

**बिना सलाह के डाइटिंग नहीं :** शुक्र है डॉक्टरों ने मेई की जान बचा ली, और अब वह बिल्कुल ठीक होकर घर लौट चुकी हैं। इस डरावने अनुभव के बाद उन्होंने कहा कि वह अब एक्सपर्ट की सलाह के बगैर डाइटिंग नहीं करेंगी और अपनी सेहत को ही पहली प्राथमिकता देंगी।

#### 12 घंटे तक मौत से जंग!

मेई को बेहोशी की हालत में पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी जान बचाने के लिए 12 घंटे तक लगातार जंग लड़ी। जांच में सामने आया कि मेई के शरीर में पोटेशियम की मात्रा इतनी कम हो चुकी थी कि उनके ऑर्गन्स ने काम करना बंद कर दिया था। बता दें कि पोटेशियम की कमी इतनी खतरनाक हो सकती है कि इससे हार्ट अटैक तक आ सकता है और इंसान की जान जा सकती है।

### ऑफिस में रील देख रही थी लड़की, सीनियर ने टोका तो जेल भिजवाने की दी धमकी

वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक महिला कर्मचारी डेस्क पर बैठकर फोन चला रही होती है। जब उसका वरिष्ठ अधिकारी उसे काम करने के लिए कहता है तो उसे सुनाने लगती है। इसके साथ ही जेल भिजवाने की भी धमकी देती है। दफ्तर हो या घर फोन चलाना और रील देखना लोगों के लिए आम बात है। दफ्तर में काम छोड़कर फोन चालने पर बॉस से डांट तो खानी ही पड़ेगी। आप कभी किसी सरकारी दफ्तर में गए होंगे, तो वहां के कर्मचारियों को काम छोड़कर फोन देखा होगा। वहां पर उन्हें कोई रोकने-टोकने वाला नहीं है। कई बार कुछ बोलने पर लोग उल्टा ही धमकाने लगते हैं। अब इन दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसी ही महिला कर्मचारी का वीडियो वायरल हो रहा है। वह वीडियो में दफ्तर में रील देखती है, लेकिन जब अधिकारी उसे काम करने के लिए कहता है तो वो बुरी तरह उन्हें धमकाने लगती है। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक महिला कर्मचारी डेस्क पर बैठकर फोन चला रही होती है। जब उसका वरिष्ठ अधिकारी उसे काम करने के लिए कहता है तो उसे सुनाने लगती है। इसके साथ ही जेल भिजवाने की भी धमकी देती है।



### ऑफिस में विदेशी मेहमान के स्वागत में कर्मचारियों ने किया डांस, भड़के लोग

**नई दिल्ली।** किसी कार्यक्रम में किसी विशेष स्वागत के लिए खास इंतजाम किए जाते हैं। इनमें डांस से लेकर अन्य चीजें शामिल होती हैं। अब एक ऐसा ही किसी खास अतिथि के स्वागत का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया है। वीडियो मेंऑफिस के कुछ कर्मचारी एक फॉरेन विजिटर के आने पर डांस कर रहे हैं। बैकग्राउंड में सीटियां और तालियों की आवाज सुनी जा सकती है। विदेशी मेहमान भी परफॉर्मेंस में काफी दिलचस्पी दिखाते दिख रहे हैं। कर्मचारी के साथ वह भी डांस स्टेप करते हुए भी दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर ज्यादातर लोगों को ऑफिस में मेहमानों के स्वागत में डांस करना पसंद नहीं आ रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि यह देखकर शर्मिंदगी महसूस हो रही है और कहा कि देखने के बाद उन्हें शर्म आ रही है। एक शख्स ने कहा कि कल मेरे ऑफिस में भी कल ऐसा ही कुछ हुआ। हमारी कंपनी के सेल्स वाइस प्रेसिडेंट को भी डांस करना पड़ा, क्योंकि उन्होंने बीते साल शर्त लगाई थी कि अगर टीम टारगेट पूरा कर लेगी तो वह डांस करेंगे। वायरल वीडियो पर कई लोग अपनी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि उनके दफ्तर में भी ऐसे ही डांस या परफॉर्मेंस करवाए जाते हैं। एक अन्य शख्स ने कहा कि उनके दफ्तर में उन कर्मचारियों को अधिक महत्व दिया जाता है, जो इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, भले ही उनका काम अच्छा न हो।



## रिसर्च

कुछ खगोलीय घटनाओं से हॉकिंग की बात हो सकती है सच

# मानव जीवन पर मचेगी तबाही, सच होगी एलियन से जुड़ी भविष्यवाणी?

**न्यूयार्क।** महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग ने कई साल पहले चेतावनी दी थी कि एलियन से संपर्क करना इंसानियत के लिए बहुत खतरनाक हो सकता है। अब कुछ वैज्ञानिक उनकी इस भविष्यवाणी को लेकर चिंता जता रहे हैं। उनका मानना है कि हाल ही में हुई कुछ खगोलीय घटनाओं से हॉकिंग की बात सच हो सकती है। हॉकिंग की चेतावनी पर हाल ही में तब फिर से ध्यान गया, जब हार्वर्ड के एक खगोलशास्त्री प्रोफेसर एवी लोएब ने दावा किया कि दिसंबर में पृथ्वी के पास से गुजरने वाली एक रहस्यमयी वस्तु एक शत्रुतापूर्ण यूएफओ हो सकती है। इस वस्तु को 3I/एटलस नाम दिया गया है और कुछ वैज्ञानिक इसे एक सामान्य धूमकेतु मानते हैं। हालांकि, लोएब का तर्क है कि इसकी गति और असामान्य रास्ता यह बताता है कि यह किसी कृत्रिम तरीके से बनाई गई है।



### हॉकिंग की चेतावनी क्या थी?

स्टीफन हॉकिंग ने दुनिया को चेतावनी दी थी कि एलियन जीवन के साथ संपर्क करना मानव जाति के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। उनका मानना था कि सक्रिय रूप से बाह्यग्रहों की खोज करने से घातक आक्रमण होगा। ठीक उसी तरह जैसे अतीत में पृथ्वी पर संस्कृतियों ने कम उन्नत सभ्यताओं को मिटा दिया था। हॉकिंग ने 2004 में कहा था, 'उन्नत जातियों का आदिम लोगों से मिलने का इतिहास बहुत सुखद नहीं रहा है। वे एक ही प्रजाति के थे, फिर भी उन्होंने कम विकसित सभ्यता को नष्ट कर दिया। मुझे लगता है कि एलियन के मामले में हमें अपना सिर नीचा रखना चाहिए।' उन्होंने सलाह दी थी कि हमें ब्रह्मांड में अपनी मौजूदगी का सक्रिय रूप से प्रचार करने से बचना चाहिए। उन्होंने बुद्धिमान एलियन जीवन की खोज में सक्रियता नहीं दिखाने की वकालत की थी।

### क्या होगा अगर भविष्यवाणी सच हुई?

प्रोफेसर लोएब ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी परिकल्पना सच साबित होती है तो मानवता के लिए इसके परिणाम बहुत बुरे हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि भले ही हम रक्षात्मक उपाय करें, लेकिन वे बेकार साबित हो सकते हैं। हॉकिंग ने अपनी मृत्यु से पहले भी कहा था कि यदि हम किसी उन्नत सभ्यता से मिलते हैं, तो यह वैसा ही होगा जैसा मूल अमेरिकियों का पहली बार क्रिस्टोफर कोलंबस से सामना हुआ था। उन्होंने कहा था कि हमें ब्रह्मांड में भेजे गए किसी भी सिग्नल का जवाब देने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।



### फायदे से ज्यादा पहुंचा सकता है नुकसान

वैज्ञानिकों का मानना है कि हॉकिंग की यह चेतावनी हमें बताती है कि एलियन से संपर्क करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। भले ही कुछ वैज्ञानिक एलियन से संपर्क करने के कई फायदे बताते हैं, लेकिन हॉकिंग और उनके विचारों का समर्थन करने वाले अन्य वैज्ञानिक इस बात पर जोर देते हैं कि अपनी मौजूदगी को अन्य दुनिया में प्रसारित करना एक रणनीतिक गलती हो सकती है।

## इस सांप की कीमत है 25 करोड़ रुपए! आखिर क्यों है इतना महंगा



**नई दिल्ली।** सांप धरती के सबसे खतरनाक और जहरीले जीवों में शामिल हैं। दुनिया में सांप की तीन हजार से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें कुछ सांप बेहद जहरीले होते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में सांपों की ऐसी 69 प्रजातियां पाई जाती हैं, जो बेहद खतरनाक होती हैं। इनमें 29 समुद्री सांप हैं, जबकि 40 जमीन पर रहने वाले हैं। हालांकि, आज हम आपको एक ऐसे सांप के बारे में बताएंगे, जिसकी कीमत करोड़ों में है। यह जानकर आपको यकीन नहीं हो रहा होगा, लेकिन यह बिल्कुल सच है। इस दो मुंहा सांप का नाम है रेड सैंड बोआ। आखिर इस सांप की कीमत इतनी अधिक क्यों है? इसमें ऐसा क्या होता है, जो यह इतना महंगा बिकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सांप की कीमत 25 करोड़ रुपए तक होती है। रेड सैंड बोआ सांप की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपये से लेकर 25 करोड़ रुपए तक होती है। यह दो मुंहा सांप बेहद दुर्लभ है, जिसकी वजह से इस कीमत इतनी अधिक है। इस सांप का इस्तेमाल कई तरह से होता है, जिसकी वजह से इसकी मांग अधिक होती है। रेड सैंड बोआ सांप का तांत्रिक अलग-अलग उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करते हैं।

### भारत सरकार ने संरक्षित घोषित किया

यह दो मुंहा सांप बेहद दुर्लभ प्रजाति का है। भारत सरकार ने 1972 में इस सांप को संरक्षित घोषित किया है। सांप का कई दवाओं में इस्तेमाल किया जाता है। इसकी वजह से इस सांप की तस्करी होती है। इस दो मुंहा सांप भले ही कहा जाता है, लेकिन इसके दो मुंह नहीं होते हैं। इसकी पूंछ जरूर मुंह की तरह दिखती है। इसलिए इसे दो मुंहा सांप कहा जाता है। यह सांप शांत स्वभाव के होते हैं और अगर इन्हें छेड़ा नहीं जाए तो शायद ही कभी इंसानों से इनका सामना हो। दुर्भाग्य से इनकी दुर्लभता और रहस्यमयी प्रकृति की वजह से इनकी अवैध बाजारों में बहुत ज्यादा मांग है।

## भारत में मिला दुनिया का सबसे रहस्यमयी सीआरआईबी ब्लड ग्रुप, डॉक्टर्स भी हैं हैरान

**बेंगलुरु।** लोगों के शरीर में कई तरह के ब्लड ग्रुप पाए जाते हैं जो ए, बी, ओ ग्रुप्स में होते हैं। इन्हीं में नेगेटिव और पॉजिटिव भी होते हैं। इसके अलावा 'आरएच' ब्लड ग्रुप पाया जाता है, लेकिन भारत में सीआरआईबी नाम का दुर्लभ ब्लड ग्रुप पाया गया है। ये ब्लड ग्रुप सीआरआईबी है और इसका मतलब क्रोमर इंडिया बेंगलुरु है। अगर सामान्य भाषा में कहा जाए तो यह एक ऐसा ब्लड ग्रुप है जो बेंगलुरु कि एक महिला के अंदर पाया गया है। यह बात तब पता चली जब 38 साल की महिला को हार्ट सर्जरी के वक्त से पहले खून की जांच में डॉक्टर या कहें तो विशेषज्ञ ब्लड ग्रुप का पता नहीं लगा पाए थे।



### डॉक्टर सर्जरी से पहले ही मरीज के शरीर का खून कर लेते हैं इकट्ठा

इतना दुर्लभ खून होने की वजह से मरीजों के लिए यह अच्छी स्थिति बिल्कुल भी नहीं होती है। ऐसे में सबसे पहले डॉक्टर मरीज के परिवार में ही ऐसे बल्ड सेंपल्स को ढूंढते हैं, फिर उस ब्लड ग्रुप को चढ़ाया जाता है। अगर इसके बाद भी ऐसी स्थिति बनी रहती है कि मरीज का ब्लड सेंपल नहीं मिल रहा है तो इस कंडीशन में डॉक्टर सर्जरी से पहले ही मरीज के शरीर का खून इकट्ठा कर लेते हैं, क्योंकि अगर कोई भी एमरजेंसी हो तो ऐसी स्थिति में मरीज को उसका खून चढ़ाया जा सके।



### ब्लड डोनर का रजिस्टर

ऐसे दुर्लभ ब्लड ग्रुप के वाले लोगों के लिए एनआईआईएच ब्लड डोनर का रजिस्ट्रेशन कर रहा है। यहां पर एक डेटाबेस तैयार किया जाएगा, जिसमें दुर्लभ ब्लड ग्रुप के ब्लड डोनर के बारे में जानकारी दी हुई होगी। जब भी किसी मरीज के साथ कोई इमरजेंसी होती है तो उसे वहां पर उसके लिए वह ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा। यह दुर्लभ ब्लड डोनर का रजिस्ट्रेशन उन लोगों के लिए बहुत ही मददगार साबित हो सकता है, जिनके शरीर में कई एंटीबॉडी है और उनके अपने शरीर के अनुसार मैच करने वाले ब्लड ग्रुप की जरूरत पड़ सकती है।

## अनीता और टिमोथी की जोड़ी लोगों को लगती है बहुत अजीब



**टोरंटो।** शादी में सारे जोड़े बहुत सुंदर नहीं होते हैं। बहुत से सामान्य होते हैं पर कई जोड़े बेमेल से लगते हैं। कभी दूल्हा-दुल्हन के रंग के बहुत अधिक अंतर होता है। कभी दोनों की ऊंचाई में बहुत ज्यादा असामानता होती है, तो कभी दोनों ही स्वाभाव में पूरब-पश्चिम जैसे होते हैं। सच यही है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। यह बात अनीता विंग ली और टिमोथी मट्टू की प्रेम कहानी भी साबित करती है। दोनों की ऊंचाई में काफी अंतर, संस्कृति से लेकर दोनों के रंग भी में काफी अंतर है। फिर उनका प्यार एक अनोखी दास्तान बन गई है

### दोनों में अंतर

टिमोथी, एक चैरिटी संगठन के को फाउंडर हैं। वे सभी के लिए साफ पानी उपलब्ध कराने के मिशन पर काम करते हैं, केवल 4 फुट लंबे हैं। उनकी शारीरिक बनावट सामान्य से अलग है। उनका धड़ सामान्य आकार का है, लेकिन हाथ और पैर छोटे हैं। अनीता ने शुरू में इस ऊंचाई के अंतर को लेकर हिचक महसूस की। वे हमेशा से एक ऐसे पार्टनर की कल्पना करती थीं जो उनसे लंबा हो, जिसके साथ वह हील्स पहन सकें और फिर भी उसे ऊपर देखना पड़े।

### पहले टिमोथी को हुआ प्यार

टिमोथी के मन में अनीता के लिए रोमांटिक भावनाएं पहले ही पनप चुकी थीं। वे अनीता को बार-बार मैसेज करते और अपनी पर्सनैलिटी दिखाने की कोशिश करते थे। लेकिन, अनीता को यह समझ नहीं आ रहा था कि वह टिमोथी को कैसे देखें। उन्होंने अपनी बहन की मदद से टिमोथी को एक मैसेज भेजा, जिसमें लिखा था कि वह सिर्फ दोस्ती चाहती हैं।इस प्रेरणा ने अनीता को टिमोथी को एक मौका देने के लिए प्रेरित किया। धीरे-धीरे, अनीता को एहसास हुआ कि टिमोथी में सबकुछ वैसा ही है, जो वह अपने जीवनसाथी में चाहती थीं। सितंबर 2024 में दोनों की सगाई हुई और इस साल उन्होंने शादी कर ली है।

### एक दूसरी प्रेम कहानी से मिली प्रेरणा

बस, यहीं से अनीता की भावनाओं ने एक मोड़ ले लिया। मैसेज भेजते ही अनीता को पछतावा हुआ। उन्हें एहसास हुआ कि टिमोथी के लिए उनकी भावनाएं दोस्ती से कहीं ज़्यादा गहरी थीं। ऐसे में वे अपने सपनों और भावनाओं की कशमकश में उलझ गईं। आखिर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई मोटिवेशनल स्पीकर निक वुजिसिक की प्रेम कहानी से प्रेरणा ली, जिनके पास न तो हाथ हैं और न ही पैर। फिर भी उन्होंने अपनी पत्नी कनाए के साथ ख़ूबसूरत जीवन बनाया।

## कुदरत

शिकार और शिकारी जीवों के बीच रहा है संघर्ष

# पत्ती समझ कर नहीं उठाना इसे, असली रूप देख खिसक जाएगी पैरों तले जमीन!

**नई दिल्ली।** कुदरत ने जीवों में कारीगरियां की है। वह वाकई निराली हैं। जहां शिकारियों को शिकार करने के लिए खास क्षमताएं दी हैं तो वहीं दूसरी तरफ शिकार होने से बचने के लिए दूसरे जीवों को भी कई काबिलियतों से नवाज़ा है। कुछ प्रजातियों में शिकार और शिकारी जीवों के बीच संघर्ष चल रहा है और वे एक दूसरे की नई काबिलियतों के मुताबिक खुद को बेहतर भी करती रहते हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में कुदरत का एक बहुत ही अनोखा चमत्कार देखने को मिला है। इस जीव को देखने पर लगता है कि यह साधारण सी सड़ी हुई पत्ती है, लेकिन असल में यह मकड़ी है।

**भारत में हुई थी इसकी खोज :** यह मकड़ी बिल्कुल ही अनूठी और नई प्रजाति है। इसे वैज्ञानिकों ने एरियोविक्सिया ग्रिफिंडोरी नाम दिया है। यह एरेनिडे परिवार की एक मकड़ी प्रजाति है। इसकी खोज 2015 में भारत के कर्नाटक राज्य में जावेद अहमद, राजश्री खलप और सुमुखा जवागल ने की थी।



### खुद को छिपाने का हुनर

यह मकड़ी जो खुद को एक सूखे पत्ते की तरह छिपा लेती है। यह मकड़ी इतनी चालाक है कि इसे देखकर कोई भी समझ नहीं सकता कि यह एक जीवित प्राणी है। इस मकड़ी को 'पत्ते जैसी मकड़ी' कहा जाता है। यह मकड़ी अपने शरीर को ऐसे ढाल लेती है कि वह एक पत्ते की तरह दिखाई देती है।

### छलावरण की अनोखी मिसाल

वैज्ञानिकों के अनुसार, इसे अभी तक पूरी तरह से समझा नहीं गया है। इस मकड़ी की खोज ने प्रकृति के चमत्कारों को एक बार फिर से सामने ला दिया है। यह मकड़ी छलावरण की अनोखी मिसाल है कि कैसे जीव खुद को बचाने के लिए अनुकूलन करते हैं।

### क्यों दिखती है पत्ते की तरह?

इसके पीछे का हिस्सा हरा होता है, जैसे कि एक जीवित पत्ता और सामने का हिस्सा भूरा, जैसे कि एक सूखा पत्ता। यहां तक कि इसकी पूंछ भी एक डंठल की तरह दिखती है। मकड़ी का मुख्य उद्देश्य शिकारियों से बचना है। यह इतनी अच्छी तरह से छिप जाती है कि शिकारी इसे पहचान नहीं पाते। यह मकड़ी जंगल में पत्तों के बीच रहती है और अपना शिकार करती है।

# हर घर तिरंगा अभियान : जिले के विद्यालयों में उत्साहपूर्वक निकाली गई तिरंगा रैली



**जबलपुर।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा तिरंगा रैली निकालकर स्वंतत्रता के उत्सव के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के संबंध में उत्साहपूर्वक नारे भी लगाये। मुख्य रूप से विकासखंड कुंडम के शासकीय माध्यमिक शाला देवरीकला, तहसील मझौली के शासकीय हाई स्कूल अभाना, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला कटंगी, जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल घुंसौर, हाई स्कूल पिंडरई, नगर निगम क्षेत्र में शासकीय हाई स्कूल माढ़ोताल, शासकीय हाई स्कूल पचपेढ़ी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सह शिक्षक गढ़ा, सिहोरा ब्लॉक में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक तिरंगा यात्रा में भाग लिया तथा स्वतंत्रता के उत्सव और स्वच्छता के संदेश के संबंध में लोगों को बताया।



### आम नागरिकों को रियायती दर पर तिरंगा झंडा उपलब्ध कराने दो स्थानों पर लगे स्टॉल

'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत आम नागरिकों एवं संस्थानों को रियायती दर पर तिरंगा झंडा उपलब्ध कराने रेडीमेड गारमेंट एंड फैशन डिजाइनिंग क्लस्टर द्वारा दो स्थानों गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर और रेडीमेड लेमा गार्डन गोहलपुर स्थित गारमेंट क्लस्टर परिसर में स्टॉल लगाये गये हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के अनुसार आम नागरिक एवं संस्थायें इन स्टॉलों से 14 अगस्त तक अपनी आवश्यकतानुसार झंडे क्रय कर सकते हैं।

# त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, शारदेय नवरात्र, करवा चौथ एवं दीपावली जैसे आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और यह आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति प्राप्त बिना किसी भी प्रकार के आयोजन नहीं किये जा सकेंगे। अनुमति प्राप्त किये बगैर होने वाले आयोजनों को अवैध घोषित किया जायेगा तथा आयोजकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आदेश में जिले में दो पहिया वाहन रैली को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही डीजे के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई है। आदेश के अनुसार सभी को मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियम का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों से आपत्तिजनक नारे अथवा गाने इत्यादि प्रसारित नहीं किए जा सकेंगे। ऐसा पाए जाने पर डीजे उपलब्ध कराने वाले टेंट हाउस आदि पर भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में भी ऐसे नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा, जिनसे किसी भी धर्म अथवा वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचती हो। ऐसा पाये जाने की दशा में संबंधित त्रुटिकर्ता के साथ-साथ कार्यक्रम के आयोजकों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा और उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जायेगी। आदेश में व्यक्तियों, संस्थाओं अथवा पशु मालिकों से कहा गया है कि वे अपने पशुओं को खुले तौर पर सडकों पर न छोड़ें और न ही सड़कों पर आने दें। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में घरेलू नौकरों एवं व्यावसायिक नौकरों को रखने के पहले इसकी सूचना संबंधित थाने पर विहित प्रारूप में देना अनिवार्य किया गया है। होटल, लॉज, धर्मशाला में रूकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेने तथा विहित प्रारूप में इनकी सूची प्रतिदिन संबंधित थाने को देने के निर्देश होटल, लॉज, धर्मशाला संचालकों को दिये गये हैं। आदेश के मुताबिक पेइंग गेस्ट की सूचना संबंधित मकान मालिक द्वारा विहित प्रारूप में सबंधित थाने को देनी होगी। इसके बाद ही पेईंग गेस्ट को रखा जा सकेगा। यदि मकान में किरायेदार रखा जाता है तो इसकी सूचना भी संबंधित थाने को लिखित रूप से मकान मालिक द्वारा प्रदान किया जाना अनिवार्य होगा। आदेश में जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में व्हाट्सअप, एक्स, फेसबुक एवं सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाले फोटो, वीडियो, चित्र अथवा मैसेज करने या साम्प्रदायिक मैसेज करने अथवा उन्हें फारवर्ड करने, लाईक करने, कमेंट करने की गतिविधियों को भी प्रतिबंधित किया गया है।

**बिना अनुमति नहीं किये जा सकेंगे किसी भी प्रकार के आयोजन**

# नेत्र शिविर में हुआ 200 से अधिक मरीजों का परीक्षण



**जबलपुर।** दादा वीरेंद्र पुरी जी नेत्र संस्थान द्वारा बिस्मिल्लाह कमेटी के तत्वाधान में रामपुर स्थित नूरानी मस्जिद में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ.अर्पिता स्थापक के अनुसार इस शिविर में लगभग 200 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा स्थापक ने बताया कि शुरुआती जांच में कांचियाबिंद, अखसूर सहित मोतियाबिंद के मरीज बड़ी संख्या में पाए गए जिसमें से 25 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर देवजी नेत्रालय रेफर किया गया जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा एवं दवाइयां, चश्मा, भोजन,परिवहन आदि भी निःशुल्क रहेगा। शिविर में देवजी नेत्रालय से डॉ प्रांजल जैन का भी सहयोग रहा। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में मुजस्सर कुरैशी,अकरम कुरैशी, बबलू सरफ़राज़,अंशु कुरैशी,पार्षद दिनेश तामसेतवार,शमीम कुरैशी,सौरभ यादव,अमन रजक, जीशान,सनी,सोहेल,रेहान,मुदस्सर, आयुष आदि का विशेष सहयोग रहा।






# यादव महासभा का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

**जबलपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, जबलपुर द्वारा मानस भवन में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के पूजन-अर्चन से हुआ। वर्ष 2025 में 10वीं और 12वीं कक्षा में 65% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 300 छात्र-छात्राओं एवं 50 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू रहे तथा अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री भारत सिंह यादव ने की। संचालन पूर्व पार्षद ऋषि यादव ने किया एवं आभार युवा अध्यक्ष शशांक यादव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सुभाष यादव, शिव यादव, सुनील यादव, प्रदीप यादव, सचिन यादव, राममिलन यादव, सर्वेश यादव, विजय यादव, विनीता यादव, कमलेश यादव, तृप्ति यादव, अश्वनी यादव, उमेदा यादव, अर्चना यादव, प्रभा यादव, सलपनाथ यादव, बबलू यादव, दीपक यादव, टीकेन्द्र यादव, भानु यादव, हर्षित यादव, मुकेश यादव, अजय यादव, अनुराग यादव, रवि यादव, कमलेश यादव सहित अनेक गणमान्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

### सिंहस्थ भूमि अधिग्रहण पर किसानों की तीखी आपत्ति, किसान संघ ने सरकार को घेरा

**जबलपुर।** उज्जैन में आगामी सिंहस्थ के लिए लगभग 7,000 एकड़ कृषि भूमि के अधिग्रहण को लेकर किसानों में गहरा असंतोष उभरकर सामने आया है। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने मुख्यमंत्री को दो पृष्ठीय पत्र लिखकर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पर नाराजगी जताई है और सात ठोस सुझाव देते हुए किसानों से चर्चा की मांग की है।पत्र में स्थायी निर्माण की बजाय अस्थायी ढांचे, सीमित अवधि के लिए भूमि अधिग्रहण, भूमिगत जल निकासी व्यवस्था और छह माह के लिए उचित मुआवजे की मांग शामिल है। किसान संघ ने स्पष्ट किया है कि सांस्कृतिक आयोजनों को खेती से जोड़कर देखा जाए और किसानों की उपजाऊ भूमि पर कांक्रीट निर्माण नहीं किया जाए।संघ ने इसे आश्वासन की खेती करार देते हुए भूमि अधिग्रहण कानून में बदलाव की मांग की है। पंजाब की तरह लैंड पुलिंग एक्ट को वापस लेने की मांग मध्यप्रदेश में भी तेज हो गई है। किसान संघ ने सिंहस्थ को लेकर सरकार के रवैये पर असंतोष जताया है और संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में संगठन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकता है।

# सोलर पार्क से बिजली निकासी के लिए नेटवर्क डिजाइन तैयार

## अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स स्प्रिंगर में इंजीनियर हितेश तिवारी का शोधपत्र प्रकाशित

**जबलपुर।**

मध्य प्रदेश के ग्रिड में रिन्यूअल एनर्जी के बढ़ते एकीकरण के बीच, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के जबलपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता हितेश तिवारी ने उच्च क्षमता के सोलर पार्क (550 मेगावाट) से बिजली निकासी हेतु तकनीकी एवं आर्थिक दृष्टि से श्रेष्ठ पारेषण प्रणाली का डिज़ाइन तैयार किया है। यह शोधपत्र बनाने का कार्य इंजीनियर हितेश कुमार तिवारी द्वारा प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार चौहान और प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में किया गया है।

इस शोधपत्र का प्रकाशन इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स स्प्रिंज़र (जर्मनी) में हुआ है जो कि विश्व के अग्रणी प्रकाशनों में से एक है। शोधपत्र में ट्रांसमिशन नेटवर्क के संचालन में आर्थिक लाभ, विश्वसनीयता और एन-1 आकस्मिकता विश्लेषण को आधार बनाया तथा प्रस्तावित पारेषण प्रणाली की डिज़ाइन ग्रिड कोड, नियामक प्रावधानों और बड़े पैमाने पर रिन्यूअल एनर्जी निकासी मानकों के अनुरूप है।

इसके अलावा शोध में लागत-आधारित उद्देश्य फ़ंक्शन भी विकसित किया गया, जो ट्रांसमिशन नेटवर्क के निर्माण व संचालन की कुल लागत को न्यूनतम करने पर केंद्रित है। पावर सिस्टम सिमुलेशन के परिणाम दर्शाते हैं कि यह डिज़ाइन न केवल लागत प्रभावी है, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी पूरी तरह व्यवहारिक है और आपात परिस्थितियों में भी ग्रिड की स्थिरता बनाए रखता है।

### आर्य समाज गोरखपुर में जन्माष्टमी पर्व आयोजन 14 से

**जबलपुर।** योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर 14 अगस्त से चार दिवसीय पंचकुंडिय ऋग्वेद यज्ञ प्रारंभ हो रहा है। इसका समय प्रातः 7.30 से 9.30 रहेगा। यज्ञ की पूर्णाहूति रविवार 17 अगस्त को होगी। कार्यक्रम में आध्यात्मिक प्रवचनों हेतु वैदिक विद्वान आचार्य ओम प्रकाश जी का दिल्ली से आगमन हो रहा है। सायंकालीन सत्संग शाम 6.30 बजे 8.30 बजे तक आर्य समाज दयानंद भवन नेपियर टाउन में आयोजित होंगे। उपस्थिति का आग्रह गणेश नेमा, श्रीमती कुसुम जिंदल, राजेंद्र पटेल, श्रीमती सुनीता हांडा, वेदामृत गारी, श्रीमती सुनीता मुखी, रवि आर्य, श्रीमती प्रतिभा गिरधर आदि ने किया है।




# हवाबाग महाविद्यालय ने भी निकली तिरंगा रैली

**जबलपुर।** हवाबाग महाविद्यालय में मंगलवार को भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रांगण से प्रातः 10 बजे प्राचार्य डॉ. श्रीमती शहवार सैयद के नेतृत्व में किया गया। रैली नर्मदा रोड से कंटगा तिराहा एवं गोरखपुर होते हुये महाविद्यालय परिसर आकर सम्पन्न हुई। रैली में छात्र/छात्राओं, शिक्षकगण एवं समस्त कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। छात्र/छात्राओ ने तिरंगे झण्डे, देशभक्ति के नारो तथा रंग बिरंगे बैनरो के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुये, स्वतंत्रता सैनानियों को नमन किया। रैली में वंदे मातरम्, भारत माता की जय और जय हिन्द के गगन भेदी नारे गूंजते रहें। रैली का आयोजन महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती छाया सिलास एवं प्राचार्य डॉ. श्रीमती शहवार सैयद के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, डॉ. सीमा सिंग, डॉ. भारती शुक्ला, डॉ. जयश्री दीक्षित, डॉ. अशोक सोनी, डॉ. कंचन सहगल, डॉ. कविता शर्मा, डॉ. अनीता उपाध्याय, डॉ. संगीता सिन्हा एवं समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा छात्र/छात्राओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# टिकाऊ खेती के लिए जरूरी है कृषि में नई तकनीकों का समावेश : डॉ. जी. के. कौतु

## जनेकृविवि में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर 8 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग और एक्शन फॉर सोशल एडवांसमेंट (आसा), भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में टिकाऊ खेती विषय पर 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु के मुख्यआतिथ्य, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर की अध्यक्षता एवं श्री लखन पाटीदार कार्यक्रम प्रबंधक, आसा, भोपाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि की आसंदी से डॉ. जी. के. कौतु ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है। खेती को टिकाऊ बनाने के लिये कृषि को तकनीक के माध्यम से नई दिशा देने की आवश्यकता है। आपने कहा कि टिकाऊ खेती का मतलब है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएं बिना, प्राकृतिक संसाधनों का कुशलता से उपयोग करके और भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता बनाएं रखने हेतु भोजन और अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर में कृषि की ओर सभी का झुकाव ज्यादा हो गया है। नई तकनीक को कृषि में समाहित करके उसे अन्य लोगों को भी सिखाना समय की आवश्यकता हो गई है।

श्री लखन पाटीदार कार्यकम प्रबंधक आसा, भोपाल ने कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन एवं जनेकृविवि के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री पाटीदार ने कहा कि आधुनिक खेती के दुष्परिभाव को देखते हुये जैविक एवं टिकाऊ खेती द्वारा प्रदत्त उत्पादों का व्यवसायीकरण करने की जरूरत है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा गायत्री तुरकर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. बी.एस. द्विवेदी, प्रशिक्षण सह समन्वयक (वैज्ञानिक) द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र के अवसर पर डॉ. एच.के. राय, डॉ. ए.के. उपाध्याय (प्रशिक्षण समन्वयक) डॉ. राकेश साहू, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. फूलचंद अमूले, डॉ. किरण पटेल डॉ. शैलू यादव, श्रीमति संगीता ठाकुर, श्री मधुकर, श्री विजय झारिया, सहित विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 3400 करोड़ के स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट में घोटाले की आशंका

## गुणवत्ता का सत्यापन नहीं, छानबीन रिपोर्ट गायब

**जबलपुर।**

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को स्मार्ट मीटर निर्माण कम्पनी द्वारा सप्लाई हुए मीटरों के गुणवत्ता तथा टेक्निकल रिपोर्ट का सत्यापन नहीं हुआ। निर्माण कंपनी की रिपोर्ट के आधार पर ही स्मार्ट मीटर लगाये गये है कि नहीं, मीटरों को दोषमुक्त करने की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है, वह गायब है । ऐसे में 3400 करोड़ के स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट में भारी घोटाला होने की आशंका है। अभी तक 11.30 लाख मीटर लगाये गये है, जिनमें यह धांधली हुई है। यह आरोप लगाते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ.पी.जी. नाजपांडे ने डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस समूचे मामलें को ई.ओ.डब्ल्यू को भेजकर जॉच करने का आग्रह किया है।क्या है मामला- पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने स्वयं की टेक्निकल कमेटी गठित की थी। स्मार्ट मीटरों के खरीदी हेतु जारी किये गये टेन्डरों में निर्देशित गुणवत्ता के आधार पर सप्लाय किये गये मीटरों की वास्तविक गुणवत्ता की जॉच करने की जिम्मेदारी इस कमेटी को सौपी गई थी। कमेटी ने मीटर सप्लाय करने वाली कम्पनी के टेक्निकल रिपोर्ट की छानबीन कर मीटरों में पाये गये दोषों में दुरूस्ती करने को कहा था, तथा इस बावद् पुनः रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। किन्तु की गई कार्यवाही रिपोर्ट (एक्शन टेकन रिपोर्ट) पुनः वापिस पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के टेक्निकल कमेटी के पास भेजी ही नहीं गई। अतः पूरी छानबीन नहीं हुई । सप्लाई किये गये मीटरों के गुणवत्ता का सत्यापन नहीं हो पाया है ।

**रिपोर्ट गायब है-** मंच के रजत भार्गव, डी.आर. लखेरा, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, राममिलन शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटरों के रिपोर्ट गायब है। गुणवत्ता सत्यापन रिपोर्ट कही पर उपलब्ध नहीं है। अतः जांच जरूरी है ।



CHANGE OF NAME
I, WAS KNOWN AS ALEYAMMA ANDREWS I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I,SHALL BE KNOWN AS LAILA ANDREWS W/O ANDREWS JOHN RESIDENT OF 202, JOHN, VILLA SHIV MANDIR KE - PASS, SUBHASH WARD, RANJHI, MANEGAON, JABALPUR (M. P.) 482005.

## खबर संक्षेप

### वीफिन करेगी एस्टोरिफी और ग्लोबटीएफ का विलय

**मुंबई।** वीफिन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने घोषणा की कि उसके बोर्ड ने उसकी सहायक कंपनियां एस्टोरिफी सॉल्यूशंस लिमिटेड और ग्लोबटीएफ सॉल्यूशन्स लिमिटेड को मूल कंपनी के साथ विलय या किसी अन्य उपयुक्त माध्यम से एकीकृत करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की है। यह वीफिन की यात्रा का एक अहम पड़ाव है, जो दुनिया का सबसे व्यापक और लचीला वर्किंग कैपिटल टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म रचने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### कैप्टन पॉलीप्लास्ट का शुद्ध लाभ 51 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** कैप्टन पॉलीप्लास्ट लिमिटेड माइक्रो इरीगेशन समाधान के अग्रणी निर्माता और निर्यातक में से एक है, जिसने अपने संचालन को तेज़ी से बढ़ते सोलर ईपीसी सेगमेंट में भी विस्तार किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। कंपनी के कैप्टन पॉलीप्लास्ट लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक रितेश खिचड़िया ने कहा कि हमने नए वित्त वर्ष की शुरुआत मजबूती से की है, अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं में प्रगति करते हुए और विकास की गति को बनाए रखते हुए।

### ट्रांसलाइन ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** विशेष टेक्नोलॉजी-समाधान प्रदाता कंपनी ट्रांसलाइन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। यह कंपनी इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी और सर्विलांस सिस्टम, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-संचालित सॉफ्टवेयर उत्पादों के डिजाइन, विकास और डिप्लॉयमेंट पर ध्यान केंद्रित करती है।

# पंचधातु के पालने में एलईडी की चमक में झूलेंगे नंद गोपाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन त्योहार के बाद श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई। अब बाजारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर रौनक बढ़ने लगी है। आगामी त्यौहार को लेकर श्रद्धालुओं में खूब उत्साह बना हुआ है। दुकानों में लड्डू गोपाल के छोटे-छोटे चमकीले वस्त्रों, बांसुरी के साथ सज्जा का सामान सज गए हैं। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के लिए पुराने शहर में बाजारों के अलावा न्यूमार्केट, कोलार, दस नंबर, बरखेड़ा, पिपलानी, इंद्रपुरी सहित तमाम इलाकों के बाजार में रौनक है।

शहर में सभी प्रमुख बाजारों में लड्डू गोपाल की रंग-बिरंगी पोशाक से बाजार में भी जन्मोत्सव का उत्साह दिख रहा है। न्यूमार्केट स्थित पूजा-पाठ सामग्री विक्रेता नामदेव के अनुसार गोटे वाली, मोती, मिरर, जरी, जरदोजी वर्क वाली पोशाक, पोमपोम वाली पोशाक, मोरपंख, लीफ डिजाइन वाली पोशाक देखते ही बन रही है। साथ ही माखन खाते हुए लड्डू गोपाल की मूर्ति भी लोग पसंद कर रहे हैं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 को, अब शहर के बाजारों में फिर बढ़ी चहल-पहल



आकर्षित हो रहे श्रद्धालु, मांग पूरी कर रहे दुकानदार

व्यापारी बताते है कि बाजार में बाल गोपाल के वस्त्र, सिंहासन, श्रृंगार, मुकुट बांसुरी,,झूला, आसन आदि की ओर श्रद्धालु ज्यादा ही आकर्षित हो रहे हैं। बाजार में 50 रुपए से 500 रुपए तक का श्रृंगार की सामग्री उपलब्ध है। लोगों की मांग के अनुसार ऑर्डर किए जा रहे हैं। साज सज्जा की सामग्री मथुरा,वृंदावन से मंगवाई गई है। मार्केट में जन्माष्टमी की खरीदारी की भीड़ बढ़ती जा रही है। दुकानदारों ने इसकी तैयारी में कृष्ण भगवान के सुंदर वस्त्र मंगवा लिए हैं। लोग मार्केट में इसे खरीदते हुए भी दिख रहे हैं। इन कपड़ों की डिजाइन इतनी सुंदर है कि हर कोई इसे खरीदने में लगा हुआ हैं।

### लुभा रहा लडडू गोपाल का शयनकक्ष

जन्माष्टमी पर लडडू गोपाल को विश्राम के लिए पलंग और मच्छरदानी लगा हुआ शयनकक्ष भी लोगों को लुभा रहा है। लकड़ी के पलंग पर भगवान का बिस्तर लगा हुआ है और इसके चारों ओर मच्छरदानी लगी है। इसकी कीमत 250 से 800 रुपए है। वहीं पीतल और लकड़ी के झूले और सिंहासन भी मौजूद हैं।

### पालने और मुकुट बढ़ा रहे शोभा

बाजार में डिजाइनर पालने और मुकुट ने शोभा बढ़ाई है। इसके साथ ही उनका श्रृंगार करने के लिए मोर पंख, बाजूबंद, माला, बांसुरी, बाल समेत अन्य श्रृंगार का सामान आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं पालने भी लकड़ी, स्टील, पंचधातु के मिल रहे हैं। पूजा की चौक भी मीनाकारी सहित कई डिजाइन की मिल रही है।

### डिजाइनर ड्रेस ज्यादा पसंद

आमतौर पर कान्हा के लिए धोती और लड्डू गोपाल के लिए परंपरागत ड्रेस की मांग रहती है, लेकिन इस बार डिजाइनर ड्रेस लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसमें कई आकार के साथ ही मोती, एंब्राइडरी और चांदी के तार से काम वाली ड्रेस भी लोगों की पसंद बनी हुई है। पंचधातु, चांदी और सोने की कान्हा की मूर्तियां भी खास हैं। लड्डू गोपाल समेत श्रीकृष्ण की खड़ी मूर्ति और राधा-कृष्ण की युगल मूर्तिया देखते ही बन रही हैं।

### ऑनलाइन भी कर रहे खरीदारी

बाजार के साथ ही ऑनलाइन में भी भगवान के जन्मोत्सव को खास बनाने के लिए पोशाक मिल रही है। एक से बढकर एक डिजाइन के पोशाक के साथ ही डिस्काउंट का ऑफर भी लोगों को लुभा रहा है। बांसुरी, पालना, मुकुट समेत सभी श्रृंगार का समान भी मिल रहे हैं। ऑफर मिलने की वजह से लोग ऑनलाइन लेना भी पसंद कर रहे हैं।

### श्रृंगार के सामान की कीमत

मैक्रम के झूले 500-3000 रुपए, मोरमुकुट 200-400, फूलों की पगड़ी 200.-500, फूल बंगला-600 से 1500, पंखा-100 से 300, एलईडी पंखा-350 से 500 रुपए, पोशाक- 25 से 2000, छाता-25 से 250, रंग बिरंगे सुर पंख-25 से 70, लाइटिंग बैड- 500 से 800 रुपए, राज गद्दी-50 से 500 रुपए ,एलईडी झूले-500 से 1000 रुपए।

## इंडैमर टेक्निक्स में 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की

# अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने की प्राइम एयरो के साथ साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदाबाद

अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने उद्यम होराइजन एयरो सॉल्यूशंस लिमिटेड के माध्यम से, प्राइम एयरो सर्विसेज एलएलपी के साथ साझेदारी में, भारत की अग्रणी निजी क्षेत्र की एमआरओ प्रदाता, इंडैमर टेक्निक्स प्राइवेट लिमिटेड में 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। होराइजन,एडीएसटीएल और इंडैमर टेक्निक्स के निदेशक, प्रजय पटेल के स्वामित्व वाली कंपनी, प्राइम एयरो के बीच 50-50 की साझेदारी है।





हमारा लक्ष्य एक ऐसा एकल-बिंदु विमानन सेवा प्लेटफार्म बनाना है : जीत अडाणी

अडाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक जीत अडाणी ने कहाकि यह अधिग्रहण भारत को एक प्रमुख वैश्विक एमआरओ गंतव्य के रूप में स्थापित करने की हमारी दिशा में अगला कदम है। यह एक एकीकृत विमानन सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी पुष्ट करता है जो भारत के विमानन बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। हमारा लक्ष्य एक ऐसा एकल-बिंदु विमानन सेवा प्लेटफार्म बनाना है जो विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों और ग्राहक संतुष्टि पर आधारित हो। जैसा कि हमने पहले कहा है, हम भारत के हवाई क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दृढ़ हैं।

### 30 एकड़ की भूमि पर एक अत्याधुनिक ग्रीन फील्ड सुविधा स्थापित की

नागपुर में मिहान विशेष आर्थिक क्षेत्र में रणनीतिक रूप से स्थित, आईटीपीएल ने 30 एकड़ की भूमि पर एक अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड सुविधा स्थापित की है। इस सुविधा में 10 हैंगरों में 15 विमान रखने की क्षमता है। आईटीपीएल को डीजीसीए, एफएए और अन्य वैश्विक नागरिक उड्डयन नियामकों द्वारा अनुमोदित किया गया है। कंपनी प्रमुख भारतीय और वैश्विक ग्राहकों को लीज रिटर्न चेक, भारी सी-चेक, संरचनात्मक मरम्मत और विमान पेंटिंग सहित एमआरओ सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करती है। भारतीय विमानन उद्योग ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है और यात्री यातायात के मामले में तीसरा सबसे बड़ा उद्योग बन गया है।

### सोनालीका ने कुल 53,772 ट्रैक्टर बिक्री की

**नई दिल्ली।** सोनालीका ने वित्त वर्ष 2026 के अपने सपुर में लगातार प्रगति जारी रखी है और केवल 4 महीनों में 50,000 ट्रैक्टर बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने अप्रैल-जुलाई 2025 के बीच 53,772 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है, जो कंपनी के इनोवेशन और मजबूत मूल्यों को दर्शाता है, साथ ही घरेलू बाजार में ब्रांड के निरंतर विकास का आधार हैं। सोनालीका कृषक समुदाय को बेहतर फसल प्राप्त करने के लिए अत्याधुनिक कृषि मशीनीकरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनालीका का विश्व का नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट रोबोट द्वारा संचालित है जो 2 मिनट में एक हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर तैयार करने में सक्षम है। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहाकि हमारे हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर किसानों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किये गए हैं।

# निवेशकों के सतर्क रुख से सेंसेक्स 368 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुद्रास्फीति का आंकड़ा आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 368 अंक टूटा जबकि निफ्टी को 98 अंकों का नुकसान हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 368.49 अंक गिरकर 80,235.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 833.31 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। निफ्टी भी 97.65 अंक गिरकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ।

■ निफ्टी भी नुकसान में, बैंकों के शेयरों में रही बिकवाली

विश्लेषकों ने कहा कि सतर्क निवेशक 15 अगस्त को होने वाली अमेरिका-रूस वार्ता से भी आने वाले संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरकर बंद हुए। हालांकि, मारुति, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी में तेजी का रुख देखने को मिला। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"वैश्विक व्यापार से जुड़े घटनाक्रम और आने वाले मुद्रास्फीति आंकड़ों को देखते हुए घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार हुआ। अगर अमेरिकी मुद्रास्फीति पर शुल्क वृद्धि का कोई संकेत दिखता है तो फेडरल रिजर्व के नीतिगत रुख पर उसका असर देखने को मिल सकता है।/"



### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ जबकि जापान का निक्की सूचकांक, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में कारोबार का मिला-जुला रुख देखा गया। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

## रेमेडियम लाइफकेयर के एक्सपान्शन प्लान्स को मिली रफ्तार

**मंबई।** फार्मास्यूटिकल सप्लाई चेन और स्पेशलिटी केमिकल्स सेक्टर में तेजी से उभरता हुई कंपनी रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड, ने 30 जून को पूरी हुई तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुनाफे में जबरदस्त सुधार दर्शाया है।कंपनी ने क्यू1एफवॉय6 में 464.88 लाख का प्रोफिट आफ्टर टेक्सेशन (पीएटी) दर्ज किया, जबकि पिछली तिमाही क्यू4एफवॉय25 में कंपनी को 204.60 लाख का घाटा हुआ था। खास बात यह भी है कि सिर्फ पहली तिमाही का मुनाफा ही पूरे एफवॉय25 के कुल मुनाफे 212.94 लाख से दोगुना है।

REMEDIUM LIFECARE

## भारत में निवेशकों की संख्या रॉकेट की गति से बढ़ रही

# बांग्लादेश व रूस की जनसंख्या से ज्यादा खुले भारत में डीमैट खाते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में शेयर मार्केट में पैसे लगाने वाले निवेशकों की संख्या रॉकेट की स्पीड से बढ़ रही है। इसके चलते पहली बार जुलाई महीने में डीमैट खातों की संख्या 20 करोड़ के पार चली गई है। डिपॉजिटर्स के लेटेस्ट आंकड़ों से इसका खुलासा हुआ है। खास बात ये है कि भारत में जितने डीमैट खाते हैं, वह बांग्लादेश, रूस, इथियोपिया, मेक्सिको, जापान, इजिप्ट, फिलीपींस और कांगो की जनसंख्या भी अधिक है। वहीं ब्राजील की जनसंख्या के भी एकदम करीब है। ब्राजील की जनसंख्या करीब 21.3 करोड़ है। डीमैट खाते शेयरों और सिक्योरिटीज को इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में रखने के लिए जरूरी है और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देशों के बीच डीमैट खातों की संख्या के बीच भारत अब सातवें स्थान पर है।

■ पहली बार जुलाई में डीमैट खातों की संख्या 20 करोड़ के पार चली गई





### जुलाई में 29.8 लाख नए डीमैट खाते खुले

*पिछले महीने जुलाई में 29.8 लाख नए डीमैट खाते खुले और इसके साथ ही डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 20.21 करोड़ पर पहुंच गई। जुलाई में जितने नए खाते खुले, वह पिछले सात महीने में सबसे अधिक रहा और खास बात ये भी है कि यह तेजी ऐसे महीने में आई, जब मार्केट में काफी उठा-पटक थी। डिपॉजिटर्स के आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में जितने खाते खुले, जून महीने में उससे 2.52 लाख खाते कम खुले थे लेकिन सालाना आधार पर आंकड़ा फीका रहा। पिछले साल 2024 की जुलाई में भारत में 45.55 लाख डीमैट खाते खुले थे। इस साल अब तक यानी कि सात महीने में करीब 16.81 लाख नए डीमैट खाते खुल चुके हैं जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 46 लाख था।*

### आईपीओ के कारण बढ़े डीमैट खाते

मार्केट में भारी उठा-पटक के बावजूद पिछले महीने जुलाई में बड़ी संख्या में डीमैट अकाउंट्स खुले और विश्लेषकों के मुताबिक इसकी वजह नए आईपीओ हैं। सेकंडरी मार्केट यानी लिस्टेड शेयरों का बाजार महंगा यानी ओवर वैल्यूएशन वाला लग रहा है तो निवेशकों ने प्राइमरी मार्केट यानी आईपीओ के बाजार में एंट्री मारी। अधिकतर आईपीओ अच्छे वैल्यूएशन पर आ रहे हैं तो निवेशकों को आईपीओ मार्केट भाया और इस वजह से डीमैट अकाउंट्स की संख्या भी बढ़ गई।

### शेयर बाजार में जारी है उठा-पटक?

इस साल 2025 की शुरुआत से ही भारतीय स्टॉक मार्केट में काफी उठा-पटक चल रही है। जियोपॉलिटिकल टेंशन और अमेरिकी टैरिफ ने भारत समेत दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में वोलैटिलिटी यानी उठा-पटक बढ़ा दी। घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 और सेंसेक्स ने तो काफी हद तक रिकवरी कर ली है और इस साल 3-3% से अधिक मजबूत हुए हैं लेकिन दूसरी तरफ बीएसई मिडकैप 3% और बीएसई स्मॉलकैप 6% नीचे आ चुके हैं।

## राशिफल

**मेष** — जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष** — तरक्की के योग बन रहे हैं। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कर्क** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी। धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मौके मिलेंगे।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** — धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। संयम बनाकर रखें।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। घर की सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**कुंभ** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। किसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।



## स्कोडा ने 25वीं वर्षगाँठ मनाई


**जबलपुर।** स्कोडा आटो इंडिया ने अपनी 25वीं वर्षगाँठ और वैश्विक स्तर पर 130 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाते हुए, मॉडल्सः कुशाक, स्लाविया और काइलैक के लिमिटेड एडिशन उतारे हैं। खास, लिमिटेड एडिशन में खास डिज़ाइन एन्हांसमेंट्स और प्रीमियम फीचर्स शामिल हैं।ब्रांड की 25वीं वर्षगाँठ और इन नए लिमिटेड एडिशन मॉडल्स के लॉन्च के बारे में बात करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, "हम काइलैक, कुशाक और स्लाविया के लिमिटेड एडिशन के साथ भारत में स्कोडा ऑटो के 25 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं। ये स्पेशल एडिशन हमारे प्रशंसकों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए हैं, जिनमें स्पोर्टी एलीगेंस और प्रीमियम फीचर्स शामिल हैं।

## आयकर रिटर्न भरने में मदद करेगा जियो फाइनेंस एप

**मुंबई।** करदाताओं के लिए टैक्स फाइलिंग और वित्तिय प्लानिंग अब बेहद आसान होने वाली है। जियो-फाइनेंस एप ने टैक्स फाइलिंग और टैक्स प्रबंधन के फ़ीचर से लैस एक मॉड्यूल लांच किया है। मात्र 24 रुपए कीमत से शुरू होने वाले ये मॉड्यूल्स जियोफाइनेंस एप पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। जियो-फाइनेंस ने यह नया फ़ीचर 'टैक्सबडी' के साथ साझेदारी में विकसित किया है। 'टैक्सबडी' ऑनलाइन टैक्स फाइलिंग और सलाहकार सेवा के लिए जाना जाता है। टैक्स प्लानर और टैक्स फाइलिंग। टैक्स फाइलिंग सुविधा पुरानी और नई कर-व्यवस्थाओं के बीच भ्रम को दूर करने के लिए डिज़ाइन की गई है, यह ग्राहकों को 80सी और 80डी जैसी धाराओं के तहत टैक्स का हिसाब किताब करके और टैक्स बचाने में मदद करती है। इसका इस्तेमाल काफी सरल व किफायती है, यह महंगे बिचौलियों पर निर्भरता को खत्म करता है।- टैक्स प्लानर, जो भविष्य की टैक्स देनदारियों का अनुमान लगाने और उन्हें कम करने में मदद करता है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5957



**बाएँसेदाए**

1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 5956 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | बा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | धा |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | बा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकू नवताल - 5967

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5966 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |



# बागी 4 का टीजर रिलीज टाइगर और संजय भिड़े

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू की बागी 4 का टीजर रिलीज कर दिया है। इसको देखने के बाद लोगों के मिले-जुले रिएक्शन आ रहे हैं। कुछ टाइगर से लेकर संजू बाबा की तारीफ कर रहे हैं तो किसी ने इतना वॉयलेंस दिखाने के लिए आलोचना भी की है। कोई इसे एनिमल तो कोई किल जैसा बता रहा है तो कोई इतना वॉयलेंस देख इसे कसाईखाना बोल रहा है। टीजर की शुरुआत टाइगर श्रॉफ के डायलॉग से होती है कि 'जरूरत हमारी जरूरी में फर्क होता है। अलीशा तेरी जरूरत थी और मेरे लिए जरूरी।' इस डायलॉग के दौरान संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू को रोते हुए दिखाया गया है।



लाइफ Style

# जैस्मीन

## इंडस्ट्री में होता है कास्टिंग काउच

टीवी एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन ने कास्टिंग काउच को लेकर एक खुलासा किया है। उन्होंने उस बुरे दौर को याद किया, जब वो खुद इसका शिकार हुई थीं। उन्होंने बताया कि कैसे होटल के कमरे में उन्हें लॉक कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने एक बड़ा फैसला लिया था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैस्मीन भसीन ने एक शो में कास्टिंग काउच पर खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं मीटिंग के लिए गई थी। सबसे पहले तो मैं एक आदमी को ड्रिंक करते और ऑडिशन के लिए कहते हुए देखकर डर गई। यहां तक कि कोऑर्डिनेटर भी कमरे से बाहर चला गया। तो पहले तो मैं डर गई। उसके बाद उसने मुझसे कहा- तुम्हें ये सीन करना होगा। मैंने कहा- सर, ठीक है, मैं सीन तैयार कर दूंगी और कल आऊंगी। तो उसने बोला- नहीं नहीं, तुम्हें अभी करना होगा। तो मैंने कर दिया। इसके बाद उसने मुझसे कहा- नहीं ऐसे नहीं। मेरा मतलब है, वो मुझे खड़े होने के लिए कह रहा था और... उसने मुझे एक सीन बताया। उदाहरण के लिए- तुम्हारा बॉयफ्रेंड जा रहा है, तुम्हें उसे रोकना होगा। तो मैंने वैसा ही किया। उसने कहा- नहीं, ऐसे नहीं। तुम्हें... उसने मुझे बंद कर दिया और कुछ और करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ठीक है, फिर मैंने अपनी स्किल का इस्तेमाल किया और मैं वहां से भाग गई। जैस्मीन ने खुलासा किया कि इसके बाद उन्होंने फैसला किया कि होटल रूम में कोई भी मीटिंग के लिए वो नहीं जाएंगी। अपनी जिंदगी में कभी नहीं जाएंगी। इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच को लेकर उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगी कि ये मौजूद है।

हॉलीवुड मसाला



# आज से ज्यादा बेहतर पुरानी फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जैकी चैन ने हाल ही में हॉलीवुड को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि हॉलीवुड में क्वालिटी फिल्में बनाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने पुरानी और नई फिल्मों की तुलना करते हुए कहा- मुझे लगता है कि पुरानी फिल्में आज से ज्यादा बेहतर हैं।' उनका मानना है कि अब फिल्में, निर्माण के जुनून से ज्यादा बिजनेस हितों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, 'कई बड़े स्टूडियो फिल्ममेकर्स नहीं, बल्कि व्यवसायी हैं। वे 4 करोड़ डॉलर का निवेश करते हैं और सोचते हैं- मैं इसे कैसे वापस पाऊंगा?



# थॉर के लिए पहले रिजेक्ट हो गए थे क्रिस हेम्सवर्थ

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में साल 1983 में जन्मे क्रिस ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, बल्कि भारत में भी अपनी भूमिका थॉर के कारण एक लोकप्रिय नाम बन गए। क्रिस हेम्सवर्थ की थॉर वाली भूमिका पहले उनके छोटे भाई लियाम हेम्सवर्थ को मिलने वाली थी। क्रिस ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें पहले लगा था कि थॉर के लिए उनका ऑडिशन बिल्कुल बेकार गया। उन्होंने कई साल पहले थॉर के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन उन्हें कॉलबैक नहीं आया। इसके बाद उनके भाई उस रोल के काफी करीब थे, लेकिन फिर उन्होंने दोबारा से थॉर का ऑडिशन दिया और दूसरी बार उन्हें सिलेक्ट कर लिया गया। इन दो ऑडिशन्स के बीच भी क्रिस दूसरी फिल्में कर रहे थे, जिससे उनका कॉन्फिडेंस और एक्सपीरियंस बढ़ता गया।



# 10 साल पहले कर चुके हैं सैयारा का सीन

**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' के एक सीन में अहान का बाइक पर अनीत को ओवरशर्ट से बांधना वायरल हो गया है। नेटिजन्स ने अर्जुन कपूर की फिल्म 'तेवर' के एक पुराने सीन को याद किया, जिसमें उन्होंने सोनाक्षी सिन्हा के साथ ऐसा ही किया था। एक खास सीन जिसने कई दर्शकों को हैरान कर दिया, वह था जब अनीत, अहान की बाइक पर बैठ जाती हैं तो अहान अपनी ओवरशर्ट उनकी कमर के पास डालकर उन्हें खुद से बांध लेते हैं। खैर, अब नेटिजन्स ने एक पुराना क्लिप खोज निकाला है, जिसमें दावा किया गया है कि अर्जुन ने यह हरकत सैयारा के ट्रेंड बनने से पहले की थी। सैयारा में, अहान पांडे ने दर्शकों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया जब उन्होंने अनीत पड्डा के कमर के पीछे अपनी शर्ट बांधी, उन्हें कसकर खींचा और फिर बाइक पर तेजी से भाग निकले।



# एडवांस बुकिंग में कुली ने वॉर 2 को पछाड़ा

**मुंबई।** गुरुवार, 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले बॉक्स ऑफिस पर दो एक्शन थ्रिलर फिल्में आमने-सामने होंगी। एक तरफ 'स्पाई यूनिवर्स' की 'वॉर 2' है, जिसमें ऋतिक रोशन के साथ इस बार जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी हैं। वहीं, दूसरी तरफ लोकेश कनगराज की तमिल क्राइम ड्रामा 'कुली', जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत लीड रोल में हैं। दोनों की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। उसमें कुली ने वॉर 2 को बुरी तरह पछाड़ दिया है। हालांकि, बुधवार तक बाजी पलट भी सकती है! वॉर 2 की एडवांस बुकिंग रविवार, 10 अगस्त को शुरू हुई है। जबकि कुली की एडवांस बुकिंग लिमिटेड स्क्रीन्स के साथ 8 अगस्त की शाम में ही शुरू हो गई थी। सोमवार दोपहर तक, हिंदी, तमिल और तेलुगू वर्जन में वॉर 2 के लिए 6978 शोज की प्री-बुकिंग हो रही है।

टीवी मसाला

## विदिशा श्रीवास्तव श्रीकृष्ण जन्मभूमि व द्वारकाधीश मंदिर में मनाएंगी जन्माष्टमी

**मथुरा।** 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर एण्डटीवी की कल्ट कॉमेडी 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर जाकर आध्यात्मिक माहौल को महसूस करेंगी। द्वारकाधीश मंदिर, जिसे जगत मंदिर भी कहते हैं, का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। मथुरा के बीचों-बीच स्थित यह मंदिर कृष्ण भगवान को समर्पित पुराने और पूजनीय मंदिरों में से एक है। उत्साहित विदिशा श्रीवास्तव उर्फ अनीता भाबी बताती है कि मैं पहली बार मथुरा जा रही हूं। जन्माष्टमी जैसे पवित्र दिन पर मथुरा जाना किसी आशीर्वाद से कम नहीं। मैं हमेशा से भगवान कृष्ण की जन्मभूमि देखना चाहती थी। अब द्वारकाधीश मंदिर की दैवीय ऊर्जा को इतने खास समय में महसूस करना मेरे लिए विशेष है। मैं पूरे भक्तिभाव से पूजा की तैयारी कर रही हूँ। जन्माष्टमी के दैवीय उत्सवों, शानदार आरतियों, बड़ी ही खूबसूरती से तैयार की गई कृष्णलीलाओं और रंग-बिरंगी झाँकिया पूरे शहर को जीवंत कर देती हैं। इस आध्यात्मिक अनुभव के अलावा टीवी अदाकारा मथुरा की अनूठी संस्कृति और खान-पान का भी लुत्फ उठाना चाहती है और उन्हें मथुरा के मशहूर पेड़े, माखन-मिश्री प्रसाद और वहाँ का स्ट्रीट फूड - जैसे कचौरी-सब्जी, जलेबी और बेड़ई खाने का भी इंतजार है। बतौरी विदिशा यह यात्रा भक्ति, खोज और उत्सव का एक सुंदर मेल रहेगी।



## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में होगी नई एंट्री

**नई दिल्ली।** सालों बाद स्मृति ईरानी के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने छोटे पर्दे पर वापसी की है। पहले सीजन की तुलना में इस बार शो में कुछ बदलाव किए गए हैं, लेकिन बावजूद इसके दर्शकों को 'क्योंक-2' कापी पसंद आया है। तुलसी के किरदार में दर्शकों को स्मृति ईरानी काफी एंटरटेन कर रही हैं, लेकिन अब इस शो में एक और एंट्री होने जा रही है जिसके बाद तुलसी की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल होने वाली है। चर्चा है कि एक्ट्रेस बरखा बिष्ट शो में एंट्री करने वाली हैं। सीरियल में बरखा की एंट्री के लिए माहौल तैयार किया जा चुका है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में हुए इस हाई वोल्टेज तमाशे की वजह से विरानी निवास में माहौल तनावपूर्ण हो जाएगा। बरखा का किरदार 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में तुलसी और मिहिर के बीच फासले बढ़ाता नजर आएगा। चर्चा है कि बरखा का किरदार शो में महज एक गेस्ट अपीयरेंस नहीं होगा, बल्कि मुख्य किरदार के तौर पर शो में बना रहने वाला है। लेकिन, तुलसी की जिंदगी में बरखा की वजह से कौन से ट्विस्ट आने वाले हैं, इस सवाल का जवाब भी हमें जल्द ही मिल जाएगा।



## डिस्कवरी पर नई डॉक्यू-सीरीज़ 'एक था राजा' का प्रीमियर 7 अगस्त से

**जबलपुर।** वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने नई ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज़ 'एक था राजा विद अकुल त्रिपाठी' की घोषणा की है, जिसका प्रसारण 7 अगस्त 2025 से रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी+ पर होगा। यह आठ एपिसोड की सीरीज़ भारत के प्रसिद्ध और अनसुने शासकों की बहादुरी भरी कहानियाँ दिखाएगी। शो गढ़वाल, मालवा, राजपुताना, दक्कन, कर्नाटक और कश्मीर जैसे क्षेत्रों की ऐतिहासिक गाथाओं को पेश करेगा। यह डॉक्यू-सीरीज़ हिंदी समेत कुल सात भाषाओं में उपलब्ध होगी।



# देशभक्ति का जोश जगा देंगी ये आने वाली फिल्में

*नई दिल्ली। देशभक्ति की भावना को बड़े पर्दे पर जीवंत करने वाली कुछ शानदार बॉलीवुड फिल्में जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और देश के प्रति समर्पण की कहानियों को दर्शकों के सामने लाएंगी। देशभक्ति का जोश जगा देंगी ये सभी आगामी बॉलीवुड फिल्में। भारतीय सेना की वीरता और बलिदान की सच्ची कहानियों पर आधारित हैं, जो दर्शकों में देशप्रेम की भावना को और मजबूत करेंगी। इस लिस्ट में बॉर्डर 2, 120 बहादुर और इक्कीस जैसी फिल्में शामिल हैं।*




**बॉर्डर 2** : 1997 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है बॉर्डर 2। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लोंगेवाला की लड़ाई पर आधारित थी। बॉर्डर 2 भी देशभक्ति, साहस और बलिदान की भावना को दर्शाएगी। सनी देओल इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे सितारे भी हैं। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। इसे जेपी दत्ता, निधि दत्ता, और भूषण कुमार प्रोड्यूस कर रहे। बॉर्डर 2, 23 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो सकती है।

**120 बहादुर** : 120 बहादुर, 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। यह फिल्म उस ऐतिहासिक घटना को दर्शाती है, जिसमें 120 भारतीय सैनिकों ने हजारों दुश्मनों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और इतिहास रच दिया। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी (परम वीर चक्र विजेता) की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म को रजनीश घई ने डायरेक्ट किया है। इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट (फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी) प्रोड्यूस कर रहा है।

**बैटल ऑफ गलवान'** : बैटल ऑफ गलवान, 15 जून, 2020 को लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुए भीषण संघर्ष पर आधारित है। यह फिल्म भारतीय सैनिकों के साहस, बलिदान और देशभक्ति की कहानी को दर्शाएगी। यह उस घटना को श्रद्धांजलि देती है, जिसमें कई भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। सलमान खान इस फिल्म में कर्नल बी. संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने शूटआउट एट लोखंडवाला जैसी फिल्में बनाई हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया जा चुका है।

**इक्कीस** : इक्कीस, 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जिन्होंने 21 साल की उम्र में देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह फिल्म उनकी वीरता और बलिदान को दर्शाती है। धर्मेंद्र इस फिल्म में अरुण खेत्रपाल के पिता का किरदार निभा रहे हैं। अगस्त्य नंदा (अमिताभ बच्चन के नाती) लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की भूमिका में हैं। वरुण धवन, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन कर रहे हैं।

# रिकी ने लियोनार्डो से की शाहरुख की तुलना

**मुंबई।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार और पद्मश्री रिकी केज दिल्ली में चल रहे सेलिब्रेटिंग इंडिया फिल्म फेस्टिवल 2025 के तीसरे दिन शामिल हुए। इस दौरान केज ने जवान के लिए पहला नेशनल अवॉर्ड जीतने पर शाहरुख खान को लेकर भी बात की। वहीं, अपने हालिया रिलीज एल्बम गांधी मंत्रा ऑफ कम्पैशन पर भी उन्होंने बात की। शाहरुख के नेशनल अवॉर्ड जीतने पर रिकी केज ने प्रतिक्रिया देते हुए लियोनार्डो डिकैप्रियो की द रेवेनेंट के लिए पहली ऑस्कर जीत को याद किया। जहां कई लोगों को लगा कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, लेकिन यह उनके कॅरियर के लिए एक लंबे समय से प्रतीक्षित सम्मान था। केज ने कहा कि किंग खान ने अपने कॅरियर में काफी शानदार काम किया है। वो जवान से पहले ही इस सम्मान के हकदार थे। केज ने कहा कि लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ भी ऐसा हुआ था, जब उन्होंने द रेवेनेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता था। बहुत से लोग मानते हैं कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ काम नहीं था। लेकिन, जब उन्होंने द रेवेनेंट के लिए पुरस्कार जीता तो सभी उनके लिए बहुत खुश हुए।



## निर्देशक और गायक भी थे, फिल्मों में किया चार दशकों तक काम

# पाकिस्तान में जन्मे मनमोहन कृष्ण ने बॉलीवुड में इस तरह बनाई पहचान

*नई दिल्ली। दिवंगत कलाकार मनमोहन कृष्ण बॉलीवुड का बड़ा नाम हैं। वह अभिनेता होने के साथ निर्देशक और गायक भी थे। उन्होंने फिल्मों में चार दशकों तक काम किया। इस दौरान कई चरित्र भूमिकाएं निभाईं। कम ही लोगों को पता है कि वह सिंगर बनना चाहते थे, हालांकि वह एक्टर के तौर पर मशहूर हुए।*



### पहले बने भौतिकी के प्रोफेसर

मनमोहन कृष्ण का जन्म 26 फरवरी साल 1922 को पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था। उन्होंने भौतिकी के प्रोफेसर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। उन्हें कॉलेज में बच्चों को पढ़ाना पसंद था। उन्होंने भौतिकी में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की थी। उन्होंने कॉलेज में दो साल तक बच्चों को पढ़ाया, इसके बाद बॉलीवुड का रुख किया।

### रेडियो में की एंकरिंग

मनमोहन कृष्ण सिंगर बनना चाहते थे। इसलिए उनका रुझान रेडियो की तरफ था। वह कुछ दिनों तक रेडियो से जुड़े रहे। उन्होंने रेडियो शो 'कैडबरी की फुलवारी' नाम के एक गायन प्रतियोगिता का संचालन किया। यह कार्यक्रम काफी मशहूर हुआ।

### चोपड़ा बंधुओं के पसंदीदा थे कृष्ण

मनमोहन कृष्ण ने बॉलीवुड कॅरियर की शुरुआत बतौर अभिनेता अंधों की दुनिया (1947) से की थी। वह चोपड़ा बंधुओं के पसंदीदा अभिनेता थे। मनमोहन कृष्ण ने उनके द्वारा निर्देशित या निर्मित फिल्मों में कई छोटी-बड़ी भूमिकाएं निभाईं। दीवार, त्रिशूल, दाग, हमराज, जोशीला, कानून, साधना, काला पत्थर, वक्त और नया दौर में उन्होंने काम किया।

### सहायक अभिनेता के लिए मिला पुरस्कार



मनमोहन कृष्ण ने लगभग 250 फिल्मों में काम किया। इनमें से कई फिल्में कामयाब रहीं। उनकी बेहतरीन फिल्मों में दौर (1957), खानदान (1965), साधना (1958), वक्त (1965) और हमराज (1967) शामिल हैं। फिल्म बीस साल बाद (1962) में उनके अभिनय के लिए उनकी खूब तारीफ हुई। फिल्म धूल का फूल (1960) में उन्होंने अब्दुल रशीद की भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।

### गाने में आजमाया हाथ

फिल्मों में अभिनय और फिल्म का निर्देशन करने के साथ-साथ मनमोहन कृष्ण एक गायक भी थे। बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि मनमोहन कृष्ण ने अपना पहला गीत 'झट खोल दे', देव आनंद की फिल्म अफसर (1950) में गाया था। इस गाने का संगीत एसडी बर्मन ने दिया था।

### आखिरी वक्त

मनमोहन कृष्ण एक कामयाब अभिनेता थे। आखिरी वक्त में वह बीमार हो गए थे। साल 1990 में 68 वर्ष की आयु में मुंबई के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया।

### कृष्ण की फिल्म को मिला नेशनल अवॉर्ड

मनमोहन कृष्ण ने ख्वाजा अहमद अब्बास की शहर और सपना (1963) में अहम भूमिका निभाई। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने पहली इंडो-सोवियत सह-निर्माण फिल्म परदेसी (1957) में अभिनय किया। इस फिल्म को 1958 के कान फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन पाम के लिए नामांकित किया गया था। यही नहीं, मनमोहन कृष्ण ने 12 पंजाबी फिल्मों में भी अभिनय किया है।

### निर्देशन में हासिल की उपलब्धि

फिल्मों में अभिनय करने के बाद मनमोहन कृष्ण ने निर्देशन में हाथ आजमाया। यहां भी वह कामयाब रहे। उन्होंने अपने कॅरियर में यशराज फिल्म्स के लिए हिट फिल्म नूरी (1979) का निर्देशन किया। इस फिल्म का निर्देशन करने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।

# दलीप ट्रॉफी के इतिहास में इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं 2,000 से अधिक रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी भारत का प्रतिष्ठित प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट है, जो जोनल प्रारूप में खेला जाता है। इस टूर्नामेंट में वेस्ट जोन की टीम अब तक सबसे सफल रही है, जिसने कुल 19 बार खिताब पर कब्जा जमाया है। उनके बाद नॉर्थ जोन की टीम 18 बार विजेता बनी है। इस टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक चुनिंदा बल्लेबाज ही 2,000 से अधिक रन बनाने में सफल हुए हैं।



### वसीम जाफर (2,545 रन)

दलीप ट्रॉफी में वसीम जाफर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वेस्ट जोन के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने 30 मैचों की 54 पारियों में 55.32 की औसत के साथ 2,545 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 173* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 13 अर्धशतक लगाए थे। बता दें कि जाफर ने अपने प्रथम श्रेणी करियर का अंत 50.67 की औसत से 19,410 रनों के साथ किया था।

### विक्रम राठौड़ (2,265 रन)



इस सूची में दूसरे पायदान पर विक्रम राठौड़ मौजूद है। नॉर्थ जोन की ओर से उन्होंने 25 मैच खेले थे, जिसमें 51.47 की औसत के साथ 2,265 रन बनाए थे। उन्होंने 6 शतक और 11 अर्धशतक भी लगाए थे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 6 टेस्ट में 44 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 131 रन बनाए थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 49.66 की औसत से 11,473 रन अपने नाम किए थे।

### अंशुमान गायकवाड़ (2,004 रन)



अंशुमान गायकवाड़ भी इस विशेष सूची का हिस्सा हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे पहले 2,000 रन का आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 26 मैचों की 42 पारियों में 52.73 की औसत के साथ 2,004 रन बनाए थे। वेस्ट जोन का ही प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने 216 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 9 शतक लगाए थे। गायकवाड़ ने भारत की ओर से 30.07 की औसत से 1,985 रन बनाए थे। गायकवाड़ के नाम हैं सर्वाधिक शतकों का रिकॉर्ड गायकवाड़ के नाम ही दलीप ट्रॉफी में सर्वाधिक शतक (9) लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

## दलीप ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा 136 विकेट चटकाए हैं नरेंद्र हिरवानी ने

प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अंतर्गत आने वाली दलीप ट्रॉफी के टूर्नामेंट में वसीम जाफर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह लाल गेंद से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 2,500 से अधिक रन बना चुके हैं। दूसरी तरफ नरेंद्र हिरवानी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची के बारे में जानते हैं।

**नरेंद्र हिरवानी (126 विकेट)**

पूर्व लेग स्पिनर हिरवानी ने दलीप ट्रॉफी में 29 मैच खेले थे, जिसमें 34.12 की औसत के साथ 126 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 8 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 129 रन देते हुए 7 विकेट लेना रहा था। वह सेंट्रल जोन से खेलते थे। हिरवानी ने भारत की ओर से 17



टेस्ट खेले थे, जिसमें 30.10 की औसत के साथ 66 विकेट लिए थे।

**सिराज बहुतुले (112 विकेट)**

पूर्व लेग स्पिनर सिराज बहुतुले दलीप ट्रॉफी के इतिहास में 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे ही गेंदबाज थे। वेस्ट जोन के लिए 30 मैचों में उन्होंने 26.76 की औसत से 112 विकेट लिए थे। उन्होंने 4 पारियों में 5 विकेट भी लिए थे। 2 दशकों से ज्यादा के लम्बे अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 26.00 की औसत से 630 विकेट लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने 9 शतकों के साथ 6,176 रन भी बनाए थे।

**भगवत चंद्रशेखर (99 विकेट)**

साउथ जोन के भगवत चंद्रशेखर इस सूची में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। उन्होंने सिर्फ 24 टेस्ट में 24.30 की औसत के साथ 99 विकेट लिए थे। उन्होंने 7 पारियों में 5 विकेट लिए थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर में इस लेग स्पिनर ने 246 मैच खेले थे, जिसमें 24.03 की औसत के साथ 1,063 विकेट लिए थे। उन्होंने 75 पारियों में 5 विकेट हॉल भी लिए थे।

## खबर संक्षेप



### एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के रास्पाडोरी संग किया करार

**मैड्रिड।** स्पेन के फुटबॉल क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ अनुबंध किया है जो अभी तक नेपोली की तरफ से खेल रहे थे। इस 25 वर्षीय फॉरवर्ड ने अपना मेडिकल परीक्षण पास कर लिया और उन्होंने स्पेनिश टीम के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। एटलेटिको ने कहा, ''इटली का यह खिलाड़ी बहुमुखी प्रतिभा का धनी है। वह अग्रिम पंक्ति के अलावा मध्य पंक्ति में भी खेल सकता है।'' रास्पाडोरी ने 2022 में नेपोली के साथ करार किया और अपने पहले सत्र और फिर 2024-25 में क्लब के साथ सीरी ए खिताब जीता। उन्होंने नेपोली की तरफ से 109 मैच खेले और 18 गोल किए। उन्होंने 2021 में 21 साल की उम्र में इटली की सीनियर टीम की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया और वह उस यूरोपीय चैंपियनशिप में खेले, जिसे इटली ने जीता।

### डी गुकेश ने ओपेरिन-लिएम को दी करारी शिकस्त

**सेंट लुई।** सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में भारत के डी. गुकेश ने पहले दौर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन से हारने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले



क्वांग को हराकर चार अंक हासिल किए और वेस्ली सो के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचे। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि फैबियानो कारुआना पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश की रानी बलिदान चाल और दबाव में जीत ने दर्शकों को प्रभावित किया। आने वाले दिनों में उनके प्रदर्शन पर सबकी निगाहें रहेंगी। ग्रैंड चेस टूर के अंतर्गत चल रहे सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन भारत के शीर्ष युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मिश्रित प्रदर्शन किया।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट ने सुधार के लिए कसी कमर, हुई बैठक

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपने पूर्व खिलाड़ियों के साथ आपात बैठक के बाद 'लगभग सौ चीजों की पहचान की है' जिनमें सुधार की आवश्यकता है। इसमें युवा



खिलाड़ियों में गर्व की भावना पैदा करना, घरेलू टूर्नामेंटों का स्तर बेहतर करना और अधिक धन जुटाना शामिल है। क्षेत्र में खेल की बेहतरी के लिए त्रिनिदाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में विव रिचर्ड्स, ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड, डेसमंड हेन्स, शिवनारायण चंद्रपॉल और वर्तमान मुख्य कोच डैरन सैमी जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया। यह बैठक हाल ही में किंगस्टन के सबीना पार्क में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के 27 रन पर आउट होने के बाद हो रही है जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम और 1955 के बाद से सबसे कम स्कोर है।

## शुभमन ने बेन स्टोक्स और वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा

# गिल ने रचा इतिहास, प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान 4 बार हासिल करनेवाले पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने जुलाई 2025 के लिए उन्हें आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। गिल ने इस सम्मान की दौड़ में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा।

### कप्तान के रूप में छाए शुभमन

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को पहली बार भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर खेले गए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई। इस सीरीज में गिल ने चार शतक जड़े और कुल 754 रन बनाकर टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज साबित हुए।



### गावस्कर के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे

गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज़ में 754 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज़ का पुरस्कार भी अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ वे एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। वे केवल 20 रन पीछे रह गए सुनील गावस्कर के अब तक के रिकॉर्ड से।

### महिला खिलाड़ियों की बराबरी की

इस सम्मान को चार बार जीतकर शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज की बराबरी कर ली है, जो पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। गिल अब तक के पहले पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने यह कीर्तिमान रचा है।

### चौथी बार पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी

*शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्हें जनवरी और सितंबर 2023 और फिर फरवरी 2025 में यह सम्मान मिल चुका है। अब जुलाई 2025 में उन्हें यह खिताब मिलने के साथ ही वह इस पुरस्कार को चार बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।*

### गिल ने जाहिर की अपनी खुशी

*इस सम्मान को लेकर गिल ने कहा, जुलाई के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह मुझे कप्तान के रूप में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन के लिए मिला है। बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक मेरे लिए इस दौरे का सबसे यादगार लम्हा रहेगा। उनका यह बयान इस बात को दर्शाता है कि वे केवल एक शानदार बल्लेबाज ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार कप्तान भी हैं।*

## मंधाना पिछड़ीं

# दीप्ति टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गयी जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रही।

### सादिया ने गंवाए रेटिंग अंक

सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में सिर्फ़ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिये। पाकिस्तान महिला टीम इस श्रृंखला को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है।

### हरमनप्रीत कौर टॉप 10 के करीब पहुंचीं

टी20 अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं। कलात्मक खब्बू बल्लेबाज मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गयी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुँच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।

# सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 19 अगस्त से, चार विदेशी टीमों सहित 106 टीमें दिखाएंगी हुनर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चार अंतरराष्ट्रीय टीम सहित कुल 106 टीम 19 अगस्त से यहां शुरू हो रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन आयु वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयेजन जूनियर लड़कों (अंडर-17), जूनियर लड़कियों (अंडर-17) और सब जूनियर (अंडर-15) वर्ग में किया जाएगा।

वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसइटी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु के विभिन्न स्थलों पर 25 सितंबर तक किया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान तीनों आयु वर्ग में 200 से अधिक मुकाबले खेले जाएंगे।

### टूर्नामेंट से निकलेंगे प्रतिभावान खिलाड़ी : शिवकुमार

एयर मार्शल एस शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा इसमें श्रीलंका और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय टीम भाग लेंगी जो टूर्नामेंट की वैश्विक पहुंच और बढ़ते कद के बारे में बहुत कुछ कहता है। इंडियन टाइगर और टाइग्रेस' प्रतिभा खोज अभियान के हिस्से के रूप में टूर्नामेंट के दौरान जर्मनी में प्रशिक्षण के लिए सात खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### हम सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहे : दालिमा

भारतीय महिला फुटबॉलर दालिमा छिब्बर इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। दालिमा ने कहा, ''यहीं से 2011 में मेरी यात्रा शुरू हुई थी और मुझे इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। यहां बैठकर मेरे लिए जीवन का एक चक्र पूरा हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''हम एक सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

### ऐसा रहेगा टूर्नामेंट का शेड्यूल

टूर्नामेंट की शुरुआत जूनियर लड़कियों के वर्ग के साथ 19 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होगी जिसके बाद सब जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले दो सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होंगे। जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले 16 सितंबर से दिल्ली-एनसीआर में खेले जाएंगे।


## रोनाल्डो ने की जॉर्जिना से सगाई...



**वाशिंगटन।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी हीरे की अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल-नासर के लिए खेलते हैं।

### सितंबर तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहेंगे बिन्नी

**बेंगलुरु।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी पिछले महीने 70 बरस के हो गए लेकिन संसद में राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद 1983 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाला



यह दिग्गज कम से कम सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वार्षिक आम बैठक तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में काम करता रहेगा। अगर बीसीसीआई की राज्य इकाइयों के सदस्य सहमत होते हैं तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं जो अब राष्ट्रीय खेल महासंघों के पदाधिकारियों के लिए कट ऑफ आयु है। यह उन महासंघों के लिए है जिनकी वैश्विक संस्थाओं में आयु संबंधी कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद है।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार ये खिलाड़ी भी हुए नर्वस

# सचिन के नाम 90 से 99 रन के बीच सर्वाधिक 28 बार आउट होने का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 90 से 99 रन (नर्वस नाइंटीज) के बीच आउट होना किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे निराशाजनक पल होता है। जब शतक से बस कुछ कदम दूर पहुंचकर विकेट गंवाना पड़े तो ये चुभन सालों तक याद रहती है। क्रिकेट के इतिहास में कई दिग्गज ऐसे रहे हैं, जिन्होंने कई बार 90 से 99 रन के बीच पारी खत्म की। ऐसे में आइए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार इसका शिकार हुए खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं।



### सचिन तेंदुलकर (28 बार)

पहले स्थान पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने 664 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे और इस दौरान 28 बार 90 से 99 के स्कोर के बीच आउट हुए। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 782 पारियों में बल्लेबाजी की थी और 74 बार नाबाद रहे थे। इस दौरान उनके बल्ले से 34,357 रन निकले थे। उनकी औसत 48.52 की रही थी। उन्होंने 100 शतक और 164 अर्धशतक लगाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 248* रन रहा था।



### केन विलियमसन (15 बार)

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2010 में खेलने वाला यह खिलाड़ी 15 बार 90 से 99 रन के स्कोर के बीच पवेलियन लौटा है। विलियमसन ने 371 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और इसकी 441 पारियों में 48.56 की औसत से 19,086 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 48 शतक और 102 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 251 रन रहा है।

### द्रविड़ और डिविलियर्स (14-14 बार)

तीसरे स्थान पर 2 पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स और राहुल द्रविड़ हैं। दोनों अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 14-14 बार 90 से 99 के स्कोर के बीच आउट हुए थे। डिविलियर्स ने 420 मुकाबलों की 484 पारियों में 48.11 की औसत से 20,014 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 47 शतक और 109 अर्धशतक निकले। द्रविड़ ने 509 मैचों की 605 पारियों में 45.21 की औसत से 24,208 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 48 शतक और 146 अर्धशतक निकले थे।

### कैलिस और पोंटिंग (13-13 बार)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज जैक्स कैलिस और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिग इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। दोनों अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 13-13 बार 90 से 99 के स्कोर के बीच पवेलियन लौटे। कैलिस ने 519 मैचों की 617 पारियों में 49.10 की औसत से 25,534 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 62 शतक और 149 अर्धशतक निकले थे। पोंटिग ने 560 मैचों की 668 पारियों में 45.95 की औसत से 27,483 रन बनाए थे।

# पंजाब एफसी की राज्य लीग के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| मोहाली

इंडियन सुपर लीग की टीम पंजाब एफसी ने आगामी राज्य सुपर फुटबॉल लीग के लिए मंगलवार को 26 सदस्यीय रिजर्व टीम की घोषणा की, जिसमें नौ अंडर-19 खिलाड़ी शामिल हैं। पिछले सत्र की उपविजेता पंजाब एफसी शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में दलबीर एफए के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पंजाब एफसी में पंजाब के 16 खिलाड़ी हैं।

पंजाब के मुख्य कोच प्रवीण कुमार ने छह खिलाड़ियों को स्टैंडबाय पर भी रखा है। डूरंड कप के लिए सीनियर टीम में जगह बनाने वाले मानव सिंह को भी टीम में रखा गया है। प्रवीण ने एक विज्ञप्ति में कहा हमारे अधिकतर खिलाड़ियों को पिछले सत्र में पंजाब लीग में खेलने का अनुभव है। हमारी टीम संतुलित है और हमें पिछले सत्र से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

## हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

# तहसीलदारों की हड़ताल अवैधानिक घोषित की जाए

हरिभूमि जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर तहसीलदारों की हड़ताल को अवैधानिक घोषित किए जाने की मांग की गई है। इस सिलसिले में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला दिया गया है। जिनके अंतर्गत शासकीय कर्मियों को हड़ताल पर जाने का अधिकार नहीं है। उनके ऐसा करने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जनहित याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डा.पीजी नाजपांडे व समाजसेवी रजत भार्गव की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय पैरवी करेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि जनहित याचिका में तहसीलदारों की मांग को अवैधानिक निरूपित किया गया है। क्योंकि मप्र शासन ने न्यायिक व प्रशासनिक कार्य के लिए तहसीलदरों के दायित्व का विभाजन एकदम उपयुक्त किया है। ऐसा करने से दोनों तरह



के कार्य अपेक्षाकृत बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। इसके बावजूद तहसीलदारों का हड़ताल पर जाना सर्वथा अनुचित है। लिहाजा, उनकी हड़ताल अवैध घोषित कर हाईकोर्ट उन्हें कार्य पर वापस लौटने सख्त निर्देश जारी करे। पूर्व में भी इस तरह की हड़तालों के बाद सख्ती बरतते हुए जुर्माना लगाया जा चुका है।

### चीफ जस्टिस की बेंच उपलब्ध न होने से 14 अगस्त तक टला

## प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर नहीं हुई सुनवाई

**जबलपुर।** आरक्षण के आधार पर पदोन्नति देने के नियम को चुनौती देने के मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष यह मामला सुनवाई के लिए निर्धारित था। मंगलवार को खंडपीठ उपलब्ध न होने के चलते मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। अगली सुनवाई 14 अगस्त नियत की गई। इस मामले में विगत 7 जुलाई को हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने अंडरटेकिंग दी थी कि अगली सुनवाई तक उक्त पॉलिसी के तहत किसी को प्रमोशन नहीं दिए जाएंगे। भोपाल निवासी डॉ स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई थी कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद सरकार ने नियम बना दिए। मंगलवार को इस मामले में महाधिवक्ता कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उक्त याचिका की सुनवाई में शासन की ओर से पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सी.एस. वैद्यनाथन पक्ष रखेंगे।

## महंगा पड़ सकता है रील बनाने के लिए स्टंट

# उफनाती नहर में दंपति ने लगाई छलांग!

हरिभूमि जबलपुर।

सोशल मीडिया पर रील अपलोड करने और रातों रात मशहूर होने के चक्कर में लोग अपनी जान जोखिम में डाल रहे है। ऐसा ही एक जोखिम भरा वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक दंपत्ति आंलिगनबद्ध होकर उफनाती नहर में कूद रहे है और बाद में तैरते हुए बाहर आ जाते है। शुरुआती दौर में यह वीडियो लोगों का दिल बहला देता है और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दंपत्ति आत्मघाती कदम उठा रहा है लेकिन कुछ ही देर में तैरते हुए बाहर आने पर लोग राहत का अनुभव करते है। इस तरह के वीडियो बहुत ही खतरनाक साबित हो रहे है। कुछ लोग रील बनाने के चक्कर में नकल कर बैठते है और कभी कभी जान भी गवां देते है। ऐसे वीडियो की छानबीन करके पुलिस-प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ऐसा ही एक वीडियो तिलवाराघाट के पुराने पुल से बनाने के चक्कर में दो युवक अपनी जान गवां बैठे थे। जिसमें एक युवक छलांग लगाने तैयार था। छलांग लगाने वाला दूसरे से कह रहा था कि वीडियो ठीक आ रहा है... और देखते-देखते वह भी पानी में कूद गया था। वीडियो बनवाने वाला जब पानी में डूबने लगा था तो वीडियो बनाने वाला उसे बचाने के लिए कूदा और आखिर में दोनों डूब गए।

### हाईकोर्ट व जिला बार एसोसिएशन ने की मांग

## रद्दी चौकी से हाईकोर्ट होते हुए रेलवे स्टेशन तक फ्लाई ओवर बने

**जबलपुर।** हाईकोर्ट और जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर की ओर से मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर दीपक सक्सेना को सौंपा गया। इसके जरिए जबलपुर में रद्दी चौकी से हाईकोर्ट होते हुए रेलवे स्टेशन तक फ्लाई ओवर निर्माण की मांग रखी गई। ज्ञापन में जबलपुर के विकास में प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओवर की सौगात को लेकर शहर के 15000 अधिवक्ताओं की ओर से साधुवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही अवगत कराया गया कि जबलपुर के रद्दी चौकी से हाईकोर्ट, जिला न्यायालय जबलपुर, रेल्वे स्टेशन तक हर समय रास्ता जाम रहने से लाखों लोग रोजाना परेशान होते हैं। लिहाजा, जबलपुर शहर के विकास के लिए इस आवश्यक फ्लाई ओवर का निर्माण कराने की कृपा करें, इससे जबलपुर के विकास में गति मिलेगी और जबलपुर का शहरी स्वरूप भी विकसित होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य शामिल रहे।

### प्रेंग्नेंट होने पर खुला राज, मामला दर्ज

## भाई के साले ने नाबालिग से किया रेप

हरिभूमि जबलपुर।

शहपुरा थाना क्षेत्र में घर में रुके भाई के साले ने शराब के नशे में नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और फिर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद रक्षाबंधन के दिन उस दिन खुलासा हुआ, जब उसकी बुआ ने बढ़ा हुआ पेट देख कर पूछताछ की तो उसके बाद जो सच सामने आया उससे सबके होश उड़ गए और मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा। पुलिस ने दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया। आरोपी की तलाश की जा रही है। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 साल की एक नाबालिग किशोरी की मां का निधन हो चुका है और उसके पिता पेशे से ड्रायवर है और उसके पिता ने दूसरी शादी कर ली है। गत 17 फरवरी को वह सर्दी खांसी का इलाज कराने शहपुरा पहुंची थी और वहां से लौटकर अपनी बड़ी दादी के घर रुक गई थी उसी दिन घर में उसके भाई का साला शुभम चौधरी नशे में धुत होकर आया था रात में शराब के नशे में उसने जबरदस्ती दुष्कर्म किया और सुबह यह धमकी देकर गया कि किसी को बताया तो जान से खत्म कर देंगे। डरी-सहमी नाबालिग ने यह राज किसी को नहीं बताया, लेकिन रक्षाबंधन के दिन बुआ ने उसका बढ़ा हुआ पेट देखा, संदेह होने पर दबाव देकर पूछताछ की। तब जाकर पीड़िता ने पूरी घटना अपनी तीनों बुआ को बताई। इसके बाद परिवार ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। शहपुरा पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मामला अत्यंत संवेदनशील है, और मेडिकल जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
पुलिस ने धारा 64(1), 351(2) बीएनएस और 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी शुभम चौधरी फरार है।

### माता पिता के सामने फिल्मी स्टाईल में कार सवारों ने की वारदात

## उखरी पुलिस चौकी के पास युवती का अपहरण

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत उखरी पुलिस चौकी के आगे रविवार की रात अपने माता पिता के साथ बाजार से लौट रही 19 वर्षीय का फिल्मी स्टाईल में एक कार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया। माता पिता उसे बचा पाते उसके पहले ही आरोपी ने युवती का हाथ खींचकर कार में बैठा लिया और फरार हो गया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उखरी निवासी 19 वर्षीय युवती कल रात 10 बजे अपने माता पिता के साथ सब्जी खरीदकर घर लौट रही थी। युवती आगे आगे चल रही थी और पीछे पीछे उसके माता पिता चल रहे थे। उसी दौरान रात लगभग 10 बजे उखरी चौकी के थोड़ी आगे एक कार आकर रुकी और उसमें सवार एक युवक ने युवती का हाथ पकड़कर खींचा और उसे कार में बैठा लिया। उसके माता पिता घबरा गए, चीख पुकार मचाई लेकिन तब तक कार तेजी से आगे बढ़ गई थी। घबराहट में परिजन कार का नंबर भी नहीं देख पाए। फिलहाल पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही के फुटेज खंगाले जा रहे है। आरोपियों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

### अधिकतम 120 किमी प्रति घंटा की गति से सीआरएस ने किया ट्रायल रन

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया कटनी अप ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट का निरीक्षण

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल में न्यू रेललाईन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण जैसे विभिन्न अधोसंरचना के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निरंतर प्रयास जारी है। इसी कड़ी में अधोसरंचनात्मक रेल परियोजनाओं को महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के सतत निगरानी में तेज गति के साथ किया जा रहा है। जिसके चलते कटनी ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट के अंतर्गत नवनिर्मित अप ग्रेड सेपरेट पर स्थित रेलखण्ड कटंगी खुर्द से न्यू मझगवां फाटक के मध्य कमीशनिंग के उद्देश्य से मध्य वृत (मुंबई) के रेल संरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा द्वारा दो दिवसीय 11 एवं 12 अगस्त को सघन निरीक्षण किया गया।

सोमवार 11 अगस्त को नवनिर्मित कटंगी खुर्द से न्यू मझगवां फाटक तक 15.85 किमी लम्बे अप ग्रेड सेपरेटर का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान पॉइंट की हाउसिंग एवं टंग रेल, ब्रिज लेआउट की ड्राइंग, गर्डर एवं ब्रिज और रेलवे मानक मापदण्ड पर आधारित स्पान का अवलोकन, ब्रिज के बेरिंग, प्लेट, चैनल स्लीपर, बालस्ट, स्लीपर, ग्लूड जॉइंट, ट्रॉली घर, कुशन, इंप्रूव्ड एसईजे, ओएचई लाइन, चेयरप्लेट, कर्ब (गोलाई), लेवल क्रॉसिंग एवं पॉइंट इत्यादि का गहनता से परीक्षण किया। इसी प्रकार दूसरे दिन मंगलवार को संरक्षा की दृष्टि से नवनिर्मित अप ग्रेड सेपरेटर पर रेल संरक्षा आयुक्त ने कटंगी खुर्द से न्यू मझगवां फाटक तक पुरे सेक्शन में अधिकतम 120 किमी/घंटा की गति से सफल स्पीड ट्रायल किया।

इस निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाश्मी एवं निर्माण विभाग और अन्य संरक्षा संबंधी विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ जबलपुर मंडल से मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा एवं वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, सीनियर डीईई (टीआरडी) के साथ इरकॉन के अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### परियोजना से रेलवे को कई फायदे होंगे

बीना-कटनी के रेलखण्ड में फ्रेट ट्रेन के परिचालन में वृद्धि के साथ गति प्रदान करेगा। कटनी, न्यू कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा जैसे अतिव्यस्त क्षेत्र से रेलखण्ड का बायपास होगा। माल यातायात में वृद्धि होने से फ्रेट ट्रेनों के समय मे बचत होगी साथ ही आवागमन में आसानी होगी।

### पमरे के रेल राजस्व में भी वृद्धि होगी

इस नवनिर्मित अप ग्रेड सेपरेटर से बीना से न्यू कटनी जंक्शन के विभिन्न स्टेशनों के बीच सीधी और निर्बाध रेल कनेक्टिविटी संभव होगी। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि माल परिवहन में भी दक्षता आएगी।

## दिनभर छाए रहे बादलों के बीच शाम को हल्की बारिश

# धूप, बारिश और उमस का कॉकटेल

**जबलपुर।** मंगलवार को बादलों के बीच कभी धूप कभी बारिश का कॉकटेल चलता रहा लिहाजा उमसभरी गर्मी भी बनी रही सुबह बूंदाबांदी हुई दोपहर को मौसम खुल गया, इसी बीच शाम को फिर बारिश होने लगी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक जबलपुर में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 89 प्रतिशत और सायंकाल 80 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.46 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.44 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा



774.03 मिमी (लगभग 30 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी और कुल वर्षा 922.09 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 31.06 डग्री और न्यूनतम तापमान 24.02 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तर पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत रेलवे क्वाटर बजरंग कालोनी सिविल लाईन में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे क्वाटर बजरंग कालोनी सिविल लाईन निवासी 20 वर्षीय रोहित कश्यप ने मंगलवार को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




## रेलवे कार्यालय अधीक्षक के गले से जीआरपी थाने के सामने चेन लूटी

**जबलपुर।** शहर में लूट की वारदातें फिर बढ़ रही है। पिछले एक पखवाड़े के दौरान 7 से 8 वारदातें हो गई। दिन दहाड़े फिर जीआरपी थाने के सामने पमरे जीएम आफिस की अधीक्षक के गले से स्कूटी सवार तीन अज्ञात लड़के सोने की चेन लूटकर भाग गए। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एमआईजी 10 श्री परिसर थाना संजीवनी नगर निवासी 50 वर्षीय जीएम ऑफिस रेलवे हेड क्वार्टर में कार्यालय में पदस्थ अधीक्षक श्रीमति शशि प्रभा चौबे गत दिवस अपनी साथी मिनी तिवारी के साथ रिलायंस फ्रेस से लौटकर अपने ऑफिस की तरफ जा रही थी। दोपहर 2.50 से 3.15 बजे के बीच जैसे ही जीआरपी थाने के सामने पहुंची, तभी सामने से एक स्कूटी में 18 से 25 वर्ष के तीन अज्ञात लड़के आए और उसके बाजू में आकर गाड़ी रोकी और स्कूटी मे पीछे बैठे लड़के ने उसके गले कि चैन पकड़ी और उसे धक्का दे दिया जिससे उसके गले मे पहने सोने की चैन टूटकर उसके हाथ में आ गयी, वह चिल्लाई तो तीनों लड़के उसकी चेन वजन लगभग 2 तोले की लूटकर लहराते हुए रिलायंस फ्रैस कि तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(4) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240